# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



11 रोहित टॉप पर बरकरार दूसरे स्थान पर कोहली



व्यापार

05 स्थानीय थोक बाजार हुनमानगंज...



haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 11 दिसंबर 2025


केंद्रीय सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त 8 सूचना आयुक्त और एक सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति पर विस्तार से चर्चा

# पीएम मोदी व अमित शाह के साथ पीएमओ में राहुल गांधी की 88 मिनट तक हुई बैठक

## राहुल गांधी ने सभी नियुक्तियों पर लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कराई

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

प्रधानमंत्री कार्यालय का एक कमरा और 88 मिनट तक राहुल गांधी के साथ पीएम मोदी और अमित शाह की बैठक। संसद में वंदे मातरम और चुनाव सुधार पर चल रही चर्चा के बीच बुधवार को कांग्रेस नेता के साथ हुई यह बैठक चर्चा के केंद्र में बनी हुई है। इस बैठक में भाग लेने के लिए राहुल गांधी बुधवार को दोपहर में प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचे थे। बैठक बुधवार दोपहर एक बजकर 7 मिनट से हुई थी, जो करीब ढाई बजे समाप्त हुई। यह बैठक करीब 88 मिनट तक चली। बैठक में मुख्य सूचना आयुक्त, 8 सूचना आयुक्त और एक सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। राहुल गांधी ने सभी नियुक्तियों पर लिखित रूप में आपत्ति दर्ज कराई।



### सीआईसी के पास 30,838 मामले लंबित

सूचना के अधिकार अधिनियम की धारा 12 (3) के तहत, प्रधानमंत्री समिति के अध्यक्ष होते हैं, जिसमें विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री भी शामिल होते हैं, जो मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए नामों का चयन और सिफारिश करती है। आरटीआई कानून के अनुसार सीआईसी में एक मुख्य सूचना आयुक्त और 10 सूचना आयुक्त होते हैं, जो आरटीआई आवेदकों द्वारा उनके आवेदनों पर सरकारी अधिकारियों के असंतोषजनक आदेशों पर दायर शिकायतों और अपीलों पर निर्णय करते हैं। सीआईसी की वेबसाइट के अनुसार उसके पास 30,838 मामले लंबित हैं। उसके पास केवल दो सूचना आयुक्त आनंदी रामलिंगम और विनोद कुमार तिवारी बचे हैं और आठ पद खाली हैं।

### केंद्रीय सूचना आयोग में अभी 8 पद खाली

यह बैठक देश के नए मुख्य सूचना आयुक्त के चयन को लेकर हुई। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) में मुख्य सूचना आयुक्त सहित अभी 8 पद खाली हैं। कुछ महीनों पहले तक हीरालाल सामरिया भारत के मुख्य सूचना आयुक्त थे, लेकिन 13 सितंबर, 2025 को सामरिया के रिटायर होने के बाद से मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली है। इससे पहले जब भी इन नियुक्तियों को लेकर बैठक हुई है तो विपक्ष का नेता होने के नाते चाहे खरगे हो या राहुल, उन्होंने अपनी आपत्तियां दी हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सावरकर के नाम वाला सम्मान नहीं लूंगाः थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने वीर सावरकर पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया है। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान थरूर ने कहा कि वे पुरस्कार समारोह में नहीं जाएंगे। थरूर ने साफ किया कि वह वी.डी. सावरकर के नाम पर दिया जाने वाला कोई भी पुरस्कार स्वीकार नहीं करेंगे और न ही इससे जुड़े किसी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### परियोजना अधिकारी को रिश्वत लेते पकड़ा



**देवास।** लोकायुक्त ने महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रामप्रवेश तिवारी को 5 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा। अधिकारी द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवाएं बढ़ाने के बदले 2 महीने की सैलरी मांगी थी। दो किस्तों में रुपए देने की बात तय हुई। ऑपरेटर प्रितेश तंवर ने उज्जैन में शिकायत कर दी।

### पहली बार आयोजित होगी संयुक्त राष्ट्रीय मुक्केबाजी



**नई दिल्ली।** भारत में पहली बार शीर्ष पुरुष और महिला मुक्केबाजों के लिए राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन एक साथ होने जा रहा है। दोनों वर्गों के लिए 'राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप' का आयोजन ग्रेटर नोएडा की गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में 31 दिसंबर, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक होगा। इस तरह का आयोजन पहली बार है।

**बड़ी उपलब्धि :** यह निर्णय दिल्ली के लाल किले में आयोजित यूनेस्को की बैठक में लिया गया

# यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सूची में दीपावली भी...अब तक 16 विरासतें शामिल

### पीएम मोदी बोले- यह हमारी सभ्यता की आत्मा



एजेंसी ⏭नई दिल्ली

अंधकार पर प्रकाश की विजय के पर्व दीपावली को बुधवार को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया। यह निर्णय यूनेस्को की एक अहम बैठक के दौरान लिया गया। बैठक दिल्ली के लाल किले में आयोजित की गई थी।

इस फैसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दीपावली हमारी सभ्यता की आत्मा है और देश-विदेश में हर देशवासी इस फैसले से उत्साहित है। यह पहली बार है जब भारत इसकी अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा है। यह समिति अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा के लिए कार्य करती है। इस समिति का 20वां सत्र आठ दिसंबर से 13 दिसंबर ⏩शेष पेज 4 पर

जब यूनेस्को ने घोषणा की कि दीपावली को यूनेस्को के त्योहारों की सूची में शामिल कर दिया गया है, तब वहां मौजूद लोग 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाने लगे

**यह पहली बार है जब भारत इसकी अंतरसरकारी समिति के सत्र की मेजबानी कर रहा**

**इस समिति का 20वां सत्र 8 दिसंबर से 13 दिसंबर तक लाल किले में चल रहा**




यूनेस्को भवन

**भारत की पहले से शामिल 15 प्रमुख विश्व धरोहर-परंपराएं**

- कुंभ मेला
- रामलीला परंपरा
- योग
- नवरोज त्योहार
- कुदियाट्टम
- कालबेलिया नृत्य (राजस्थान)
- चौह नृत्य
- बौद्ध चैत्य नृत्य
- वैद्यकीय परंपराएं (आयुर्वेदिक ज्ञान)
- रंजीतगढ़ ढोल कल्चर
- गरबा (गुजरात)
- सांइत (लोक नाट्य परंपरा)
- मुदियेट्टू (केरल)
- छऊ मुखोटा कला
- दुर्गा पूजा उत्सव (कोलकाता)

### पीएम मोदी ने कहा

**इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी**



यूनेस्को के निर्णय पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दीपावली हमारी संस्कृति और लोकाचार से बहुत गहराई से जुड़ी हुई है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह प्रकाश और धार्मिकता का प्रतीक है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में दीपावली के शामिल होने से इस त्यौहार की वैश्विक लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें अनंत काल तक मार्गदर्शन करते रहें। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह इस त्यौहार के अपार सांस्कृतिक, धार्मिक और ⏩शेष पेज 4 पर

### दिवाली विश्व धरोहर की सूची में क्यों?

दिवाली एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुल है। यह त्योहार धर्म से आगे बढ़कर जीवन के उस पक्ष को दर्शाता है जहां अंधकार पर प्रकाश, नकारात्मकता पर सकारात्मकता और अव्यवस्था पर आशा की जीत होती है। दिवाली सामाजिक एकता का प्रतीक है। हर प्रदेश में यह त्योहार अलग अंदाज़ में मनाया जाता है। कहीं ये दीपावली तो कहीं दीपोत्सव, काली पूजा से लेकर बालिप्रतिपदा और गोवर्धन पूजा तक दिवाली के अनेकों रूप हैं फिर भी भावना एक ही है। यह आर्थिक-सांस्कृतिक जीवन का उत्सव है। पारंपरिक कारीगर, मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हार, बुनकर, मिठाई कारीगर, और कलाकार आदि दिवाली से जीविका पाते हैं। यह त्योहार भारत की लोक-कलाओं, पारंपरिक बाजारों और पारिवारिक मूल्यों का प्रतीक है। इसके पीछे भारतीय प्रवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। दुनिया भर में रहने वाले भारतीयों ने दिवाली को वैश्विक ⏩शेष पेज 4 पर

नक्सल विरोधी अभियान से लौट रही थी टीम

# पुलिस वैन-कंटेनर की भिड़ंत चार जवानों की मौत, 1 गंभीर

जेसीबी से वैन की बॉडी काटकर निकाले शव



हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭सागर

नेशनल हाईवे-44 पर बांदरी के पास बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार कंटेनर और पुलिस के बीडीडीएस वाहन में आमने-सामने की टक्कर हो गई।

इस दुर्घटना में पुलिस वाहन में सवार 4 जवानों की मौत हो गई, जबकि एक जवान गंभीर रूप से घायल है। यह टीम बालाघाट में ड्यूटी पूरी कर मुरैना लौट रही थी। टीम में शामिल का डॉग सुरक्षित है। हादसे पर सीएम डॉ. मोहन यादव और डीजीपी सहित जन प्रतिनिधियों ने दुख ⏩शेष पेज 4 पर

### आरक्षक को इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। सीएम ने कहा कि हादसे में दिवंगत पुलिसकर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। घायल आरक्षक राजीव चौहान को एयरलिफ्ट कर दिल्ली भेजा गया।

ढाना हवाई पट्टी पर ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रेश

# लैंडिंग के वक्त बिगड़ गया संतुलन, पायलट सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭सागर

- एयरक्राफ्ट की नोज जमीन से आ टकराई

सागर जिले की ढाना हवाई पट्टी पर चाएम्स एविशियशन का ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। लैंडिंग के वक्त अनियंत्रित होने के बाद एयरक्राफ्ट की नोज जमीन से आ टकराई। हवाई पट्टी पर मौजूद कर्मचारी तुरंत दौड़े। पायलट को बाहर निकाला। एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। पायलट खतरे से बाहर है। हादसा बुधवार को हुआ। चाइम्स एविएशन एकेडमी के इस एयरक्राफ्ट को ट्रेनी पायलट उड़ा रहे थे। चाइम्स एविएशन एकेडमी के कर्मचारियों ⏩शेष पेज 4 पर



ढाना हवाई पट्टी

**10वीं के लिए** सख्त नियम लागू

# उत्तर तय सेक्शन में लिखने होंगे पुनर्मूल्यांकन में सुधार नहीं होगा

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

- विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों पर निर्देश

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 2026 में होने वाली कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों के लिए निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश खास तौर पर विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा के लिए हैं। 10वीं परीक्षा में बैठने वाले छात्र परीक्षा के दिशा-निर्देश सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। परीक्षा 17 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएगी। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान के उत्तर तीन खंडों (जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान) और ⏩शेष पेज 4 पर



# केंद्रीय मंत्री सिंधिया पहुंचे डॉ. हिमांशु के घर



डॉ. हिमांशु की मां को ढाढस बंधाते केंद्रीय मंत्री सिंधिया

### पिता के निधन पर शोक जताया

**ग्वालियर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया बुधवार शाम को हरिभूमि-आईएनएच-जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के घर पहुंचे और उनके पिता पं. कीर्ति नारायण द्विवेदी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पं. द्विवेदी के निधन पर शोक व्यक्त ⏩शेष पेज 4 पर

## आज भी एक दर्जन जिलों में शीतलहर का अलर्ट


शहडोल के कल्याणपुर में सबसे कम पारा तीन डिग्री रहा

# ऐसी सर्दी...शहडोल में फसलों पर ओस जमी भोपाल में पारा 6.8 डिग्री, कोल्ड वेव जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सर्दी जोरों पर है। बुधवार को भोपाल सहित कई जिलों में लगातार कोल्ड वेव का असर रहा। शहडोल के कल्याणपुर में सबसे कम पारा 3 डिग्री रहा।

यहां फसलों पर ओस जम गई। उमरिया 4.9, राजगढ़ और हिल स्टेशन पचमढ़ी 5.2, इंदौर 5.4 डिग्री के साथ ही शाजापुर के गिरवर में रात का पारा 5.5 डिग्री रहा। गुरुवार को भी भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, इंदौर, शाजापुर जिलों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश के आधा दर्जन से अधिक जिलों में अगले 2 दिन कोल्ड वेव का अलर्ट है। मौसम केंद्र के अनुसार भोपाल सहित एक दर्जन जिलों में अभी कड़ाके की सर्दी से राहत के आसार नहीं है। इंदौर में 5.4 डिग्री पहुंच गया तो भोपाल में 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर में 9.3 डिग्री, उज्जैन में 8.7 डिग्री और जबलपुर में 9.1 डिग्री रहा। इन शहरों में तेज सर्दी का दौर रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है। यह 222 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से बह रही है। इसी के चलते मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ी है।



फसलों पर जमी ओस की बूंदें

### दो दिन यहां ज्यादा रहेगी सर्दी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अगले दो दिन प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी जिलों में ठंडक तेज होगी। ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। यहां बर्फीली हवाओं का असर अधिक रहेगा। भोपाल संभाग के सीहोर-विदिशा में तेज ठंड का जोर रहेगा। सागर संभाग के निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़-पन्ना, रीवा संभाग के मऊगंज, सीधी-सिंगरौली में भी कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। वहीं, जबलपुर संभाग के मंडला-डिंडौरी, इंदौर संभाग के इंदौर, धार और झाबुआ में कड़ाके की ठंड रहेगी। इन जिलों में उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं का असर अधिक रहेगा।




# इंजीनियर और कांट्रेक्टर की लापरवाही ने दर्जनों परिवारों की बढ़ाई मुश्किलें...


रोड से करीब एक फीट नीचे हो गया घर। बनानी पड़ी सीढ़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

ग्वालियर के गोला का मंदिर स्थित प्रगति विहार कॉलोनी में नगर निगम के ही जिम्मेदार अधिकारियों और इंजीनियरों की लापरवाही ने सैंकडों परिवारों को मुश्किल में डाल दिया है। कांट्रेक्टर ने पुरानी सीसी रोड को खोदे बिना ही नई सीसी रोड बना दी। इसके चलते मकान नीचे हो गए और रोड ऊंची हो गई। अब लोगों को बारिश में जलभराव होने की चिंता सता रही है, जबकि जिम्मेदारों का कहना है कि प्रगति नगर कॉलोनी तो सडक पैदल चलने लायक नहीं थी। लोगों ने कहीं रोड खोदने दी और कहीं नहीं। ऐसे में हम क्या करते। हमने अपने हिसाब से बना दी।

रहवासियों के अनुसार प्रगति बिहार कॉलोनी, गोला का मंदिर में सीसी रोड का काम जिस ठेकेदार ने किया उसने टेंडर की सभी शर्तों का उल्लंघन किया एवं पुरानी रोड उखाड़कर फिर नई सीसी रोड बनाने के बजाए पुरानी रोड के ऊपर ही सीसी रोड बना दी। लोगों का आरोप है कि जोनल अधिकारी और एक्जीक्यूटिव इंजीनियर की लापरवाही से कॉलोनी के मकान नीचे हो गए हैं। अब आगे बरसात में पूरी कॉलोनी में जल भराव होगा। मामले की शिकायत नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय को भी की गई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि रोड के काम टेंडर की शर्तों के अनुसार हुए हैं कि नहीं इसकी जांच कराई जाए और कांट्रेक्टर का पेमेंट रोका जाए। इस लापरवाही पर कार्रवाई होना चाहिए और रोड खोदकर दोबारा बनाई जाए।

**रोड ऊंची बना दी, मकान हो गए नीचे, बारिश में घरों में होगा जलभराव, लोग परेशान**

**जिम्मेदारों का तर्क- कुछ लोगों के आपसी झगड़े हैं, कोई रोड खोदने दे रहा था तो कोई नहीं, ऐसे में हम क्या करते?**


घर के गेट के ऊंची बनी रोड।

### कुछ शिकायतें मिली हैं, उचित कार्रवाई करेंगे

जोनल अधिकारी विपिन दुबे का कहना है कि कॉलोनी में सीवेज लाइन नहीं थी। सडक के नाम पर गड्ढे और धूल थी। रोड खोदकर नियमानुसार ही निर्माण हुआ है। यह बात सही है कि कुछ मकान रोड से नीचे हो गए हैं। इसे लेकर लोगों की शिकायतें मिली हैं। इस पर जरूर कार्रवाई करेंगे।

### कॉलोनी में लोगों के आपसी झगड़ेः अहिरवार

नगर निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सुरशे अहिरवार का कहना है कि कॉलोनी में लोगों के आपसी झगड़े हैं। किसी ने रोड खोदने दी तो किसी न नहीं। ऐसे में हम क्या करते। हमने अपनी हिसाब से रोड बना दी।


रोड बनने से घर हो गए नीचे।

### उत्तराखंड के तीन महापौर, एक आयुक्त सहित कई अफसर भोपाल पहुंचे

# भोपाल नगर निगम के कचरा प्रबंधन सस्टेनेबल मॉडल को अपनाएंगे उत्तराखंड के नगरीय निकाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उत्तराखंड के नगरीय निकाय भोपाल नगर निगम के कचरा प्रबंधन सस्टेनेबल मॉडल को अपनाएंगे और अपने प्रदेश में लागू करेंगे। यह बात बुधवार को आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय के सभाकक्ष में उत्तराखंड नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों ने महापौर मालती राय और निगम आयुक्त संस्कृति जैन से मुलाकात के दौरान कही। नगर निगम भोपाल द्वारा शहर से निकलने वाले कचरे के बेहतर प्रबंधन के क्रियान्वयन सस्टेनेबल मॉडल की उत्तराखंड के विभिन्न निकायों के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सराहना की व उत्तराखंड के शहरों में इसे अपनाने को कहा।

उत्तराखंड के प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल में की जा रही स्वच्छता की गतिविधियों एवं कचरा प्रबंधन संबंधी कार्यों का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन देखा और कचरा प्रबंधन रिसाइकल हब व कचरा कैफे आदि के संबंध में चर्चा भी की और इनकी कार्य पद्धति को भी समझा। इस दौरान महापौर माललीं राय ने प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया, जबकि उत्तराखंड प्रतिनिधि मंडल ने भी महापौर मालती राय और निगम आयुक्त संस्कृति जैन को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

**महापौर व निगम आयुक्त से उत्तराखंड के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने की मुलाकात**

**भोपाल में की जा रही स्वच्छता की गतिविधियों एवं कचरा प्रबंधन संबंधी कामों का पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन देखा**


उत्तराखंड का प्रतिनिधि मंडल महापौर मालती राय को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

### निगम के कई प्लांट भी देखे

प्रतिनिधिमंडल ने स्वच्छता की गतिविधियों एवं कचरा प्रबंधन तथा नवाचारों से संबंधित पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कचरा प्रबंधन के साथ ही नारियल, थर्माकोल, कपड़ा आदि के रिसाइकलिंग प्लांटों की कार्य पद्धति व कचरा कैफे के कार्यों की जानकारी दी और रिसाइकल कर बनाए गए कपड़े के थैलों आदि को भी दिखाया। निगम आयुक्त ने मप्र और भोपाल में कचरा प्रबंधन के लिए किए गए प्रयोगों और नवाचारों की जानकारी देते हुए कहा कि नगर निगमों और छोटे निकायों में कचरे का पृथक्कीकरण भी सुनिश्चित किया जाए।

### उत्तराखंड के प्रतिनिधि मंडल में ये रहे शामिल

उत्तराखंड के प्रतिनिधि मंडल में ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान, हरिद्वार की महापौर किरन, काशीपुर के महापौर दीपक बाली, पोणी नगर पालिका की अध्यक्ष हिमानी नेगी, डीडी हाट के अध्यक्ष गिरीश चुफाल, लोहाघाट के अध्यक्ष गोविंद वर्मा, चंपावल की अध्यक्ष प्रेमा पांडे, तपोवन नगर पंचायत की अध्यक्ष विनिता देवी, रूद्रपुर नगर निगम की आयुक्त शिप्रा जोशी, शहरी विकास निदेशालय के मुख्य प्रशासकीय अधिकारी कालिका प्रसाद, स्वच्छ भारत मिशन के स्टेट मिशन मैनेजर मनोज पांडे, तपोवन नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी अंजली, प्रभारी अधिशासी अधिकारी भवाली नगर पालिका सुधीर कुमार, देवप्रयाग के अधिशासी अधिकारी राहुल सिंह, केदारनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नीरज कुमार, गंगोली हाट नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी मीनाक्षी बरदौला, नगर निगम पिथौलागढ़ के सहायक आयुक्त राजदेव जायसी, नगर पालिका रानीखेत की अधिशासी अधिकारी दीपा परिहार, चंगीबाला नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मानवेन्द्र सिंह रावत व नगर पंचायत सतपुली की अधिशासी अधिकारी पूनम शामिल हैं।

## महापौर ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने बुधवार को अर्बन प्रधान इनक्लेव के पास नवीन विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन किया। उक्त क्षेत्र में अर्बन प्रधान इनक्लेव दानापानी रोड पर लगभग 3 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य होना हैं। इस अवसर पर महापौर परिषद की सदस्या सुषमा बाबीसा सहित बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद थे।


नवीन विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन करतीं महापौर।

### महापौर मालती राय ने प्रस्तावित विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

## नीलबड़ में विसर्जन घाट निर्माण के लिए वर्क प्लान जल्द करें तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने बुधवार को नीलबड़ में प्रस्तावित विसर्जन घाट निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों को निर्देश दिए कि सर्वसुविधायुक्त विसर्जन घाट निर्माण के लिए वर्क प्लॉन जल्द तैयार करके दें ताकि आगे की कार्रवाई तेजी से की जा सके। उन्होंने विसर्जन घाट निर्माण के संबंध में अधिकारियों से जानकारी हासिल की और स्थानीय रहवासियों से भी चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिमाओं के सुगमतापूर्वक विसर्जन एवं श्रद्धालुजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना शीघ्रता से तैयार कर प्रस्तुत करें।


विसर्जन घाट निर्माण स्थल पर चर्चा करतीं महापौर राय।


मुंबई की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदिता सेंटर का उद्घाटन करते हुए।

### डॉ. नंदिता ने किया सेंटर का उद्घाटन

## अब एसएमएच आईवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर बनाएगा पेरेंट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सागर मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल (एसएमएच) आईवीएफ एवं फर्टिलिटी सेंटर की स्थापना पेरेंट्स बनने के सपने को पूरा करने के मिशन के साथ की गई है। एसएमएच आईवीएफ एवं फर्टिलिटी सेंटर परिवारों को उनके पेरेंट्स बनने के सपने को साकार करने में मदद करेगा। यह बात बुधवार को आईवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर का उद्घाटन करते हुए डॉ. नंदिता पालशेतकर ने कही।

डॉ. नंदिता पालशेतकर आईवीएफ पायनियर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, आईवीएफ यूनिट लीलावती अस्पताल मुंबई, पुरस्कार विजेता आईवीएफ विशेषज्ञ है। डॉ. नंदिता ने कहा कि एसएमएच आईवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर ध्यानपूर्वक विकसित किया गया है, जो प्रजन्न स्वास्थ्य सेवा के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करता है। उद्घाटन अवसर पर एसएमएच आईवीएफ एवं फर्टिलिटी सेंटर की हेड डॉ. पूर्णिमा तिवारी ने बताया कि एसएमएच ने अत्याधुनिक सहायक प्रजनन टेक्नोलॉजी (एआरटी) केंद्र में निवेश करके उपचार मॉडल को एकीकृत किया है, जिसमें विश्व स्तरीय भ्रूणविज्ञान प्रयोगशाला शामिल है। सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर एसएमएच के सीनियर कंसलटेंट डॉ. सपना बजाज जैन, डॉ. अनुभूति जैन और कंसलटेंटट डॉ. शिवानी बादल आचार्य, एसएमएच के सीईओ डॉ. अतुल अदानिया और डायरेक्टर डॉ. आदित्य अग्रवाल उपस्थित रहे।

### निःसंतान दंपतियों का भरोसा

डॉ. पूर्णिमा तिवारी ने कहा कि एसएमएच आईवीएफ एवं फर्टिलिटी सेंटर में सबसे उन्नत प्रजनन तकनीकों के साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम है। एसएमएच आईबीएफ एवं फर्टिलिटी सेंटर का शुभारंभ निःसंतान दंपतियों के लिए आशा और खुशी लाने का एक भरोसा है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से हर कदम पर उन्हें सशक्त बनाएंगा।

### जिला स्वास्थ्य समिति एवं टास्क फोर्स की बैठक

## बैरसिया में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का रिकॉर्ड अधूरा, बीएमओ को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का रिकॉर्ड मेंटेन किया जाए, जिससे उन्हें आपातकाल में इलाज मुहैया कराया जा सके। बैरसिया क्षेत्र में इन महिलाओं के रिकॉर्ड को जुटाने में लापरवाही बरती जा रही है। इसमें सुधार किया जाना चाहिए। यह बात बुधवार को जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने जिला स्वास्थ्य समिति और टॉस्क फोर्स की बैठक में कही।

### सुविधाओं की नियमित मॉनीटरिंग हों

इला ने सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा को हिदायत देते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की नियमित मॉनीटरिंग की जाए, जिससे लोगों को अच्छा इलाज उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में हाई रिस्क गर्भवती के चिन्हांकन और प्रबंधन सहित विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

## आयुष मेडिकल कॉलेजों में अब 20 तक होंगे प्रवेश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी आयुष मेडिकल कॉलेजों में 20 दिसंबर तक प्रवेश हो सकेंगे।
एनसीआईएसएम के सेक्रेटरी सच्चिदानंद प्रसाद ने सत्र 2025-26 में स्नातक यूजी में कट ऑफ डेट 10 दिसंबर से बढ़ाकर 20 दिसंबर कर दी है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि मप्र, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार समेत देशभर के 900 से ज्यादा आयुष कॉलेजों में आयुष यूजी की सात हजार से ज्यादा सीटें खाली हैं।

## प्रदेश में रेयर अर्थ मिनरल की खोज हुई तेज आइसर ने शुरू किया खनिज परीक्षण

**आइसर के वैज्ञानिक इन नमूनों का उच्च स्तरीय प्रयोगशाला में करेंगे विश्लेषण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में रेयर अर्थ मिनरल्स और दूसरे महत्वपूर्ण खनिजों के वैज्ञानिक अन्वेषण तेज हो गई है। इसके लिए खनिज संसाधन विभाग और भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) के बीच कटनी में आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव के दौरान हुए एमओयू का क्रियान्वयन शुरू हो गया है। पहले चरण में कटनी और जबलपुर जिलों से प्राप्त खनिज नमूने आईआईएसईआरके वैज्ञानिकों को सौंपे गए हैं। प्रमुख सचिव खनिज संसाधन उमाकांत उमराव और डीजीएम फ्रेंक नोबल ए. ने आइसर टीम को कटनी और जबलपुर जिलों के खदानों से संभावित रेयर अर्थ मिनरल्स के नमूने उपलब्ध कराए हैं। आइसर के वैज्ञानिक इन नमूनों का उच्च स्तरीय प्रयोगशाला में विश्लेषण करेंगे। प्रथम चरण में विश्लेषण महाकौशल क्षेत्र में उपलब्ध रेयर अर्थ मिनरल्स और स्वर्ण की संभावनाओं पर केंद्रित रहेगा।

### अन्य जिलों में होगी खोज

आइसर के साथ यह सहयोग राज्य की वैज्ञानिक अन्वेषण क्षमता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे राज्य को उच्च गुणवत्ता वाले भू-वैज्ञानिक आंकड़े प्राप्त होंगे, आगामी अन्वेषण कार्यक्रमों को दिशा मिलेगी तथा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खनिजों के नए भंडार चिन्हित करने में सहायता मिलेगी। अगले चरणों में अन्य जिलों से प्राप्त खनिज नमूने भी परीक्षण के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

### नगरीय प्रशासन ने जारी किए आदेश

## जल आवर्धन योजनाः अनियमितता पर दो अधिकारियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नगरीय निकायों में जल आवर्धन योजना में पाइप लाइन बिछाने के कार्य में पाई गई अनियमितताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की है। नगरीय विकास आयुक्त ने विभागीय जांच के आधार पर 2 पूर्व अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं।

जांच अधिकारी की रिपोर्ट तथा विभाग के प्रमुख अभियंता के अभिमत के आधार पर नीमच जिले की रामपुरा नगर परिषद के तत्कालीन प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी लीलाकृष्ण सोलंकी और तत्कालीन उपयंत्री ओपी परमार के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। इस प्रकरण से जुड़े हुए लीलाकृष्ण सोलंकी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनके विरुद्ध 2 वर्ष तक पेंशन पर महंगाई राहत की 5 प्रतिशत राशि रोके जाने का निर्णय लिया गया है। जांच में दोषी पाए गए दूसरे अधिकारी ओपी परमार जुलाई-2025 में सेवानिवृत्त हुए हैं।

उनकी सेवा अवधि के दौरान आर्थिक क्षति की राशि 9 लाख 25 हजार 385 रुपए उनकी सेवानिवृत्ति लाभों से वसूल कर नगर परिषद रामपुर में जमा कराई जाएगी। इसी के साथ उनकी पेंशन पर देय महंगाई राहत की 10 प्रतिशत राशि आगामी 2 वर्ष तक स्थगित करने के आदेश जारी किए गए हैं। आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि नगरीय प्रशासन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमिता और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### उच्च-उत्सर्जन मार्ग पर जाने से रोकने के साथ जलवायु वित्त को मजबूत करना होगा

# मध्यप्रदेश में जलवायु वित्त जुटाने पर हुई कार्यशाला, विशेषज्ञों ने की राज्य के जलवायु वित्त परिदृश्य और व्यावहारिक रणनीतियों पर चर्चा

**'जलवायु वित्त जुटाना' विषय पर सम्मेलन का किया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डब्ल्यूआरआई इंडिया ने पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) और क्लाइमेट पॉलिसी इनिशिएटिव (सीपीआई) के सहयोग से बुधवार को भोपाल में 'मध्य प्रदेश में लचीले विकास के लिए जलवायु वित्त जुटाना' विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप जलवायु वित्त समाधान विकसित करने और राज्य स्तरीय जलवायु वित्त रणनीति तैयार करने पर आधारित था। सम्मेलन में शासकीय विभाग, शोध संस्थानों, वित्तीय संस्थानों, अकादमिक संगठन और अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने राज्य के जलवायु वित्त परिदृश्य, जलवायु- अनुकूल विकास के लिए व्यावहारिक रणनीतियों और प्रमुख क्षेत्रों में उभरते अवसरों पर चर्चा की।



जलवायु वित्त जुटाना' विषय पर सम्मेलन में उपस्थित अतिथि।

इस मौके पर मौजूद पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव, अशोक बर्नवाल ने कहा कि जलवायु वित्त अब उन राज्यों के लिए सबसे महत्वपूर्ण सक्षम साधनों में से एक बन गया है, जो मध्य प्रदेश की तरह बढ़ते जलवायु जोखिमों का सामना कर रहे हैं। इस विकास पथ को उच्च-उत्सर्जन मार्ग पर जाने से रोकने के लिए हमें जलवायु वित्त तक पहुंच को मजबूत करना होगा और सभी क्षेत्रों में नीतिगत रूप से सक्षम परियोजनाएं विकसित करनी होंगी। विभागों के बजट अभ्यासों में जलवायु वित्त को शामिल करना आवश्यक है और इसके लिए उच्च गुणवत्ता की परियोजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हमें न केवल शासकीय विभागों और निजी क्षेत्र, बल्कि आम जन की क्षमताओं की वृद्धि और उनकी संवेदनशीलता बढ़ाने की भी आवश्यकता है। मिशन लाइफ इस दिशा में एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक साबित हो सकता है।

सम्मेलन में दीपक आर्या, कार्यपालन संचालक, एप्को ने कहा कि हाल ही में जारी किया गया राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजना एक महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत है, लेकिन वित्तीय अंतर अब भी बहुत बड़ा है अनुकूलन और शमन प्रयासों के लिए लगभग 97,000 करोड़ रुपए की आवश्यकता का अनुमान है। केवल सार्वजनिक बजट इस अंतर को पूरा नहीं कर सकते, इसलिए राज्य में प्रभावी जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए निजी निवेश, मिश्रित वित्त, कार्बन बाज़ारों और बहुपक्षीय जलवायु कोषों को जुटाना अत्यंत आवश्यक है।

डब्ल्यूआरआई इंडिया के एसोसिएट प्रोग्राम डायरेक्टर सारांश बाजपेयी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सब-नेशनल क्लाइमेट फाइनेंस को मजबूत करना अति आवश्यक है, क्योंकि राज्यों की अहम भूमिका है कि वे इसे लागू करने में आगे आएं और यह सुनिश्चित करें कि क्लाइमेट एक्शन समुदायों और संवेदनशील इलाकों तक पहुंचे। जबकि नेहा मिश्रा, प्रोग्राम लीड, जलवायु वित्त, डब्ल्यूआरआई इंडिया ने कहा कि सार्वजनिक, निजी, अंतरराष्ट्रीय और मिश्रित स्त्रोतों से जलवायु वित्त जुटाना समृद्ध मध्य प्रदेश <\@> 2047 के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। आगामी जलवायु से संबंधित कार्यों के लिए सही पूंजी, मजबूत परियोजना क्षमताएं और ठोस नीतिगत समर्थन जरूरी हैं।

भोपाल
गुरुवार, 11 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष-07
वर्ष : 12, अंक : 251
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में होगा फैसला

## सेलवेंद्रन और अजीत कुमार आज प्रमुख सचिव पद पर होंगे पदोन्नत

मप्र काडर के करीब 70 आईएएस अफसर सचिव, अतिरिक्त सचिव अतिरिक्त कलेक्टर के पद पर पदोन्नत हो जाएंगे


वल्लभ भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन में पदस्थ सचिव सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक) एम सेलवेंद्रन, नई दिल्ली में उप चुनाव आयुक्त के पद पर पदस्थ अजीत कुमार गुरुवार को प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नत हो जाएंगे। इसी के साथ मप्र काडर के करीब 70 आईएएस अफसर सचिव, अतिरिक्त सचिव, अतिरिक्त कलेक्टर के पद पर पदोन्नत हो जाएंगे। जबकि वर्ष 2017 बैच के आईएएस अफसरों को पे स्केल प्रदान किया जाएगा। मप्र काडर ▶▶ शेष पेज 4 पर

**यह अफसर सचिव के पद पर होंगे पदोन्नत**

वर्ष 2010 बैच में पदस्थ एमडी मप्र विद्युत वितरण कंपनी पूर्वी जोन अनय द्विवेदी, डिप्टी डायरेक्टर लालबहादुर शास्त्री एकेडमी लबासना मसूरी गणेश शंकर मिश्रा, डायरेक्टर सिविल एविएशन तन्वी सुंद्रियाल, भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, आयुक्त ▶▶ शेष पेज 4 पर

## इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे के धनतालाब घाट पर 10 किमी लगा जाम 16 घंटे बाद खुला

घाट की चढ़ाई व संकीर्ण पुलिया वाले क्षेत्र में 4 वाहन हुए खराब

» कई वाहनों ने रूट भी बदला था
» धनतालाब घाट जंगली क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर चापड़ा-बिजवाड़ के बीच जंगली क्षेत्र में स्थित धनतालाब घाट पर लंबा जाम लगने से हजारों वाहन फंसे 16 घंटे तक फंसे रहे। मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे घाट की कठिन चढ़ाई वाले व संकीर्ण पुलिया वाले हिस्से में चार वाहन अलग-अलग जगह खराब हो गए। इसके कारण जाम लग गया था।

बुधवार दोपहर 12 बजे तक घाट से खातेगांव की ओर बिजवाड़ तक व चापड़ा की ओर बड़ी चौराहे क्षेत्र तक वाहनों की कतार पहुंच चुकी थी। 10 किमी से अधिक तक वाहनों का मेला लगा हुआ है। बुधवार दोपहर में एक ओर से आवागमन शुरू हुआ हालांकि, वाहन रेंग-रेंगकर निकलते रहे थे। मौके पर बिजवाड़ पुलिस सहायता केंद्र की टीम के एसआई अजय डोड, आरक्षक दिलीप बेडवाल, शमशेर व्यवस्था संभालने में जुटे थे। चार खराब हुए वाहनों सुधारा गया, फिर यातायात बहाल हुआ।


धनतालाब घाट

**जाम से लंबा चक्कर लगा रहे थे वाहन**

घाट पर लंबा जाम लगने की जानकारी मिलने के बाद इंदौर की ओर से आने वाले वाहन चालकों ने रूट बदलकर चापड़ा से बागली, पुंजापुरा, कांटाफोड़, बिजवाड़ व कुछ ने कांटाफोड़ से सतवास, कन्नौद व खातेगांव की ओर से आना-जाना किया था। वहीं खातेगांव की ओर से आने वाले वाहन कुछ वाहन बिजवाड़ से आष्टा, देवास होकर इंदौर जा रहे हैं जबकि कुछ कांटाफोड़, पुंजापुरा, बागली, चापड़ा से निकलने को मजबूर हुए थे।


### खबर संक्षेप

**मैं वंदे मातरम नहीं गा पाऊंगाः आरिफ मसूद**




**भोपाल।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में वंदे मातरम न गाने वालों की सूची में नाम आने के बाद कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने कहा, मैं वंदे मातरम नहीं गा पाऊंगा। मसूद का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए पलटवार किया। विपक्ष ने इसे राष्ट्रवाद पर प्रहार बताया, जबकि मसूद ने मौजूदा मुद्दों को नजरअंदाज करने का ताना मारा।

**सीहोर में धर्म परिवर्तन गैंग का भंडाफोड़**



**सीहोर।** आदिवासी इलाकों में जाल बिछाकर ग्रामीणों को एक-एक लाख रुपए और नौकरी का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाला जा रहा था। ग्राम वीरपुर, भीलपाटी और खजुरी में रहने वाले कुछ लोगों द्वारा नियमित रूप से प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही थीं और इन सभाओं के माध्यम से हिंदू ग्रामीणों को ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से धार्मिक साहित्य जब्त किया है।

**नहर में गिरा ट्रैक्टर, 3 किसानों की मौत**



**भिंड।** लहार थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हो गया। नानपुरा गांव के पास टूटी हुई पुलिया से गुजरते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से 3 किसानों की मौत हो गई। ये तीनों यूपी से अपनी धान की फसल बेचकर लौट रहे थे। मृतकों की पहचान रावतपुरा सानी गांव निवासी झींगुरी सिंह राजपूत, बलवीर सिंह राजपूत और शिब्बू उर्फ शिवेंद्र सिंह राजपूत के रूप में हुई है।

सरकार ने शिकंजा कसा : दो अफसर कॉर्पोरेट दफ्तर में, बाकी 6 दूसरी चीजों की रिपोर्ट लेंगे

## इंडिगो के कामकाज की 'निगरानी' के लिए डीजीसीए ने 8 अफसरों की टीम तैनात की

*डीजीसीए के प्रमुख फैज अहमद किदवई ने बताया कि यह पैनल इंडिगो के द्वारा फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट (एफडीटीएल) के नियमों के पालन की भी निगरानी करेगा। एफडीटीएल के नियमों का उल्लंघन करने पर एयरलाइंस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इंडिगो के सीईओ ने माफी मांगी है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो संकट अभी भी जस का तस बना हुआ है। इस संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। ऐसे में अब इंडिगो पर सख्ती बढ़ती जा रही है। डीजीसीए ने इंडिगो के कॉर्पोरेट दफ्तर में अपने अधिकारियों को तैनात कर दिया है।

डीजीसीए की ओर से बनी आठ सदस्यों की ओवरसाइट टीम इंडिगो के कामकाज पर नजर रखेगी। इस ओवरसाइट टीम में से दो सदस्य इंडिगो के कॉर्पोरेट दफ्तर में रोजाना तैनात होंगे। डीजीसीए के अधिकारी अब निजी तौर पर इंडिगो के कामकाज को मॉनिटर करेंगे। डीजीसीए के अधिकारी इंडिगो के कॉर्पोरेट ऑफिस में मौजूद रहकर हर चीज की सीधी निगरानी करेंगे, जिसमें विमानों की संख्या और स्थिति से लेकर पायलटों की संख्या और उनकी उपलब्धता, क्रू के कामकाजी घंटे और स्टैंडबाय क्रू की पूरी डिटेल शामिल है। इन तैनात किए गए डीजीसीए अधिकारियो ▶▶ शेष पेज 4 पर

**8 अफसरों की टीम रोजाना शाम 6 बजे तक सौंपेगी अपनी रिपोर्ट**



फाइल फोटो

**यह होगा चेक**

- उड़ानों का कैंसिलेशन स्टेटस (घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय)
- रिफंड की स्थितिः एयरलाइन, ओटीए प्लेटफॉर्म और ट्रैवल एजेंट्स के जरिए
- ऑन-टाइम परफॉर्मेंस (समय पर उड़ान भरने का रिकॉर्ड)
- यात्रियों को मुआवजा (सीएआर नियमों के अनुसार)
- सामान लौटाने की स्थिति

**टीम में ये अफसर रहेंगे**

वहीं, आठ सदस्यीय ओवरसाइट टीम में कैप्टन कपिल मंगलिक - सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (ए), कैप्टन वीपी सिंह -सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (ए), कैप्टन अपूर्वा अग्रवाल- सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (ए), कैप्टन स्वाति लूम्बा- सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (ए), कैप्टन अमन सुहाग- सीनियर फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (ए), कैप्टन नित्या जैन- फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (ए), कैप्टन एनजे सिंह - फ्लाइट ऑपरेशंस इंस्पेक्टर (ए), इनमें से दो सदस्यों को गुड़गांव स्थित इंडिगो के कॉरपोरेट ऑफिस में रोजाना तैनात किया जाएगा। ये अधिकारी निम्न क्षेत्रों की गहन जांच और निगरानी करेंगे।

**टीम यह भी देखेगी**

कुल फ्लीट (कंपनी के पास कुल कितने विमान हैं), औसत स्टेज लेंथ (प्रति उड़ान औसत दूरी), कुल पायलटों की संख्या, नेटवर्क डिटेल्स (किन-किन रूट्स पर उड़ानें हैं), क्रू के कामकाजी घंटे, मासिक/दैनिक डेड हेडिंग (बिना यात्रियों के क्रू को दूसरे शहर भेजना), ट्रेनिंग में लगे क्रू की संख्या, स्प्लिट ड्यूटी (एक दिन में दो हिस्सों में ड्यूटी), प्रतिदिन सभी अनप्लांड लीव्स (बीमारी, आकस्मिक अवकाश, इमरजेंसी लीव आदि), प्रतिदिन कुल उड़ानें और उपलब्ध क्रू की संख्या, क्रू की कमी के कारण प्रभावित हुए सेक्टर्स की कुल संख्या, प्रतिदिन और प्रति बेस (कॉकपिट एवं केबिन) स्टैंडबाय क्रू की संख्या।

**डीजीसीए ने सीईओ पीटर एल्बर्स को फिर किया तलब**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को नोटिस जारी करते हुए उन्हें गुरुवार दोपहर 3 बजे तक पेश होने का आदेश दिया है। डीजीसीए ने इंडिगो से पूरे मामले पर डिटेल रिपोर्ट जमा करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में फ्लाइट रद्दीकरण और देरी से जुड़े सभी तथ्य शामिल रहेंगे।

कोर्ट ने दिया सुनवाई का आदेश

## लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी में अनिरुद्धाचार्य पर चलेगा केस

» याचिकाकर्ता मीरा राठौर ने मिठाई बांटकर खुशी जताई

एजेंसी ▶▶ मथुरा


कथावाचक अनिरुद्धाचार्य

मथुरा में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लड़कियों पर अभद्र टिप्पणी मामले में मथुरा की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) गौरव उत्सव राज की अदालत ने उनके खिलाफ केस चलाने का आदेश दिया है। अदालत ने इस संबंध में दायर याचिका स्वीकार कर ली है।

याचिकाकर्ता मीरा राठौर मथुरा पहुंची और उनके द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। जिसके बाद उन्होंने मामले की विस्तृत जानकारी दी है और मिठाई वितरण करते हुए खुशी जताई है। अदालत ने अगली सुनवाई 1 जनवरी 2026 को निर्धारित की है, जिसमें याचिकाकर्ता पक्ष के बयान दर्ज किए जाएंगे। यह मामला अक्टूबर 2025 का है। उस समय कथावाचक अनिरुद्धाचार्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में उन्होंने बेटियों के चरित्र को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अनिरुद्धाचार्य ने कहा था कि आजकल बेटियों की शादी 25 साल की उम्र में होती है और तब तक वे कई जगह मुंह मार चुकी होती हैं। इस बयान के बाद सामाजिक संगठनों और आम लोगों में भारी आक्रोश देखा गया था। आलोचना ▶▶ शेष पेज 4 पर

डीएसपी कल्पना वर्मा पर लव ट्रैप का आरोप

## कारोबारी ने आशिकी में लुटाए डायमंड रिंग समेत दो करोड़ रु.

» अपने भाई के नाम होटल तक करवा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


डीएसपी कल्पना वर्मा

एक कारोबारी ने छत्तीसगढ़ पुलिस की डीएसपी कल्पना वर्मा पर लव ट्रैप का गंभीर आरोप लगाया है। कारोबारी का आरोप है कि महिला डीएसपी को उसने करीब दो करोड़ रुपए दिए हैं। इसके अलावा डायमंड रिंग, सोने की चेन और एक गाड़ी भी दी है। उनका आरोप है कि उसने एक होटल की रजिस्ट्री भी कल्पना वर्मा के भाई के नाम पर की है। व्यापारी दीपक टंडन और उनकी पत्नी ने इस संबंध में रायपुर के खम्हारडीह थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इधर, डीएसपी के भाई ने भी व्यापारी के खिलाफ खम्हारडीह थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों तरफ से की गई इस शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दंपती ने चैट और बातचीत के स्क्रीनशॉट भी दिखाए**

कारोबारी दीपक टंडन की पत्नी बरखा टंडन का आरोप है कि उन्होंने दबाव में आकर 45 लाख का एक चेक भी छत्तीसगढ़ पुलिस की डीएसपी को दिया था, जिसे बाद में डीएसपी के पक्ष में आहरित कर लिया गया। बरखा के नाम पर 22 लाख रुपए की कार थी, जिसे डीएसपी वर्मा ने हड़प लिया। महिला डीएसपी कल्पना वर्मा वर्ष 2016-17 बैच की अधिकारी हैं। वर्तमान में वो दंतेवाड़ा में पदस्थ हैं। इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

पहले आया था नकली घी विवाद

## तिरुपति देवस्थानम में अब हुआ सिल्क दुपट्टा घोटाला



54 करोड़ रु. की हेराफेरी, 'सिल्क' के नाम पर पॉलिएस्टर दुपट्टे सप्लाई किए गए

एजेंसी ▶▶ तिरुपति

तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में एक और बड़ा घोटाला सामने आया है। 2015 से 2025 के बीच मंदिर प्रशासन को सप्लाई किए गए सिल्क दुपट्टों में भारी फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। सतर्कता विभाग की जांच में खुलासा हुआ कि 'सिल्क' के नाम पर पॉलिएस्टर दुपट्टे सप्लाई किए गए, जिनकी कीमत ▶▶ शेष पेज 4 पर

50 कारों का काफिला पहुंचा

## पूर्व विधायक की फैक्ट्रियों पर आयकर टीम का छापा



छतरपुर में इंदौर-ग्वालियर की टीम कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

छतरपुर में आयकर विभाग ने बुधवार सुबह पूर्व कांग्रेस विधायक आलोक चतुर्वेदी भैया साहब से जुड़ी दो पत्थर फैक्ट्रियों पर छापा मारा है। सिविल लाइन क्षेत्र स्थित सागर-कानपुर नेशनल हाईवे पर ढढारी के पास खजुराहो मिनरल्स और रामनपुरा रोड की गिट्टी फैक्ट्री में एक साथ कार्रवाई शुरू हुई। फैक्ट्रियों में 50 से ▶▶ शेष पेज 4 पर

सिंगरौली में 6 लाख पेड़ों की कथित कटाई पर हंगामा

## कांग्रेस की 12 सदस्यीय जांच टीम को रोका तो वे धरने पर बैठे


कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगरौली

सिंगरौली जिले के बासी बेरदहा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही कथित पेड़ कटाई को लेकर कांग्रेस का विरोध बुधवार को देखने को मिला। घिरौली गांव ▶▶ शेष पेज 4 पर

**टीम में ये लोग शामिल**


जांच और विरोध टीम में जीतू पटवारी, उमंग सिंघार, अजय सिंह, विक्रांत भूरिया, जयवर्धन सिंह, मीनाक्षी नटराजन, हेमंत कटारे, बाला बच्चन, हिना कावरे, ओंकार मरकाम और कमलेश्वर पटेल शामिल हैं। सभी नेताओं ने पेड़ कटाई पर तुरंत रोक और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्रशासक ने 1 जनवरी 26 से प्रतिबंध लगाया

## भगवान महाकाल को अब नहीं चढ़ेगी भारी भरकम फूलमाला

करीब 10 किलो से अधिक वजनी मालाओं पर बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन


भगवान महाकाल

श्री महाकालेश्वर मंदिर के शिवलिंग पर भारी भरकम चढ़ने वाली फूल माला (अजगर माला) और मुंडमाल पर मंदिर समिति ने प्रतिबंध लगा दिया है।

एएसआई और जीएसआई की गाइड लाइन का ध्यान रखते हुए करीब 10 किलो से अधिक वजनी मालाओं पर शिवलिंग क्षरण रोकने के लिए मंदिर समिति ने ये फैसला किया है। मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि 1 जनवरी से कोई भी भक्त भगवान महाकाल को 10 से 15 किलो वजनी माला अर्पित नहीं कर सकेंगे। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में 1 जनवरी 2026 से भगवान महाकाल को चढ़ने वाली फूलों की बड़ी व भारी माला अर्पित करने पर रोक लगा दी है। मंदिर प्रशासक के आदेश के बाद आगामी नए वर्ष के पहले दिन से इसे पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इसके लिए अभी महाकाल मंदिर परिसर में उद्घोष हो रहा है कि भगवान के लिए अजगर माला नहीं खरीदें। साथ ही कक्ष से भक्तों को नए नियम की जानकारी देने के लिए लगातार उद्घोषणा भी की जा रही है। मंदिर के आसपास फूल प्रसाद की दुकान संचालित करने वाले व्यवसायियों को मंदिर समिति ने बता दिया ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा -जल जीवन मिशन को मप्र मार्च 2027 तक पूर्ण कर राष्ट्रीय स्तर पर मिसाल पेश करेगा

## जल स्त्रोतों में सीवरेज का दूषित जल न मिले इसके लिए एक प्रभावी 'एक्शन प्लान' बनाएं

मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग की हुई समीक्षा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि जल स्त्रोतों में सीवरेज का दूषित जल किसी भी स्थिति में नहीं मिले और इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन मध्यप्रदेश इस कार्य को मार्च 2027 तक पूर्ण कर राष्ट्रीय ▶▶ शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए

**जल संकट वाले ग्रामों की तैयार करें रिपोर्ट**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विगत 10 वर्षों में जिन ग्रामों को जल संकट का सामना करना पड़ा है, उनकी रिपोर्ट तैयार कर उन क्षेत्रों में जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जल की उपलब्धता के अनुसार जल वितरण का समय तय किया जाए, जिससे नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। गांव के ऐसे ट्यूबवेल की सूची बनवाएं, जिनमें हमेशा पानी रहता हो और ट्यूबवेल ▶▶ शेष पेज 4 पर

**बोरवेल दुर्घटना रोकने कानून बनाने वाला मप्र पहला राज्य**

बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश बोरवेल दुर्घटना रोकने के लिए कानून बनाने वाला देश का पहला राज्य है। साथ ही 'स्वच्छ जल से सुरक्षा अभियान' में प्रदेश को पूरे देश में प्रथम स्थान मिला है। जल रेखा मोबाइल एप के माध्यम से योजनाओं की सतत निगरानी की जा रही है। राज्य की सभी 155 प्रयोगशालाओं को एनएबीएल मान्यता प्राप्त हो चुकी है। ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### डॉ. सोनल को रक्तचाप शोध के लिए पुरस्कार

**भोपाल।** एम्स भोपाल के बाल रोग विभाग की तृतीय वर्ष की स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. सोनल राजमाने को जयपुर में इंडियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक नेफ्रोलॉजी सम्मेलन में ओरल पेपर प्रेजेंटेशन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनके शोध में 24 घंटे और 48 घंटे की एम्बुलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग की तुलना की गई, जिसमें 48 घंटे की मॉनिटरिंग को अधिक सटीक पाया गया। यह शोध डॉ. गिरीश सी. भट्ट के मार्गदर्शन तथा डॉ. शिखा मलिक, डॉ. महेश महेश्वरी और डॉ. अंबर कुमार के सह-मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### आज वीसी से जुड़ेंगे प्रदेश के निगम कमिश्नर

**भोपाल।** प्रदेशभर के निगम आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास के संभागीय संयुक्त संचालक, अधीक्षण यंत्री, जिला शहरी विकास अभिकरण के सभी परियोजना अधिकारी और सभी मुख्य कार्यपालिका अधिकारी गुरुवार को तैयारी के साथ इस वीडियो कार्फ्रेंसिंग में शाम 4 बजे से 6 बजे तक शामिल होंगे। नगरीय प्रशासन एवं आवास द्वारा जारी एजेंड में पीएम इंफ्रास्ट्रक्चर, अर्बन क्वालिटी मॉनिटर्स, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम आवास योजना, भर्ती नियम संशोधन, पशु जन्म नियंत्रण कार्रवाई विषय शामिल है।

### दीपावली को वैश्विक धरोहर घोषित सम्मान

**भोपाल।** दीपावली को यूनेस्को की इन्टेंजिबल कल्चरल हैरिटेज सूची में शामिल किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने इसे प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार विकास के साथ-साथ विरासत को भी सहेजने का काम कर रही है और वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री मोदी इसी रास्ते पर कदम बढ़ाते हुए दुनिया में भारतीय संस्कृति का परचम फहराएंगे। भारत और भारतीय संस्कृति को मिली उपलब्धि पर मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देता हूं।

### खंडेलवाल एवं शर्मा ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सागर जिले के बांदरी-मालथौन के समीप हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 4 पुलिसकर्मियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### एनसीआईएसएम बोर्ड ने नियुक्त कि पदाधिकारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा, सोवा-रिग्पा मेडिकल कॉलेजों के मापदण्ड, पाठ्यक्रम निर्धारण से लेकर मान्यता प्रदान करने वाले बोर्ड नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) बोर्ड के पदाधिकारियों की नवीन नियुक्तियां की। बोर्ड के नए पदाधिकारियों को आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बधाई दी। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी मदनलाल मीणा ने बोर्ड के पदाधिकारियों की नवीन नियुक्तियों के आदेश जारी किए हैं। एनसीआईएसएम के अंतर्गत डॉ. मनीषा उपेंद्र कोथेकर चेयरपरसन एनसीआईएसएम, डॉ. सुश्रुत कन्नौजिया प्रेसीडेंट बोर्ड ऑफ इथिक्स एण्ड रजिस्ट्रेशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन, डॉ. मुकुल पटेल प्रेसीडेंट मेडिकल असिस्मेंट एण्ड रेटिंग बोर्ड फॉर द इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन, डॉ. एप्रभु प्रेसीडेंट बोर्ड ऑफ आयुर्वेद तथा प्रोफेसर डॉ आसिम अली खान प्रेसीडेंट बोर्ड ऑफ यूनानी सिद्धा एण्ड सोवा-रिग्पा की नियुक्तियां भारत सरकार ने चार वर्षों के लिए की है।

---

# भारत की जनगणना 2027- परिक्षा के दृष्टिगत मकान गणना और जनगणना की अवधि तय करें

## मुख्य सचिव जैन ने राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में जनगणना का कार्य अब जल्द शुरू होने जा रहा है। जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य एक अप्रैल से 30 सितम्बर 2026 के दौरान 30 दिवस की अवधि में किया जाएगा। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी विभाग अध्यक्षों को निर्देश दिए कि आगामी जनगणना 2027 के दृष्टिगत प्रशासनिक इकाइयों में जो भी परिवर्तन किए जाने हैं वे 31 दिसम्बर तक अनिवार्यतः कर लिए जाएं।

मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में भारत की जनगणना 2027 के दृष्टिगत राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि स्कूली बच्चों की पढ़ाई, मानसून इत्यादि को ध्यान में रखते हुए उक्त 30 दिवस की अवधि निर्धारित की जाएं। जनगणना के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य पूरे देश में एक साथ फ़रवरी 2027 में किया जाएगा।

### समन्वय के लिए विभागों को एक-एक नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश



अनुराग जैन, मुख्य सचिव

### मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन

मुख्य सचिव जैन ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम जन को यह बताया जाना आवश्यक होगा कि जनगणना 2027 पहली बार देश में डिजिटल होगी, जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़ों का संकलन एवं वेब पोर्टल के माध्यम से मैनेंजमेंट एवं मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बात का प्रचार होना चाहिए कि जनगणना अधिनियम की धारा 15 के तहत जनगणना में संकलित व्यक्तिगत जानकारियां गोपनीय होती है साथ ही इन्हें कहीं भी साक्ष्य के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

### जनगणना के द्वितीय चरण में बच्चों को परीक्षाओं में असुविधा न हों

मुख्य सचिव जैन ने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि वे जनगणना के द्वितीय चरण को ध्यान में रखकर वर्ष 2026-27 का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार करें। उन्होंने परीक्षाओं की समय-सारणी इस तरह तैयार करने के निर्देश दिए है जिससे विद्यार्थीयों को कोई असुविधा नहीं हो। साथ ही सम्बंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए गए कि वे आपस में समन्वय करते हुए जनगणना 2027 के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता के लिए योजना तैयार करें, जिससे जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### मप्र में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग

अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ल ने बताया कि मप्र में गृह विभाग जनगणना के लिए नोडल विभाग है, जो भारत सरकार, जनगणना निदेशालय एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जनगणना सम्पादन में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा। प्रारंभ में निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय की ओर से पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जनगणना 2027 की रूपरेखा, प्रारम्भिक तैयारियां, डिजिटल रोडमैप और संगठनात्मक ढांचा इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया।

### स्व-गणना किए जाने के प्रावधान की सराहना की

मुख्य सचिव जैन ने आगामी जनगणना डिजिटल होने के मद्देनजर सर्वसम्बन्धितों को उचित समय पर युक्तियुक्त प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जैन ने जनगणना के दौरान स्व-गणना किए जाने के प्रावधान की सराहना की। उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों को यह भी निर्देश दिए कि वे जनगणना 2027 के कार्य के समन्वय के लिए अपने अपने विभागों में एक नोडल अधिकारी नामित करें।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा कर दिए निर्देश

# शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में पीडब्ल्यूडी को करें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि विकास, रोज़गार, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सामाजिक-सांस्कृतिक प्रगति का आधार हैं। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक निर्माण कार्य को सिर्फ एक तकनीकी परियोजना के रूप में नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को सुधारने वाले साधन के रूप में देखना है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार के साथ प्रत्येक परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने लोक निर्माण से लोक कल्याण की भावना को धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की आधारभूत संरचना का विकास ही जनकल्याण का आधार है। विभाग ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। अपर मुख्य सचिव क्षेत्रों के समग्र विकास अनुसार कार्ययोजना का निर्धारण करें। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण से लोक कल्याण नवम्बर-2025 के न्यूज-लेटर,लोकपथ इनफार्मेशन ब्रोशर का विमोचन किया।

### विभागीय न्यूज लेटर और पर्यावरण से समन्वय ब्रोशर का किया विमोचन

**एमपीआरडीसी और एमपीबीडीसी के संचालक मंडल की बैठक आयोजित**

**हर सड़क, हर पुल, हर परियोजना- जनता के जीवन को सरल और सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकता: सीएम**

**दो वर्षों में विभाग ने गति, गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीकी नवाचार के नए आयाम स्थापित किए**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री सिंह लोक निर्माण से लोक कल्याण नवंबर-2025 के न्यूज-लेटर और लोकपथ इनफार्मेशन ब्रोशर का विमोचन करते हुए।

### पीएम गतिशक्ति के उत्कृष्ट उपयोग पर विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा

*प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी सुखवीर सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से किए जा रहे नवाचारों, पीएम गतिशक्ति पोर्टल के उपयोग से रोड प्लानिंग, बीआईएसएजी- एन के माध्यम से समय सीमा का निर्धारण और प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग के कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ पर्यावरण से समन्वय, पौधरोपण, ट्री-शिफ्टिंग, लोक सरोवर, सौर ऊर्जा के कार्य भी विकास कार्यों में शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पीएम गतिशक्ति के उत्कृष्ट उपयोग पर विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।*

### मेट्रोपॉलिटन एरिया और समीपवर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों का घनत्व बढ़ाए: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि मेट्रोपॉलिटन एरिया और समीपवर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों का घनत्व बढ़ाएं। पूरे प्रदेश को समावेशित कर समग्र विकास पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जबलपुर और ग्वालियर को भी मेट्रोपोलिटन क्षेत्र घोषित किया जाएगा। शहरी, ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों सभी को अधोसंरचना विकास का लाभ प्राप्त हो, इस आधार पर प्रस्ताव की परिकल्पना की जाए। राजमार्गों का घनत्व राष्ट्रीय स्तर के समीप ले जाने के लिए विज़न डॉक्यूमेंट के आधार पर प्रस्ताव तैयार करें।

### सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज पर भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहरी विकास की इंटीग्रेटेड पॉलिसी के निर्माण में लोक निर्माण विभाग को भी शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना विकास में पर्यावरण समन्वय का विशेष ध्यान रखा जाए। सतत संवहनीय विकास के लिए सूरत के डायमंड पार्क की तर्ज में भवनों का निर्माण ग्रीन बिल्डिंग संकल्पना पर किया जाए। बिजली और पानी की बचत सुनिश्चित की जाए।

### फ्लाईओवर, अंडरपास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक्सप्रेस-वे आधुनिक समय की मांग है। इन अधोसंरचनाओं के विकास में ग्रामीण क्षेत्र की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। आवश्यकतानुसार फ्लाई-ओवर, अंडर-पास, सर्विस लेन को प्रस्ताव में शामिल करें। बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ-2028 के कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। प्रस्तावित कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है। दिसंबर माह के अंत तक कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यों को जून-2027 तक पूर्ण किया जाए।

### 12 हज़ार 212 शिकायतों में से 12 हज़ार 166 का निराकरण: सिंह

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि लोकपथ एप में प्राप्त 12 हज़ार 212 शिकायतों में से 12 हज़ार 166 का निराकरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने लोकपथ एप के उत्कृष्ट उपयोग की सराहना की। एप में आगे स्थलों के बीच की दूरी, वैकल्पिक मार्ग, पर्यटन स्थल, चिकित्सा सेवाएं, ब्लैक स्पॉट अन्य सुविधाओं को मैप किया है।

---

## मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद



प्रेसवार्ता में जानकारी देते मंत्री सिंह, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल और प्रभुराम चौधरी।

# कार्यकर्ताओं से मिलने वाला फीडबैक सरकार की योजनाओं को प्रभावी बनाने में होगा सहायक : मंत्री सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ कार्यकर्ताओं की समस्याओं का किया निराकरण

मप्र शासन के मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का समाधान किया। कार्यकर्ताओं से संवाद एवं समन्वय के बाद मध्यप्रदेश शासन के मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल द्वारा शुरू की गई कार्यकर्ताओं से संवाद व्यवस्था मंत्रियों को कार्यकर्ताओं व जनता से सीधे जुड़ने का अवसर दे रही है।

कार्यकर्ताओं से मिलने वाला फीडबैक भाजपा सरकार योजनाओं को और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। सिंह ने कहा कि प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं को अब जनसमस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश शासन के मंत्रियों के बंगले या वल्लभ भवन जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में ही मंत्रियों द्वारा किए जाने वाले संवाद में जनसमस्याओं का समाधान हो रहा है। आज मैंने भी प्रदेश कार्यालय में अनेक कार्यकर्ताओं व वरिष्ठजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याएं सुनीं और समाधान के लिए निर्देश दिए हैं। कार्यकर्ताओं से मुलाकात व संवाद के दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर मूल्यवान फीडबैक प्राप्त हो रहा है, जो सरकार की योजनाओं को और प्रभावी बनाने में सहायक होगा। यह व्यवस्था पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता के लिए भी सुविधा बढ़ाने वाली है, जिससे समय, ऊर्जा और संसाधनों की बचत हो रही है। आने वाले समय में यह पहल सरकार, संगठन और जनता के बीच सेतु का मजबूत एवं लाभकारी माध्यम बनेगी।

---

**प्रतिमा बागरी के भाई के गांजा तस्करी के पकड़े जाने पर युवा कांग्रेस का प्रदर्शन**

# बैरिकेडिंग में घुसकर मंत्री की नेमप्लेट पर कालिख पोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ कांग्रेस कार्यकर्ता 74 बंगला स्थित मंत्री के सरकारी बंगले पर पहुंचे

अमित खत्री के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता 74 बंगला स्थित नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के सरकारी आवास पहुंचे और बाहर लगी नेम प्लेट पर कालिख पोत दी। सतना जिले की रैगांव से भाजपा विधायक और नगरीय प्रशासन राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के भाई गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार हुए हैं। उनके भाई की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस राज्यमंत्री से इस्तीफा मांग रही है।

बुधवार को मंत्री के सरकारी आवास पर पहुंचे युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और पुलिस की बैरिकेटिंग तोड़ते हुए नेमप्लेट पर कालिख पोत दी। जबकि प्रदर्शन का पता चलते ही पुलिस ने मंत्री के बंगले की सुरक्षा बढ़ाते हुए बैरिकेटिंग कर दी थी।

### मंत्री ने गांजा तस्कर भाई से किया किनारा

*राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने गांजा तस्करी के आरोप में पकड़े गए भाई अनिल बागरी और बहनोई शैलेंद्र सिंह से पल्ला झाड़ लिया है। खजुराहो में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक के दौरान मीडिया ने जब उनसे सवाल-जवाब किए तो वे यह कहकर किनारा कर गईं कि कोई भी अपने आप से रिश्तेदार बना लेता है। मेरा अनुरोध है कि पहले आप उसकी पुष्टि कर लें। तथ्यों की जानकारी के बाद ही बात करें।*

---

## नीति-निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों के मध्य होगा महत्वपूर्ण संवाद

**कॉन्क्लेव में नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर होगी चर्चा**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे ईवी फ्लैग-ऑफ कर ग्रीन लॉजिस्टिक्स कॉन्क्लेव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में हरित परिवहन को गति देने के लक्ष्य के साथ भोपाल में आयोजित किए जा रहे ग्रीन लॉजिस्टिक्स कॉन्क्लेव-2025 का शुभारंभ इलेक्ट्रिक वाहनों के फ्लैग-ऑफ से करेंगे।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) मध्यप्रदेश द्वारा उद्यमिता, हरित लॉजिस्टिक्स और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहित करने के लिए यह कॉन्क्लेव कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में गुरुवार 11 दिसंबर को किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में नीति-निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों और तकनीकी अग्रणी संस्थानों का महत्वपूर्ण संवाद होगा, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स के लिए प्रौद्योगिकी आधारित समाधान प्रस्तुत किए जाएंगे। यह अवसर उद्योग जगत को राज्य की नीति और प्रगतिशील उपायों से जुड़ने तथा भविष्य की संभावनाओं को समझने का मंच प्रदान करेगा। यह राज्य में हरित परिवहन, स्मार्ट फ्रेट कॉरिडोर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नीति-निर्माताओं, उद्योग विशेषज्ञों और प्रमुख तकनीकी संस्थानों का एक साझा मंच तैयार होगा।

### ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर से जुड़े तकनीकी सत्र होंगे

कॉन्क्लेव में ग्रीन ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर से जुड़े तकनीकी सत्र भी शामिल हैं, जिसमें यूलर मोटर्स के वैश्विक कस्टमर एक्सीलेंस प्रमुख आशीष तंडन इलेक्ट्रिक फ्रेट समाधानों पर, अमेजन के सस्टेनेबिलिटी कार्यक्रम प्रबंधक अदित्य राय सप्लाई चेन के हरित मॉडल पर तथा ईवी चार्जिंग के मुख्य रणनीति एवं विकास अधिकारी विजय कुमार चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर प्रस्तुतियां देंगे।

---

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर 'महिला सशक्तिकरण एवं मानवाधिकार' विषय पर हुआ मंथन

# अधिकारों के साथ ही कर्त्तव्य बोध भी आवश्यक, पूरक हैं अधिकार और कर्त्तव्य : तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर 'महिला सशक्तिकरण एवं मानवाधिकार' विषय पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बुधवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि अधिकार और कर्त्तव्य एक-दूसरे के पूरक हैं। आधिकारों के लिए कानून बनाए गए हैं, उन्हें लिखित रूप से परिभाषित किया जा सकता है, किंतु कर्त्तव्यों का बोध करना और कराना पड़ता है। जब हम अधिकारों के प्रति जागरुकता प्रदर्शित करते हैं तो कर्तव्य पालन का भी ध्यान रखना आवश्यक है।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण प्राचीनकाल से ही हमारे संस्कारों में शामिल रहा है। हमारी संस्कृति में महिलाओं का स्थान सर्वोपरि रहा है। प्रचीनकाल से ही हमारी मातृ-शक्ति साहस, युद्ध-कौशल, तपस्या, त्याग और विद्वता से संपन्न रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज की छोटी-छोटी कमजोरियों के प्रति सजग और संवेदनशील हैं। उनके कुशल नेतृत्व में आज देश की 2.5 लाख से अधिक पंचायतों में 14 लाख महिला प्रतिनिधि निर्वाचित हुई हैं। इसके साथ ही सरपंच से सांसद तक हमारी निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या अधिक है। देश में 10 करोड़ बहनें 9 लाख स्व-सहायता समूहों के साथ जुड़कर उद्यमिता से समाज सेवा तक महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।



विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने महिला सशक्तिकरण और मानव अधिकार विषय पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया।

### प्रदेश के लिंगानुपात में प्रभावशाली सुधार हुआ: डॉ. अवधेश

आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि देश में महिला सशक्तिकरण के साथ ही मानवाधिकारों के सुधार की दिशा में केंद्र व राज्य सरकारें सजग हैं और समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण योजनाओं के प्रेजेन्टेशन दिया गया। प्रेजेन्टेशन में लाड़ली बहना और लाड़ली लक्ष्मी योजनाओं के प्रभावों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि केन्द्र और राज्य सरकारों की योजनाओं से प्रदेश के लिंगानुपात में प्रभावशाली सुधार हुआ है। इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण और मानव अधिकार विषय पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया गया।

*आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में हुआ कार्यक्रम का आयोजन*

### बेटों को भी बचपन से महिलाओं की रक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के संस्कार देने होंगे: मंत्री भूरिया

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि महिलाओं के मानवाधिकार और सशक्तिकरण सरकारों की संवैधानिक और समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। मप्र देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की पूर्णतः ऑनलाइन पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया लागू की है। मंत्री भूरिया ने कहा कि वह आदिवासी समाज से हैं और समाज की महिलाओं की परेशानियां समझती हैं, इसलिए उनके निवारण के प्रति संवेदनशील हैं। उन्होंने परिवारों को भी इसके प्रति सजग रहते हुए बेटियों के साथ ही बेटों को भी बचपन से ही महिलाओं की रक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के संस्कार देने होंगे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

7 एमपीआरडीसी की 5 करोड़ रुपए से लगाई गई स्ट्रीट...

8 प्रेम की मरीचिका और स्वच्छंद जीवन की चाहत...







# वार्डों में अतिरिक्त हैंड हेल्ड डिवाइज मशीन, ऑपरेटर, कम्प्यूटर्स की व्यवस्था करें: आयुक्त

### नेशनल लोक अदालत 13 को: निगम राजस्व वसूली की तैयारियों में जुटा, एसआईआर में ड्यूटी लगी होने से नोटिस तामील का काम काफी पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजस्व वसूली के लिए डेली और वीकली वसूली का टारगेट तय करने के बावजूद राजस्व वसूली में काफी पीछे चल रहे निगम प्रशासन ने लोक अदालत में अधिक वसूली को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

13 दिसंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए निगम के सभी 85 वार्डों में अतिरिक्त हैंड हेल्ड डिवाईज मशीन, ऑपरेटर, कम्प्यूटर्स की व्यवस्था करने के निर्देश निगम आयुक्त ने दिए हैं। वार्ड स्तर से उपभोक्ताओं को नोटिस तामीली का काम भी एसआईआर के चलते मामूली ही हो सका है। जो भी कर्मचारी जोन और वार्ड में हैं वे नोटिस तामीली में लगे हैं क्योंकि लोक अदालत में निगम द्वारा अधिभार में छूट दी जा रही है।

नेशनल लोक अदालत में सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए बकाया है, उन्हें मात्र अधिभार में 100 फीसदी की छूट दी जाएगी जबकि 50 हजार से अधिक एवं 1 लाख रुपए तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 फीसदी तक की छूट एवं 1 लाख रुपए से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 फीसदी की छूट दी जाएगी।

### जलकर में 10 हजार रुपए तक की राशि बकाया होने पर अधिभार में 100% की मिलेगी छूट


बैठक में निर्देश देती निगम कमिश्नर संस्कृति जैन।

जलकर (जल उपभोक्ता प्रभार) के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक की राशि बकाया है ऐसे प्रकरणों में अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी जबकि कर एवं अधिभार की राषि 10 हजार रुपये से अधिक 50 हजार रुपये तक की राशि पर अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट तथा जलकर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राषियों पर ही छूट दी जाएगी। छूट प्राप्त करने के उपरांत अधिकतम 02 किस्तों में राषि जमा कराई जाएगी और लोक अदालत के दिन कम से कम 50 प्रतिशत राशि जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। छूट केवल शनिवार, 13 दिसम्बर को आयोजित लोक अदालत के लिए ही मान्य होगी।

## टीएल की बैठक में निगमायुक्त फिर नाराज पूर्व में दिए गए निर्देशों का लिया फीड बैक

नगर निगम में बुधवार को टीएल की बैठक में एक बार फिर निगम आयुक्त इंजीनियरों पर नाराज हुईं। उन्होंने पूर्व में दिए गए निर्देशों का फीड बैक भी लिया। उन्होंने एक इंजीनियर से रोड की फाइल के संबंध में पूछा तो वे बता नहीं पाए। उन्होंने एक एएचओ से बढ़े कर्मचारियों को लेकर जानकारी मांगी। निगम आयुक्त ने सीएम हेल्पलाइन के माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों के जल्द निराकरण के दृष्टिगत सभी अपर आयुक्तों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ विधानसभा क्षेत्रों में शिकायतों का निराकरण त्वरित गति से सुनिश्चित कराएं और शिकायतों का निराकरण न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करें। निगम आयुक्त श्रीमती जैन ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) में हरसंभव सहयोग करने के लिए भी निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार, तन्मय वशिष्ट शर्मा, मुकेश शर्मा, वरूण अवस्थी, हर्षित तिवारी, गुणवंत सेवतकर, उपायुक्त दिनेश सिंह व चंचलेश गिरहरे, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग व सुबोध जैन सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### खबर संक्षेप

## ट्रेन की चपेट में आने से बाघ की मौत



**औबेदुल्लागंज।** रातापानी टाइगर रिजर्व के रेंज बरखेड़ा के बीट मिडघाट रेलवे पटरी पर ट्रेन की चपेट में आने से बाघ की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही वन मंडल डीएफओ एवं अधीक्षक मयंक राज घटनास्थल पर पहुंचे। रेलवे अधिकारी ने बताया कि यह घटना रेलवे कंपार्टमेंट नंबर 78027/29 में हुई है। गौरतलब है कि विगत दिनों एक बाघ की मौत ट्रक के चपेट में आने से हुई थी।

## भोपाल एयरपोर्ट पहुंची फ्लाइट डीजीसीए टीम



**संतनगर।** जिले एयरपोर्ट पर फ़्लाइट ऑपरेशन पूरी तरह से नॉर्मल हो गए हैं और सभी शेड्यूल्ड सर्विस बिना किसी रुकावट के आसानी से चल रही हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ सिविल एविएशन के निर्देशों के मुताबिक, डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ सिविल एविएशन डीजीसीए के अधिकारियों की एक टीम ने बुधवार को भोपाल एयरपोर्ट का दौरा किया, ताकि सभी सुविधाओं के उपायों और मुख्य पैसेंजर टचपॉइंट्स के कामकाज का रिव्यू किया जा सके। इंस्पेक्शन में चेक-इन काउंटर, सिक्योरिटी स्क्रीनिंग एरिया, टर्मिनल क्यू और बैगेज डिलीवरी सिस्टम शामिल थे। डीजीसीए अधिकारियों ने रियल-टाइम सर्विस क्वालिटी और ऑपरेशनल एफिशिएंसी का अंदाज़ा लगाने के लिए पैसेंजर से सीधे बातचीत भी की। पैसेंजर ने इंतज़ामों पर संतुष्टि जताई।

### बड़ी लापरवाही: निष्पादन की जगह जलाया जा रहा था कचरा

# हमीदिया अस्पताल में मर्चूरी के पास जले कचरे में मिले दो नवजात के शव

## एक 90 प्रतिशत तो दूसरा अधजला शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल में मर्चूरी के पास खाली प्लॉट पर जल रहे कचरे में दो नवजात बच्चों के मिलने से सनसनी फैल गई। दरअसल, कचरा किसी ने मर्चूरी के बगल में खाली प्लॉट में जलाया था।

आग बुझने पर पता चला कि कचरे के साथ दो नवजात बच्चों को भी जलाया गया है। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने बुझ चुके कचरे से दो नवजात बच्चों के शव बरामद किए है। शवों को पीएम के लिए मर्चूरी भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि नवजातों के शवों को पन्नी में लपेटकर कचरे में डाला गया था। कोहेफिजा पुलिस ने दोनों नवजात के डीएनए सेंपल कलेक्ट करने के लिए लिखा है। इधर, इतनी बड़ी लापरवाही होने के बाद हमीदिया अस्पताल अधीक्षक सुनीत टंडन ने कॉल रिसीव नहीं किया, जबकि जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने कोई भी घटना होने से इंकार किया है।


इस स्थान पर जले कचरे में मिले नवजात के शव।

मर्चूरी के पास खाली पड़े मैदान में फव्वारे के पास मरीज और सफाईकर्मी कचरा फेंकते हैं। बुधवार सुबह कुछ लोगों को वहां से गुजरना हुआ। लोगों ने देखा जलाए गए कचरे में नवजात का शव जला हुआ पड़ा है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कचरा बिखेरकर देखा तो उसमें एक नहीं बल्कि दो नवजात में शव जले हुए मिले। एक नवजात का शव करीब 90 फीसदी जल चुका था, जबकि दूसरा अधजला था। वहीं कचरे में अस्पताल की एक बेडशीट मिली है, जिससे अनुमान है कि बेडशीट में बच्चों को लपेटकर लाया गया था।

### नवजात के शरीर पर जलकर चिपक चुकी थी पन्नी

पुलिस ने बताया कि नवजात के शरीर पर जली हुई पन्नी चिपकी हुई है। इससे अनुमान है कि उन्हें पन्नी में लपेटकर कचरे में डाला गया था। दोनों नवजात को मरने के बाद कचरे में जलाया गया है या फिर उन्हें जिंदा जलाया गया है यह पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चल सकेगा। पुलिस ने फिलहाल दोनों शव पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिए हैं।

### सीसीटीवी कैमरे खराब

नवजात के जलने की इतनी बड़ी घटना होने के बाद अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कचरा फेंका जा रहा था। अस्पताल से निकले कचरे का निष्पादन करने अस्पताल के पास समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा मर्चुरी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खराब क्वालिटी होने के कारण पुलिस को फुटेज नहीं मिल सके हैं, जो फुटेज मिले हैं, उसमें कुछ भी नजर नहीं आ रहा है।

### एसआईआर पूरा होने के बाद आंकड़ों की बाजीगरी

# नो मैपिंग वाले वोटर्स को शिफ्टिंग में डाला अब 24 घंटे में घट गए 27 हजार मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्यारह तारीख नजदीक आने के साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय ने नो मैपिंग वाले मतदाताओं की तादाद घटाने के लिए काम तेज कर दिया है। इन मतदाताओं की जांच करने के बाद उन्हें शिफ्टिंग में डालकर नो मैपिंग से हटाया जा रहा है। जिसके तहत पिछले 24 घंटे के दौरान करीब 27 हजार वोटर्स को नो मैपिंग से हटाया गया है। जिसमें ज्यादातर वोटर्स को अनकलेक्टेबल केटगरी, जिसमें मृत, शिफ्टेड, डबल एंट्री और अन्य शामिल है। ऐसा करने से नो मैपिंग के साथ डिजिटाइजेशन का आंकड़ा भी कम होता जा रहा है।

राजधानी में एसआईआर को लेकर 11 दिसंबर तक गणना पत्रक जमा किए जाने हैं। जिसके बाद अनकलेक्टेबल केटगरी के वोटर्स के नाम काट दिए जाएंगे। जबकि नो मैपिंग वाले वोटर्स को नोटिस देकर दस्तावेज मांगे जाएंगे। जिले की सात विस में एक लाख 88,808 मतदाता को नोटिस दिए जाएंगे। जिले के 2029 बीएलओ अपने बूथ लेबल पर दोबारा से नौ मैपिंग वाले वोटर्स की जांच कर रहे हैं। जिसे देखते शिफ्टेड और डबल एंट्री वाले वोटर्स को अनकलेक्टेबल की श्रेणी में डाला जा रहा है।

## एक लाख मतदाताओं का नहीं लगा सुराग



### छह हजार घटा गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन

मंगलवार को गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का आंकड़ा 17, 18, 188 था। जो बुधवार को घटकर 17,12,328 पर आ गया है। अनकलेक्टेबल केटगरी के मतदाताओं की तादाद पिछले 24 घंटे के दौरान करीब 8 हजार बढ़ गई है। प्रयास किया जा रहा है कि नो मैपिंग वाले मतदाताओं की तादाद कम करने से कम लोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

पिछले 36 दिनों से डोर-टू-डोर काम करने वाले जिले के 2029 बीएलओ को एक लाख एक हजार 193 मतदाताओं का सुराग नहीं लगा। इन मतदाताओं के पतों पर गणना पत्रक तो दिए गए, लेकिन यह लोग सामने नहीं आए। इन लोगों ने गणना पत्रक तक जमा नहीं किए हैं। इन मतदाताओं की सबसे ज्यादा संख्या हुजूर, गोविंदपुरा और उत्तर में है। अफसरों का कहना है कि यह मतदाता मतदाता सूची के पते पर नहीं मिले हैं। अब इन लोगों को नाम जुड़वाने के लिए नया आवेदन फार्म जमा करना पड़ेगा।

### ढाई लाख मतदाताओं ने बदला घर

चार नवंबर से शुरु हुए एसआईआर के दौरान अब तक करीब दो लाख 55 हजार मतदाताओं ने अपने घर का पता बदला है। ऐसे में इन मतदाताओं का नाम काट दिया जाएगा। इसमें सबसे ज्यादा पलायन गोविंदपुरा विस में हुआ है, यहां 61 हजार से मतदाता हैं। जबकि नरेला में भी करीब 51 हजार मतदाताओं ने घर बदले हैं। अब इन लोगों को नया आवेदन भरकर वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना पड़ेगा।

### कोहेफिजा पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला किया दर्ज

# अनु के स्थान पर सानिया नाम की युवती दे रही थी जीएनएम की सप्लीमेंट्री परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में चल रही जीएनएम की सप्लीमेंट्री परीक्षा में अभ्यर्थी की जगह दूसरी युवती को परीक्षा देते परीक्षक ने पकड़ लिया। सूचना प्रिंसिपल को दी गई। प्रिंसिपल ने कोहेफिजा पुलिस बुलाकर शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। 9 दिसंबर मंगलवार को जीएनएम प्रथम वर्ष 2025 की सप्लीमेंट्री परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा दोपहर में 2 बजे से 5 बजे तक होनी थी। परीक्षा में आरएमडी जैन इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग भोपाल की विद्यार्थी बिहार निवासी अनु कुमारी को परीक्षा देना था, लेकिन उसके स्थान पर सानिया अली पिता मुर्शरफ अली (27) मकान नंबर-71, शिवनगर अशोका गार्डन बैठी मिली। परीक्षक द्वारा एग्जाम शीट में रोल नंबर नामांकन और फोटो का मिलान किया गया। इसके बाद आधार कार्ड मांगा तो सानिया और अनु कुमारी का फोटो का मिलान नहीं हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस सानिया को लेकर थाने पहुंची। सानिया ने बताया कि अपने मौसेरे भाई कलीम के कहने पर परीक्षा देने आई थी। पुलिस ने अनु और कलीम पर एफआईआर दर्ज कर ली है। अब पुलिस अनु कुमारी की तलाश कर रही है। अनु के मिलने पर पता चल सकेगा कि उसने अपनी जगह परीक्षा देने के एवज में कलीम और सानिया को कितनी रकम दी थी।

### गनीमत रही कि सीएनजी टैंक में नहीं हुआ विस्फोट

# भीड़भाड़ वाले रॉयल मार्केट में चलती कार में लगी आग, महिला-बच्चे सहित 5 लोग बाल-बाल बचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के भीड़भाड़ वाले रॉयल मार्केट रोड पर बुधवार शाम चलती कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसा शाम करीब 5.15 बजे का है। जब कार हमीदिया अस्पताल की ओर जा रही थी। कार में दो महिलाएं, दो पुरुष और एक छोटा बच्चा सवार थे। तिराहे के पास अचानक कार के पिछले हिस्से से धुआं और चिंगारी निकलने लगी। खतरा भांपकर सभी लोग तुरंत बाहर निकल गए, जिससे उनकी जान बच गई।

घटना के समय नगर निगम के शव वाहन चालक अर्सलान खान अपनी गाड़ी से कार के पीछे चल रहे थे। उन्होंने स्थिति देखकर तत्काल फायर स्टेशन को सूचना दी। इसके बाद पास के फतेहगढ़ फायर स्टेशन से टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग से कार का पिछला हिस्सा व टायर जल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार में सीएनजी किट लगी थी और संभवतः उसी में आई खराबी से आग भड़की। गनीमत रही कि सीएनजी टैंक में विस्फोट नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# पुलिस कमिश्नर मिश्र ने किया डिजिटल मालखाना का शुभारंभ


टीटीनगर थाना में डिजिटल मालखाना के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र और पुलिस अधिकारी।

**भोपाल।** टीटी नगर थाने में बुधवार को मध्यप्रदेश पुलिस का पहला डिजिटल मालखाना का भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने शुभारंभ किया। क्यूआर कोड आधारित स्मार्ट ट्रैकिंग से केस प्रॉपर्टी का संग्रह, सुरक्षा और निगरानी अब पूरी तरह पारदर्शी व रियल-टाइम होगी। यह पहल पुलिस और जनता के बीच भरोसा मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

### विवि में एक दिन पहले हुई बैठक के अगले दिन की गई कार्रवाई

# बीयू ने 30 विषयों के अध्ययन मंडलों का किया गठन, अगले सत्र से 4 नए कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में प्लानिंग एंड इवैल्युएशन बोर्ड की एक दिन पहले पहले बैठक हुई। इसके तत्काल बाद बुधवार को इस पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। मप्र विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के तहत कुलगुरू प्रो. एसके जैन ने विभिन्न श्रेणियों के तहत अध्ययन मंडल का गठन किया है। इस अध्ययन मंडल का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रभावशील होगा और अध्ययन मंडल का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। बता दें कि मंगलवार को बीयू के कुलगुरु ने छात्रों से सीधे संवाद किया था, जिसमें छात्रों ने कोर्स और सिलेबस को लेकर कई सुझाव दिए थे। इसके बाद कुलगुरु जैन ने अगले सत्र से चार नए कोर्स भी शुरू करने की मंजूरी दी है। योग विभाग में एमए और मनोविज्ञान विभाग में एमए इन क्लीनिकल साइकोलॉजी सत्र 2026-27 से शुरू होंगे। क्लीनिकल साइकोलॉजी कोर्स के लिए एसीआई मान्यता के लिए आवेदन किया जा चुका है। साथ ही दो सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होंगे। इनमें एआई इन ड्रग टेक्नोलॉजी (फार्मेसी विभाग) और सेल्फ डिफेंस (शारीरिक शिक्षा विभाग) को स्वीकृति मिली है।

### इन्हें किया अध्ययन मंडल में शामिल

*बीयू द्वारा बुधवार को जारी आदेश के अनुसार फाइन आर्ट्स के बोर्ड ऑफ स्टडीज की चयन सूची में चेयरपर्सन डॉ. अपर्णा अनिल, सरोजनी नायडू शास. कन्या महावि, भोपाल हैं। सदस्यों में डॉ. अंजली पांडे, एमएलबी कन्या महावि, भोपाल, डॉ. आलोक भावसार, शासकीय हमीदिया कॉलेज, भोपाल, डॉ. कीर्ति सिंह ठाकुर, शासकीय गीतांजलि कन्या महावि, भोपाल, डॉ. झरन हलधर, सत्यसाई कॉलेज, भोपाल और अमन चौरसिया, शासकीय हमीदिया कॉलेज, भोपाल को सदस्य के तौर पर सूची में शामिल किया गया है। यह समिति बीयू के 30 विषयों के अध्यन की रूपरेखा तय करेगी।*



### छात्र तय करेंगे उन्हें क्या पढ़ना है....

विश्वविद्यालय में यह नई पहल की गई है। इसमें छात्रों से सुझाव लिए गए हैं कि पाठ्यक्रम में क्या बदलाव किए जाएं। इसलिए अब वे खुद ही तय कर सकेंगे कि उन्हें क्या पढ़ना है।

प्रो. एसके जैन,
कुलगुरु,बीयू,भोपाल

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## जैकेट का शेष....

### यूनेस्को की अमूर्त...

तक लाल किले में चल रहा है। जब यूनेस्को ने घोषणा की कि दीपावली को यूनेस्को के त्योहारों की सूची में शामिल कर दिया गया है, तब वहां मौजूद लोग 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाने लगे।

### इस त्यौहार की वैश्विक...

आध्यात्मिक महत्व और लोगों को एक साथ लाने में इसकी भूमिका को मान्यता प्रदान करता है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने एक्स पर लिखा- भारत के लिए एक ऐतिहासिक दिन। यह सम्मान हमारे प्रकाश पर्व के सार्वभौमिक संदेश 'निराशा पर आशा की विजय', 'विभाजन पर सद्भाव की विजय' और 'सभी के लिए प्रकाश' का प्रतीक है। यूनेस्को और हमारी चिरस्थायी परंपराओं के सभी संरक्षकों के प्रति मैं कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। जय हिंद।

### दिवाली विश्व धरोहर...

त्योहार बना दिया है। न्यूयॉर्क की सड़कों से लेकर सिडनी के हार्बर तक दिवाली आज दुनिया की साझा रोशनी है।

### पुलिस वैन-कंटेनर...

व्यक्त किया है। मुरैना जिले का बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड बालाघाट में ड्यूटी पर तैनात था। वहां से वे बीडीडीएस वाहन (एमपी 03 ए 4883) में सवार होकर मुरैना लौट रहे थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर बांदरी के पास झिंझनी घाटी पर सामने से आ रहे कंटेनर से पुलिस वाहन की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डॉग मास्टर समेत चार जवानों की जान चली गई। पुलिस ने जेसीबी की मदद से वाहन की बॉडी काटकर शवों को बाहर निकाला।

### लैंडिंग के वक्त...

के मुताबिक लैंडिंग के वक्त पायलट का एयरक्राफ्ट से नियंत्रण छूट गया। वह एक तरफ झुककर रनवे से नीचे आकर क्रैश हो गया। हादसे के वक्त ढाना हवाई पट्टी से सड़क दुर्घटना में घायल एक जवान को एयरलिफ्ट किया जा रहा था। जिला प्रशासन के अधिकतर अधिकारी मौके पर मौजूद थे। एविएशन एकेडमी के अधिकारियों ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### उत्तर तय सेक्शन में...

सामाजिक विज्ञान के उत्तर चार खंडों (इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र) में लिखना अनिवार्य है। हर प्रश्न का उत्तर सिर्फ उसके निर्धारित खंड में ही लिखें, किसी अन्य खंड में न लिखें और न मिलाएं। अगर उत्तर खंडों में मिल जाते हैं, तो उनका मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और अंक नहीं मिलेंगे। परीक्षा परिणाम आने के बाद सत्यापन या पुनर्मूल्यांकन के दौरान भी ऐसी गलतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और उन पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

### पिता के निधन...

करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने डॉ. हिमांशु द्विवेदी की माताजी श्रीमती रमा द्विवेदी, छोटे भाई रवि द्विवेदी एडवोकेट ,पुत्रवधू कीर्ति द्विवेदी और भतीजे शिवांश द्विवेदी से भेंट कर उन्हे ढाढस बंधाते हुए कहा कि स्वर्गीय द्विवेदीजी का ना रहना केवल परिवार के लिए क्षति नहीं, हम सबके लिए क्षति है। उन्होंने कहा कि एक स्तंभ के रूप में डॉ.द्विवेदी की माताजी हमारे बीच हैं उनसे हम सब ऊर्जावान है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि जिन सिद्धांतों और मूल्यों पर स्व.द्विवेदी चले थे उन्हे आत्मसात करके आगे बढ़ते हैं तो मुझे लगता है कि उनके प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। स्व.द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भाजपा विधायक मोहन सिंह राठौड़, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, शहर जिला भाजपा के अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया सहित अन्य गण मान्य लोग भी मौजूद थे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक-23, 59 अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल (म.प्र.)**

☎0755-276/257 E-mail-eenvda23@gmail.com

निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.लि.-23/2025-26/2879 :: निविदा आमंत्रण सूचना :: (द्वितीय आमंत्रण) भोपाल, दिनांक 08.12.2025

ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये आनलाईन निविदायें नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है:-

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर की राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | ठेकेदारों की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07 (Ind Call) | नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के मुख्यालय नर्मदा भवन 59, अरेरा हिल्स, भोपाल में स्थापित फायर फाईटिंग, फायर अलार्म सिस्टम, फायर एक्सटिंगुसर्स एवं वाटर सप्लाय पम्प आदि कार्यों का वार्षिक रख-रखाव एवं संचालन का कार्य वर्ष 2025-26. | Rs. 30.77 लाख (रू. तीस लाख सतत्तर हजार मात्र) | Rs. 50,000.00 (रू. पचास हजार मात्र) | Rs. 5,000.00 (रु. पाँच हजार मात्र) | लोक निर्माण विभाग द्वारा पंजीकृत नवीन कोई भी श्रेणी एवं मुख्य निरीक्षक म.प्र. शासन द्वारा जारी ''अ'' श्रेणी का विद्युत ठेकेदारी का वैद्य पंजीयन प्रमाण-पत्र। | 01 वर्ष (वर्षाकाल सहित) |

1. निविदा कार्य के प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि : दिनांक 17.12.2025, 17:30 तक
2. धरोहर राशि एवं अहर्ता दस्तावेज वेब साईट पर खोलने की अनुमानित तिथि : दिनांक 19.12.2025, 10:30

निविदा प्रपत्र केवल उपरोक्त वेबसाईट से निविदा मूल्य डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर क्रय किये जा सकते है। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं संशोधन के लिये वेबसाईट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 23, 59,अरेरा हिल्स, नर्मदा भवन, भोपाल

जी - 22570/25 स्वच्छता ही सेवा


## पेज एक का शेष....

### सेलवेंद्रन और अजीत....

में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अफसरों के लिए विभागीय पदोन्नत समिति (डीपीसी) की बैठक गुरुवार को रखी गई है।

मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पदोन्नति समिति के सदस्य एसीएस अशोक बर्णवाल, एसीएस जीएडी संजय शुक्ला, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई समित अन्य अफसर शामिल होंगे। इसमें वर्ष 2002 बैच के दो अफसरों को प्रमुख सचिव के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। दरअसल, 2001 बैच के अफसर प्रमुख सचिव बन चुके हैं, जबकि 2002 बैच में महज दो ही अफसर हैं, इन्हें अभी तक पदोन्नत नहीं किया गया है।

2013 बैच के 27 अफसरों को अतिरिक्त सचिव के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। जबकि 2022 बैच के 8 आईएएस अफसरों को एडिशनल कलेक्टर के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। 2017 बैच के आईएएस अफसरों को पे स्केल प्रदान किया जाएगा।

### यह अफसर सचिव...

स्वास्थ्य तरुण राठी, आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा, अनुराग चौधरी, ओएसडी सह कमिश्नर ट्रेजरी एंड अकाउंट मप्र, आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल, आशीष सिंह, षणमुख प्रिया मिश्रा, छोटे सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, सपना निगम, आयुक्त जनसंपर्क व एमडी मप्र माध्यम दीपक सक्सेना, रामप्रताप जादौन, अतिरिक्त सचिव श्रम बसंत कुर्रे, सुरेश कुमार, चंद्र शेखर व शीलेंद्र सिंह को सचिव के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। जबकि 2013 बैच के आईएएस अफसर प्रियंक मिश्रा, अमरवीर सिंह बैंस, ऋषि गर्ग, रजनी सिंह, मयंक अग्रवाल, सोनिया मीना, सतीश कुमार, फ्रैंक नोबल समेत अन्य अफसरों को पदोन्नत किया जाएगा।

### इंडिगो के कामकाज...

के नाम ऐश्वीर सिंह- डिप्टी डायरेक्टर और मणि भूषण- सीनियर स्टैटिस्टिकल ऑफिसर है। दोनों टीमें रोजाना शाम छह बजे तक अपनी रिपोर्ट अनिवार्य रूप से डीजीसीए के समक्ष पेश करेंगी।

### लड़कियों पर अभद्र ....

बढ़ने पर अनिरुद्धाचार्य ने सफाई दी थी। उन्होंने कहा था कि वह महिलाओं का सम्मान करते हैं और उनके बयान को गलत संदर्भ में पेश किया गया था।

इस विवादित बयान के खिलाफ 'अखिल भारत हिंदू महासभा' आगरा की जिला अध्यक्ष मीरा राठौर ने मथुरा की सीजेएम अदालत में परिवाद दायर किया था।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि अनिरुद्धाचार्य की टिप्पणी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है और सामाजिक सौहार्द को भी प्रभावित करती है।

### तिरुपति देवस्थानम ....

करोड़ों में वसूली गई। इस घोटाले की रकम लगभग 54 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। एक ठेकेदार ने करीब 15,000 दुपट्टे प्रति पीस 1,389 रुपए की दर से दिए और दावा किया कि ये सिल्क दुपट्टे हैं। लेकिन जांच के दौरान सैंपल जब सेंट्रल सिल्क बोर्ड सहित दो लैब्स में भेजे गए, तो रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि दुपट्टे असली रेशम से नहीं, बल्कि पूरी तरह पॉलिएस्टर से बने थे।

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए टीटीडी चेयरमैन बीआर नायडू ने कहा हमें खरीद विभाग में कुछ अनियमितताएं मिली हैं। इस पर गंभीरता से संज्ञान लेकर हमने जांच एसीबी को सौंप दी है।

### पूर्व विधायक की....

ज्यादा कारों का काफिला लेकर इंदौर और ग्वालियर की टीम पहुंची। आयकर विभाग की टीम ने दोनों प्रतिष्ठानों के मुख्य गेट बंद करवा दिए। पूर्व विधायक आलोक चतुर्वेदी , भजन भैया और उनके पार्टनर राव से विभागीय अधिकारियों ने लंबी पूछताछ की। टीम दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन और उत्पादन से जुड़े रिकॉर्ड खंगालन रही है।

### कांग्रेस की 12...

के पास दो घंटे तक सड़क पर चले धरने के बाद शाम करीब 4:30 बजे प्रशासन ने जीतू पटवारी, ओंकार मरकाम, कमलेश्वर पटेल, जयवर्धन सिंह और नेहा कावरे को एक कार से मौके पर जंगल की ओर भेजा। जंगल से बाहर आकर पटवारी ने कहा- 10 हजार एकड़ के पहाड़ों, जंगल और जमीन को नष्ट करके अडाणी को दे दिया गया है। इसके लिए किसी प्रकार की परमिशन नहीं ली गई है। जमीन के बदले आदिवासियों को 4 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है जबकि अन्य लोगों को 16 लाख रुपए का मुआवजा दिया जा रहा है। कांग्रेस की 12 सदस्यीय जांच टीम सुबह सिंगरौली पहुंची थी, लेकिन पुलिस ने टीम को बासी बेरदहा जाने से पहले ही घिरौली गांव के पास रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता वहीं सड़क पर धरने पर बैठ गए। मौके पर करीब 200 से ज्यादा कांग्रेसी मौजूद रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। पुलिस की रोक के बावजूद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और सांसद विक्रांत भूरिया बाइक से जंगल की ओर निकल गए।

### कारोबारी ने आशिकी ...

इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है।

### दंपती ने चैट ....

संबंध में दंपती ने चैट और बातचीत के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को शेयर किए हैं। आरोप है कि कल्पना वर्मा ने दीपक टंडन पर अपनी पत्नी को तलाक देने और उनसे शादी करने का दबाव भी बनाया। मामले में डीएसपी कल्पना वर्मा ने सभी आरोपों को बेबुनियाद और निराधार बताया है।

### भगवान महाकाल को ....

है कि फूलों की भारी व बड़ी माला ना तो बनाए और न ही विक्रय करे। 500 से 2100 रुपए तक बिकने वाली इन अजगर मालाओं को भक्त खरीद कर शिवलिंग को अर्पित कर रहे थे। भक्त पुजारी को देते और पुजारी भगवान महाकाल को पहना देते थे।

### जल स्रोतों में ...

स्तर पर मिसाल पेश करेगा। डॉ. यादव ने कहा कि जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों और महिला समूहों को राज्य, संभाग, जिला और ग्राम स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री बुधवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग की समीक्षा कर रहे थे।

### जल संकट वाले ....

मालिक सेवाभावी हों। जरूरत पड़ने पर इनके ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति कराने का प्रयास करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने जल जीवन मिशन के कार्यों के समुचित संचालन-संधारण के लिए प्रभावी योजना बनाने की बात कही।

### बोरवेल दुर्घटना रोकने .....

पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से डिजिटल जल कर संग्रह व्यवस्था लागू की गई है।


**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्या.**

कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग-क्रमांक 01, पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष क्र. : 0755-2673195, E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्रमांक: लउनि/निर्माण/संभाग/भोपाल/2025-26/43
भोपाल, दिनांक 09.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं:- **कार्य का नाम-** औद्योगिक क्षेत्र गोविन्दपुरा भोपाल जिला भोपाल हेतु जी+5 बहुमंजिला औद्योगिक पार्क के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिये वास्तुविद सलाहकार का चयन कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 66,42,800। निविदा की बिड जमा करने की अंतिम तिथि 24.12.2025 सायं 05.30 बजे। निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/123453/2025 महाप्रबंधक(सं./नि.)



**बैंक आफ महाराष्ट्र** (भारत सरकार का उद्यम) www bankofmaharashtra in

अंचल कार्यालय : 1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011

**आधिपत्य सूचना (स्थावर संपत्ति) नियम-8 (1)**

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चो सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। यह सूचना पत्र रजिस्टर्ड डाक एवं हैंड डिलेवरी द्वारा भेजा गया था।
ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का **कब्जा** निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है । ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ महाराष्ट्र, गौतम नगर शाखा, भोपाल** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

| उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक रखी संपत्ति के विवरण | बकाया राशि |
|---|---|---|
| ऋणीः 1. **मेसर्स राजोरा सीमेंट वर्क्स प्रो.- श्री विशतोष सिंह पुत्र श्री अरुण कुमार सिंह** पता 1: ग्राम, आदमपुर छावनी रायसेन रोड, एलएनसीटी भोपाल के पास, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल-462022 पता 2: राजोरा फार्म हाउस खजूरी कलां रोड, जिला-भोपाल, म.प्र.-46202 जमानतदारः 2. **श्री अरुण कुमार सिंह पुत्र श्री शिव राज सिंह** पता 1: राजोरा फार्म हाउस खजूरी कलां रोड, जिला-भोपाल, म.प्र.-462023 पता 2: ए-01, शिव पैलेस, खजूरी कला रोड, भोपाल, म.प्र.- 462023 | संपत्ति का समस्त भू भाग एवं उस पर निर्मित एक किता आवासीय डायवर्टेड खुला प्लॉट नंबर 22 जो खसरा नंबर 29/3 एवं 32 का भाग है, क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट (223.04 वर्गमीटर) स्थित अविकसित ग्राम छान नगर निगम सीमा के अन्तर्गत, पटवारी हल्का नंबर 44, मिसरोद तहसील हुजूर, जिला-भोपाल चर्तुसीमाएँ: उत्तरः प्लॉट नं. 01, पूर्वः रोड, पश्चिमः प्लॉट नंबर 21, दक्षिणः रोड, संपत्ति मालिक- श्री अरुण कुमार पुत्र श्री एस आर सिंह Cersai ID:- 200012561455 | ₹ 20,34,793/- + दिनांक 19/06/2025 से अप्रभारित ब्याज एवं अन्य खर्च; मांग सूचना दिनांक 19/06/2025; कब्जा दिनांक 05/12/2025 |

दिनांक : 05.12.2025 स्थानः भोपाल (संदीप पोटे) सहायक महाप्रबंधक, गौतम नगर शाखा, भोपाल












**CHANGE OF NAME**

I. No. 15457275M Rank of NK/PH Name DINESH KUMAR Unit-4021 FIELD HOSPITAL, Bhopal I, have changed my Mother's name from SURSATTI DEVI to SURSATTI RAJBAHADUR YADAV, due to erroneously mentioned name as SURSATTI DEVI in service of my document.That both names SURSATTI DEVI and SURSATTI RAJBAHADUR YADAV pertain to one and the same person. AFFIDAVIT-29AA 657196

**CHANGE OF NAME &D.O.B.**

I. No. 15457275M Rank of NK/PH Name DINESH KUMAR Unit - 4021 FIELD HOSPITAL, Bhopal , I have changed my father's name from RAJ BAHADUR to RAJBAHADUR BHULAN YADAV, due to erroneously mentioned name as RAJ BAHADUR in service of my document.That both names RAJ BAHADUR and RAJBAHADUR BHULAN YADAV pertain to one and the same person and I have change my Father date of birth from 15/09/1966 to 10/09/1964 due to erronesouly mentioned date of birth as 15/09/1966 in service documents . My Father actual date of birth is 10/09/1964.I am producing this Affidavit for the purpose of evidence. AFFIDAVIT 29AA 657195






**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक











## राशिफल

**मेष** – कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** – मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** – व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** – मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।


## शब्द पहेली - 6074



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार,जेल-4
8. पानी,नीर-2
9. मीन,मत्स्य-3
10. लक्ष्मी,कमला-2
11. कलाकार,फनकार-4
12. मर्द,मादा का विलोम-2
14. हसरत,मुराद-4
15. कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17. भूमि,धरती-3
19. मतवासा,मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना,भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप,सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर,अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र,बेटा-3
39. टौंटी,नलका-2
40. ललचाना,तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर,अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी,कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर,थाती-4
13. मिट्टी,धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़,द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट,मेल-मिलाप-4
30. दिया,दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया,नवीन-2

**शब्द पहेली - 6073 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6084

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6083 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप

### एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव एफओएफ लांच

**मुंबई।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव फंड ऑफ फंड (एफओएफ) लांच करने की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स स्कीम है, जो गोल्ड और सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स की यूनिट्स में निवेश करेगी। नया फंड ऑफर 10 दिसंबरसे सब्सक्रिप्शन के लिए खुला और 22 दिसंबर 2025 को बंद होगा। एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने कहाकि सोना और चांदी ऐतिहासिक रूप से मुद्रास्फीति और मुद्रा अस्थिरता के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा प्रदान करते रहे हैं।

### एक्सिस ने की एबीसी स्कोरकार्ड लांच की घोषणा

**मुंबई।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक एक्सिस फाइनेंस लिमिटेड ने एबीसी स्कोरकार्ड लांच करने की घोषणा की। यह एडवांस्ड एप्लीकेशन, बिहेवियर और कलेक्शन स्कोरकार्ड का एक सेट है, जो डेटा आधारित इनसाइट और ऑटोमेशन के माध्यम से क्रेडिट जोखिम आकलन और पोर्टफोलियो प्रबंधन को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया है। एबीसी स्कोरकार्ड एक्सिस फाइनेंस को जोखिम का निष्पक्ष मूल्यांकन करने, बेहतर बनाने और पोर्टफोलियो की सेहत को मजबूत करने में सक्षम बनाएंगे।

### बोधि ट्री को हुई 42.81 करोड़ रुपए की आय

**मुंबई।** बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी कर दिए हैं। पहली छमाही में कंपनी को 42.81 करोड़ रुपए की कुल आय हुई, कंपनी का एबिटडा 6.47 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 3.53 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। वहीं वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल आय 24.40 करोड़ रुपए दर्ज हुई। जबकि एबिटडा 4.91 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 3.05 करोड़ रुपए दर्ज हुआ।

### इंडसइंड ने सिट्रोइन के साथ साझेदारी की

**मुंबई** । इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने सिट्रोइन इंडिया के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी ग्राहकों को अधिक सुविधा, भरोसा और सुरक्षा देने के लिए की गई है, ताकि हर सिट्रोइन ग्राहक पहले दिन से ही निश्चिंत ड्राइविंग का अनुभव कर सके। इस साझेदारी के जरिए हम ग्राहकों को अनोखी लचीलापन और विकल्प दे रहे हैं, जिसमें कस्टमाइज़्ड मोटर इंश्योरेंस समाधान की व्यापक रेंज शामिल है। अभिनव कवरेज विकल्पों से लेकर आसान, डिजिटल-फर्स्ट क्लेम प्रक्रियाओं तक हम पूरे ओनरशिप अनुभव में गति, पारदर्शिता और पूर्ण मानसिक शांति सुनिश्चित करते हैं।

### चंदन हेल्थकेयर का शुद्ध लाभ 16 करोड़ रु. पहुंचा

**लखनऊ।** चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम की घोषणा की है। पहली छमाही में कंपनी को 137.49 करोड़ रुपए की कुल आय प्राप्त हुई। जबकि एबिटडा 29.98 करोड़ रुपए रहा और शुद्ध लाभ 15.60 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के प्रमोटर और प्रबंध निदेशक अमर सिंह ने कहाकि वित्त वर्ष 2026 के पहली छमाही में कंपनी मजबूत वृद्धि का दौर दर्शाया, जिसमें राजस्व 23.38 फीसदी बढ़कर 137 करोड़ हो गया।

### विशेषज्ञों की टीम ने पेट से निकाली नुकीली धातु

**कोलकाता।** डॉ. प्रदीप्त कुमार सेठी, निदेशक–गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मणिपाल अस्पताल ईएम बायपास एवं मुकुंदपुर क्लस्टर के नेतृत्व में विशेषज्ञों की टीम ने बारासात, उत्तर 24 परगना निवासी 4 वर्षीय कृष्णु रॉय (नाम परिवर्तित) के पेट से एक नुकीली धातु की पिन को सफलतापूर्वक बाहर निकाला। कृष्णु ने पानी पीते समय गलती से इस पिन को निगल लिया था। खेलते समय उसने पानी की बोतल में धातु की पिन डाल दी थी, जो पानी पीते समय अनजाने में उसके शरीर में चली गई।

## मूंगफली, तिल एवं सरसों तेल का उत्पादन कम, जानकारों ने कहा-बढ़ सकते खाद्य तेलों के रेट

# स्थानीय थोक बाजार हनुमानगंज, जुमेराती और आजाद मार्केट में 500 टन हर रोज हो रही खाने के तेलों की बिक्री

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

मूंगफली , सरसो और तिल तेल के दाम में तेजी का रूख बना हुआ है और बाजार जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में इन तीनों तेलों के दाम में तेजी के ही संकेत है। क्योंकि मूंगफली, सरसों और तिल्ली तीनों की तिलहनों का उत्पादन कमजोर है जिसकी बदौलत इन तेलों का भविष्य तेजी सूचक का है।

स्थानीय तेल कारोबारी बागमल पवैया और तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि भोपाल के पुराने शहर स्थित थोक तेल जिंस बाजार हनुमानगंज, जुमेराती , आजाद मार्केट में मूंगफली तेल 13 किलो 2260 रुपए, 15 किलो सरसो तेल का 2700 रुपए और 15 किलो वजन में तिल्ली तेल का सौदे 2750 रुपए के भाव पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा किउत्पादन कम होने और खपत अधिक बढ़ने के कारण रेट आने वाले कुछ ही समय में इन तीनों तेलों के दाम में 20 से 30 किलो तक दाम बढ़ सकते हैं।

***मूंगफली तेल 13 किलो 2260 रुपए, 15 किलो सरसों तेल 2700 रुपए और 15 किलो तिल्ली तेल का सौदा 2750 रुपए के भाव पर हुआ***


खाद्य तेल

### खाद्य तेलों की बढ़ती मांग ने घरेलू उत्पादन को पीछे छोड़ दिया

विशेषज्ञों के अनुसार देश में खाद्य तेलों की बढ़ती मांग ने घरेलू उत्पादन को पीछे छोड़ दिया है। भारत में खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति घरेलू खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2004-05 में ग्रामीण क्षेत्रों में 5.76 किलोग्राम, वर्ष और शहरी क्षेत्रों में 7.92 किलोग्राम, वर्ष से बढ़कर 2022-23 में क्रमशः 10.58 किलोग्राम, वर्ष और 11.78 किलोग्राम, वर्ष हो गई है। यह इस अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में 83.68 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 48.74 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। बताया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर खाद्य तेल क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण सोयाबीन, पाम और रेपसीड तेलों का उत्पादन और सूरजमुखी के बीज के तेल उत्पादन में मध्यम वृद्धि है। इस वैश्विक परिदृश्य में भारत, अमेरिका, चीन और ब्राज़ील के बाद चौथा सबसे बड़ा देश है, जो वैश्विक तिलहन क्षेत्र का लगभग 15-20 प्रतिशत, कुल वनस्पति तेल उत्पादन का 6-7 प्रतिशत और वैश्विक खपत का 9-10 प्रतिशत योगदान देता है। हालांकि उपज में भारी अंतर और सीमित क्षेत्र विस्तार ने देश को अपनी बढ़ती खपत के स्तर तक पहुंचने से रोक दिया है।

**सर्दी का सीजन होने के साथ वैवाहिकी मांग से खाद्य तेलों की अच्छी खपत**

तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी के अनुसार पुराने शहर के थोक जिंस बाजार हनुमानगंज, जुमेराती, आजादमार्केट और जनकपुरी में सभी खाद्य तेलों की 500 टन रोजाना खपत है। उन्होंने बताया कि सर्दी का सीजन होने के साथ वैवाहिकी सीजन होने खाद्य तेलों की मांग अच्छी बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि भारत तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर ज़ोर दे रहा है, खासकर मूंगफली, सरसों और सोयाबीन में, जिससे आयात घट सकता है, लेकिन पिछले कुछ समय से उत्पादन में उतार-चढ़ाव और अंतरराष्ट्रीय कीमतों के कारण तेलों के दाम बढ़े हैं। हालांकि सरकार और उद्योग कीमतों को स्थिर रखने की कोशिश कर रहे हैं ।

## डीपी वर्ल्ड ने पावरखेड़ा से शुरू की नई एक्जिम रेल सर्विस

# एक ही जगह मिलेगी वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज और बॉन्डेड लॉजिस्टिक्स का इंटीग्रेशन

**वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल**

डीपी वर्ल्ड ने मध्य प्रदेश स्थित पावरखेड़ा को मुंबई में न्हावा शेवा कंटेनर टर्मिनल से जोड़ने के लिए नई एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट (एक्जिम) रेल सर्विस लांच की है। इससे वैश्विक एवं घरेलू बाजारों तक राज्य की सीधी पहुंच मजबूत होगी।

इस सर्विस को हफ्ते में दो दिन डीपी वर्ल्ड के मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पावरखेड़ा (डीपी वर्ल्ड पावरखेड़ा) से संचालित किया जाएगा। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे लॉजिस्टिक्स की लागत एवं कार्बन उत्सर्जन कम करते हुए कार्गो मूवमेंट को तेज किया जा सके।



मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स पावरखेड़ा

**पावरखेड़ा हब ग्राहकों के लिए गेम चेंजर**

डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट के रेल एवं इनलैंड टर्मिनल्स वाइस प्रेसिडेंट अधेन्दू जैन ने कहाकि हमारा पावरखेड़ा हब ग्राहकों के लिए गेम चेंजर है, विशेषरूप से एग्री-प्रोसेसिंग एवं फूड सेक्टर से जुड़े ग्राहकों के लिए। यहां वेयरहाउसिंग, कोल्ड स्टोरेज और बॉन्डेड लॉजिस्टिक्स का बेहतरीन इंटीग्रेशन मिलता है। मल्टीमोडल कनेक्टिविटी से दक्षता के साथ घरेलू एवं एक्जिम कार्गो मूवमेंट सुनिश्चित होता है और ट्रांजिट टाइम में उल्लेखनीय कमी आती है। हम अभी न्हावा शेवा के लिए हफ्ते में दो दिन इस सर्विस का संचालन कर रहे हैं। ग्राहकों की ओर से मजबूत मांग को देखते हुए भविष्य में इस सर्विस को रोजाना किया जा सकता है। यह हब न केवल सप्लाई चेन की दक्षता को बढ़ाने वाला है,

**सीधे ट्रेन से कार्गो की लोडिंग -अनलोडिंग संभव और कंटेनर रिपेयर केंद्र भी**

*अधेन्दू जैन ने बतायाकि डीपी वर्ल्ड का पावरखेड़ा, लॉजिस्टिक्स कंपोजिट हब ग्राहकों को स्पेशियस कम्प्लायंट वेयरहाउस, इनलैंड कंटेनर यार्ड और डेडिकेटेड रेल एरिया वाला इकोसिस्टम देता है। इससे सीधे ट्रेन से कार्गो की लोडिंग व अनलोडिंग संभव होती है। यहां कंटेनर रिपेयर केंद्र भी है, कंटेनर्स को चावल एवं गारमेंट कार्गो के लिए उपयुक्त बनाया जाता है। यहां कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग एवं मैन्यूफैक्चरिंग के लिए समर्पित जगह, जल्दी खराब होने वाले उत्पादों, दवाओं एवं कृषि उत्पादों जैसे संवेदनशील कार्गो के लिए टेंपरेचर कंट्रोल्ड मॉड्यूल के साथ आधुनिक कोल्ड स्टोरेज भी है। कुल मिलाकर लॉजिस्टिक्स पॉलिसी 2025 के साथ रणनीतिक स्थिति इसे उभरता हुआ ट्रेड एवं मैन्यूफैक्चरिंग पावरहाउस बना रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में जीएसडीपी में यहां के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की 19 प्रतिशत की मजबूत हिस्सेदारी रही थी। नई रेल सर्विस से मंडीदीप, भोपाल, इटारसी, नर्मदापुरम, पिपरिया, रायसेन और सीहोर की इंडस्ट्रियल बेल्ट के उद्योगों के लिए तीन दिन में भारत के सबसे व्यस्त कंटेनर पोर्ट तक पहुंच सुनिश्चित होगी।*

## एफएआई सेमिनार 2025 में इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट होगा केंद्र बिंदु

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) तीन दिवसीय वार्षिक सेमिनार 2025 नई दिल्ली में आयोजित कर रही है। जिसकी शुरूआत 10 दिसंबर से हुई और यह सेमीनार 12 दिसंबर तक चलेगा। उद्घाटन केमिकल्स एवं फर्टिलाइजर्स तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, जगत प्रकाश नड्डा ने किया।

'हरे भविष्य के लिए उर्वरक प्रबंधनः किसानों के सशक्तिकरण को गति' विषय पर आधारित यह सेमिनार उर्वरक उद्योग के लिए एक वैश्विक मंच होगा, जहां प्रमुख नीतिनिर्माता, वैज्ञानिक और उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ एक साथ मिलकर सस्टेनेबल नुट्रिएंट मैनेजमेंट और किसान-केंद्रित विकास के अगले चरण पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और उर्वरक विभाग के सचिव रजत कुमार मिश्रा भी शामिल होंगे। इनके साथ ही तकनीकी प्रदाता, पर्यावरण विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और किसान प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में चार तकनीकी सत्रों और सोलह प्रस्तुतियों के दौरान भारत और विदेश से आए प्रतिनिधि उर्वरक नीति, पोषक तत्व दक्षता, हरित उत्पादन के नए तरीक़ों और नवाचारों पर विचार-विमर्श करेंगे। एफएआई के चेयरमैन और कोरोमंडल इंटरनेशनल के एमडी एवं सीईओ, एस. शंकरसुब्रमण्यम ने कहाकि जब भारत खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ा रहा है, ऐसे समय में उर्वरक क्षेत्र एक बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ा है। एफएआई का वार्षिक सेमिनार संवाद और ज्ञान-साझा करने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करता है, ताकि हरित और बेहतर पोषक प्रबंधन की दिशा तय की जा सके। उर्वरक उद्योग संसाधनों का बेहतर उपयोग करके और संतुलित पोषण को बढ़ावा देकर नवाचार और सस्टेनेबिलिटी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। एफएआई के महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने कहाकि भारत का उर्वरक क्षेत्र एक ऐसे दशक में प्रवेश कर रहा है जहां नवाचार, स्थिरता और डिजिटल तकनीक पोषक तत्वों के उपयोग को नए तरीके से परिभाषित करेंगे।

## मानसरोवर ग्रुप में एआई सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस लैब होगी स्थापित

# रूहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजी से हुआ करार एआई लैब और इन्क्यूबेशन सेंटर बनेगा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विभिन्न संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बेहतर इस्तेमाल कर अपने ज्ञान और प्रैक्टिकल अनुभव को नई दिशा दे सकेंगे।

इस हेतु एमजीआई द्वारा रूहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के बीच बुधवार को एमओयू साइन हुआ, जिसमें एआई लैब और इन्क्यूबेशन सेंटर तैयार किए जाने की कार्ययोजना बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ.पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य एमजीआई और आरएफ़टी के बीच ज्ञानसेतु एआई प्रोजेक्ट, एआई लैब,एआई ट्रेनिंग और इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और प्रोडक्टिविटी को बढ़ाना है। इससे पहले मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी ने बताया कि मानसरोवर शिक्षण संस्थान समूह का यह प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जाए और इसी क्रम में समूह द्वारा 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' नाम से एआई लैब तैयार की जाएगी। रूहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड से आए चीफ़ एआई आर्किटेक्ट अमित परमार ने बताया कि आरएफ़टी योग्य विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करेगा। वहीं उद्योग और अनुसंधान के रुझानों के अनुसार समय-समय पर पाठ्यक्रम को अपडेट भी किया जाएगा। बैठक में मानसरोवर डेंटल कॉलेज के डीन बी. गुरुदत्त नायक और मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत ने मेडिकल क्षेत्र में एआई से जुड़ी संभावनाओं और नवाचारों पर चर्चा की। इस दौरान एआई इंजिनियर अनिरुद्ध वत्स, एआई रिसर्चर दिव्यांश गुप्ता सहित फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट की डीन डॉ. मीनाक्षी श्रीवास्तव, फैकल्टी ऑफ जर्नलिज़्म एंड मास मीडिया की डीन डॉ.सुधा कुमार और पीआरओ हिमांशु पाण्डेय मौजूद रहे।



करार

## अमेजन करेगा भारत में 3.14 लाख करोड़ रु. का निवेश

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भारत में अपने सभी बिजनेस सेगमेंट में 2030 तक 35 अरब डॉलर यानी लगभग 3.14 लाख करोड़ के भारी निवेश की योजना बना रही है। यह घोषणा कंपनी के अमेजन संभव शिखर सम्मेलन के दौरान की गई। अमेजन के उभरते बाजारों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि कंपनी भारत में एआई आधारित डिजिटलीकरण, निर्यात में तेजी और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस करेगी। अग्रवाल के अनुसार अमेजन का लक्ष्य है कि भारत से अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाले निर्यात को वर्तमान 20 अरब डॉलर से बढ़ाकर 80 अरब डॉलर तक पहुंचाया जाए। इसके साथ ही कंपनी 2030 तक 10 लाख अतिरिक्त नौकरियां बनाने का लक्ष्य भी रखती है, जिसमें प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष, मौसमी और प्रेरित रोजगार शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अमेजन ने 2010 से अब तक भारत में 40 अरब डॉलर का निवेश किया है। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ों से संकलित कीस्टोन की एक रिपोर्ट के अनुसार यह भारत में सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है।

## अडाणी समूह 2031 तक 12 लाख करोड निवेश करेगा

# आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए संघर्ष जारी, पीएम ने भी इसका आह्वान किया, यह एक नई आजादी है

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

पोर्ट से लेकर एनर्जी सेक्टर में फैले अडाणी समूह की अगले छह वर्षों में भारत में 12 लाख करोड़ रुपये तक निवेश करने की योजना है। समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी ने यह जानकारी दी। अडाणी ने कहा कि बुनियादी ढांचे, खनन, नवीकरणीय ऊर्जा और बंदरगाहों समेत अन्य क्षेत्रों में बड़ा निवेश किया जाएगा।

अडाणी ने कहाकि निवेश की अपार संभावनाएं हैं। हम अगले छह साल में भारत में 10 से 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। उद्योगपति ने कहा कि कॉरपोरेट भारत और उद्योगपति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भरता के आह्वान के साथ जुड़ रहे हैं, जिसे उन्होंने भारत की नई स्वतंत्रता बताया है। अडाणी ने कहाकि आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए संघर्ष जारी है प्रधानमंत्री ने भी इसका आह्वान किया है यह एक नई आजादी है। हर उद्योगपति और हर समूह इसी पर काम कर रहा है। वह आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए यहां आये थे। उन्होंने कहा,



गौतम अडाणी

प्रस्तावित निवेश में बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा परिवर्तन, बंदरगाह और अन्य चीजें शामिल होंगी। अडाणी ने कहाकि हमने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक बनने के लिए निवेश किया है हम ऐसे विस्तार की तैयारी कर रहे हैं जो अगले दशक के लिए भारत की आकांक्षाओं से मेल खाता हो। अडाणी समूह गुजरात के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क बना रहा है, जो 520 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। वर्ष 2030 तक पूरी क्षमता पर इस पार्क से 30 गीगावॉट हरित ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है, जो प्रति वर्ष छह करोड़ से अधिक घरों को बिजली देने के बराबर होगी।

## टाटा मोटर्स ने 'एक्सकॉन 2025' में पेश किए नवाचार आधारित, टिकाऊ और बुद्धिमान मोबिलिटी समाधान

**एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु**

टाटा मोटर्स ने उपकरण प्रदर्शनी एक्सकॉन 2025 में उन्नत और भविष्य की मांगों के अनुरूप विकसित समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। इस वर्ष की थीम 'प्रोडक्टिविटी अनलीश्ड' के अनुरूप प्रदर्शित यह पोर्टफोलियो निर्माण और खनन गतिविधियों में तेजी के साथ बढ़ रही व्यावसायिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है ताकि परिचालन दक्षता और फ्लीट संचालन की लाभप्रदता को और बेहतर बनाया जा सके। प्रदर्शनी में प्रस्तुत प्रमुख आकर्षणों में प्राइमा 3540.के ऑटोशिफ्ट शामिल है, जो टाटा मोटर्स का अब तक का सबसे शक्तिशाली टिपर है और डीप माइनिंग जैसी अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के लिए डिजाइन किया गया है। इसके साथ ही कंपनी ने अपना पहला पूर्ण-इलेक्ट्रिक टिपर प्राइमा ई.28के तथा देश का पहला फैक्ट्री-फिटेड सीएनजी टिपर सिग्ना 2820.टीके सीएनजी भी पेश किया। इन मॉडलों के साथ कंपनी ने औद्योगिक इंजन, एक्सल और जेनसेट जैसे उन्नत एग्रीगेट्स भी प्रदर्शित किए जो टाटा मोटर्स की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, स्थिरता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट एवं बिज़नेस हेड राजेश कौल ने कहा कि एक्सकॉन टाटा मोटर्स के लिए लगातार एक महत्वपूर्ण मंच रहा है क्योंकि यहां कंपनी न सिर्फ तकनीकी प्रगति बल्कि ग्राहक आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान भी प्रदर्शित करती है। ऐसे समय में प्राइमा 3540.के का लांच टाटा मोटर्स की डीप माइनिंग सेगमेंट में मजबूत उपस्थिति का संकेत देता है और यह वाहन विशेष रूप से कठिनतम परिस्थितियों में भी भरोसेमंद प्रदर्शन देने के लिए तैयार किया गया है।



## ट्रूकॉलर ने स्कैम से बचाने के लिए लांच किया फैमिली प्रोटेक्शन

**मुंबई।** ट्रूकॉलर ने एक नए और बेहद महत्वपूर्ण फीचर, यानी फैमिली प्रोटेक्शन के लांच की घोषणा की, ताकि परिवार अपने अनुभवों को एक-दूसरे से साझा करके इस डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें। फैमिली प्रोटेक्शन सीधे एंड्रॉइड और आईओएस पर उपलब्ध ट्रूकॉलर एप में मौजूद है, जिससे यूजर्स को भरोसेमंद फ़ैमिली ग्रुप बनाने की सुविधा मिलती है ताकि उन्हें स्कैम और अनचाहे कॉल से तुरंत सुरक्षा मिल सके। एंड्रॉइड की बात करें, तो फ़ैमिली एडमिनिस्ट्रेटर को उस फैमिली ग्रुप के दूसरे सदस्यों के फोन पर आने वाले संभावित स्कैम कॉल का अलर्ट मिल सकता, और वो ऐसे कॉल को दूर बैठे ही बंद कर सकता है। कंपनी के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहाकि ट्रूकॉलर का इस्तेमाल तो परिवार के सदस्य पहले से ही कर रहे हैं, और अब हमने परिवार के सीटीओ को यह सुविधा उपलब्ध कराई है कि वे कम तकनीकी समझ वाले सदस्यों की भी सुरक्षा कर सकें।

## अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने आयोजित किया 7वां दीक्षांत समारोह

**अहमदाबाद।** अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने हाल ही में अपना 7वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया, जिसमें बैचलर ऑफ डिजाइन, बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर, मास्टर ऑफ डिजाइन, अनंत फेलोशिप इन सस्टेनेबिलिटी एंड बिल्ट एनवायरनमेंट, एमएससी इन सस्टेनेबिलिटी एंड बिल्ट एनवायरनमेंट और अनंत फेलोशिप इन क्लाइमेट एक्शन सहित कुल 299 छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं। इस समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित, जोहो कॉरपोरेशन के चीफ़ साइंटिस्ट और सह-संस्थापक डॉ. श्रीधर वेम्बू थे। अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष श्री अजय पीरामल, प्रोवोस्ट डॉ. संजीव विद्यासागर तथा बोर्ड के सदस्य भी समारोह में उपस्थित थे। दीक्षांत संबोधन देते हुए डॉ. वेम्बू ने कहाकि अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी आकर मुझे अत्यंत आनंद हुआ। अनंत के छात्रों की रचनात्मकता और उद्देश्य-प्रधान डिजाइनों ने मुझे प्रभावित किया।





**कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य**
**आदि भवन, 59-अरेरा हिल्स**
**(पर्यावास भवन के सामने)**
**मध्यप्रदेश भोपाल**

क्रमांक-25566/भंडार शाखा/2025 भोपाल, दिनांक 5/12/ 25

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य आदि भवन, अरेरा हिल्स भोपाल में 26 जनवरी, 15 अगस्त एवं अन्य विशेष दिवसों पर बिल्डिंग पर लाईट लगाने हेतु अनुबंध (RC) किए जाने हेतु अनुभवी फर्मो से ऑनलाइन निविदा www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं जानकारी उक्त वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | आयुक्त, जनजातीय कार्य आदि भवन, 59 अरेरा हिल्स, (पर्यावास भवन के सामने) कार्यालय 26 जनवरी, 15 अगस्त एवं अन्य दिवसों पर बिल्डिंग पर लाईट लगाने हेतु निविदा । | 6.00 छह लाख (रूपये) | 15,000 (रूपये) रू. पंद्रह हजार मात्र | अनुबंध जारी होने के 02 वर्ष तक एवं एक वर्ष तक आपसी सहमति से बढ़ाया जा सकता है। |

1. इच्छुक फर्म/ कम्पनी MP Tenders के पोर्टल पर विवरण देख सकते हैं।
2. NIT (निविदा आमंत्रण सूचना) में किसी प्रकार के परिवर्तन सूचना केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी।
3. निविदा प्रपत्र की उपलब्धता का विस्तृत विवरणः www.mptenders.gov.in मे देखा जा सकता है।
4. प्रस्ताव जमा करने की प्रक्रिया केवल उपरोक्त पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी।
5. संशोधन/परिशिष्ट/स्पष्टीकरण / शुद्धि पत्रक केवल www.mptenders.gov.in पर प्रकाशित किए जाएंगे।
6. आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

**आयुक्त**
**जनजातीय कार्य मध्यप्रदेश**

जी - 22545/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# दीपावली को मिला ग्लोबल सम्मान

भारत के प्रमुख त्योहार दीपावली को यूनेस्को द्वारा अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस फैसले से दीपावली को ग्लोबल सम्मान मिला है। यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से दीपावली को विश्वभर में संरक्षण मिलेगा। इससे भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूती मिलेगी, साथ ही यह युवा पीढ़ी के बीच पारंपरिक उत्सवों की महत्ता समझने में भी मदद करेगा। इस दिन घर-घर दीप जलाकर, रंगोली सजाकर और खुशियां मनाकर यह उत्सव पूरे देश में बड़े हर्ष उल्लास से मनाया जाता है। यह पहली बार है जब भारत इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज (आईसीएच) के संरक्षण के लिए इंटर गवर्नमेंटल कमेटी के सत्र की मेजबानी कर रहा है। इस समिति का 20वां सत्र लाल किले में 8 से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। यूनेस्को द्वारा दीपावली उत्सव को प्रतिष्ठित लिस्ट में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद 'वंदे मातरम्' और 'भारत माता की जय' के नारे हवा में गूंज उठे। अब भारत की 16 चीजें यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल हो गई हैं। इनमें वेद पठन, कुटियट्टम, रामलीला, राम्मन, मुदियेट्टू, कालबेलिया लोक गीत और नृत्य, छाऊ नृत्य, लद्दाख में बौद्ध पाठ, मणिपुर का संकीर्तन, जंडियाला गुरु के ठठेरा बर्तन निर्माण, योग, नवरोज, कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा और अब दीपावली शामिल हैं। दीपावली भारत के उन चिरस्थायी त्योहारों में से एक है जो अब दुनिया के कई अन्य हिस्सों में भी मनाया जाता है। यूनेस्को ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इनटेंजिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में दीपावली के अलावा घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल किए हैं। यूनेस्को के इस ऐलान के बाद भारत सरकार ने कहा कि दीपावली को इस सूची में शामिल करके यूनेस्को ने नवीकरण, शांति और अच्छाई की जीत के लिए शाश्वत मानवीय अभिलाषा का सम्मान किया है। दीपावली हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह फैसला न सिर्फ भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता देता है, बल्कि हमारी परंपराओं को संरक्षित करने की जिम्मेदारी भी बढ़ाता है। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके। दीपावली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही एक जीवंत परंपरा है। यह अंधकार पर प्रकाश, अज्ञानता पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। हिंदू, जैन, सिख और बौद्ध समुदायों के लिए इसका अलग-अलग धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। दीपक, पटाखे, मिठाइयां और घर की सफाई जैसी प्रथाएं इस त्योहार को एक सामाजिक समारोह बनाती हैं, जो परिवारों और समुदायों को जोड़ती हैं। इसके यूनेस्को की सूची में शामिल होने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि संस्कृति का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। यह हमारे युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने और परंपराओं को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगा। यह हमारे लिए एक गर्व का क्षण है, लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ाता है। हमें इस त्योहार की मूल भावना प्रकाश, ज्ञान और एकता को बनाए रखना होगा।



राष्ट्रीय गीत
प्रमोद भार्गव

# वंदे मातरम् से जन्मा तुष्टिकरण विभाजन

> मुस्लिम तुष्टिकरण की बुनियाद पर भारत को जितनी हानि उठानी पड़ी है, दुनिया के अन्य किसी देश ने नहीं उठाई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन से की। इसी कड़ी में वंदे मातरम् गीत के टुकड़े किए गए और फिर देश का भी बंटवारा जिन्ना की अलग मुस्लिम राष्ट्र बनाने की जिद के चलते हो गया, जबकि संपूर्ण वंदे मातरम् गीत भारत की शाश्वत संकल्पना है। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान गीत के विभाजन के लिए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सीधे जिम्मेवार ठहराया। अतएव संसद में इस गीत के इतिहास में झांकने की बहस को एक सबक के रूप में लेना चाहिए।

मुस्लिम तुष्टिकरण की बुनियाद पर भारत को जितनी हानि उठानी पड़ी है, दुनिया के अन्य किसी देश ने नहीं उठाई। इसकी शुरुआत अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन से की। इसी कड़ी में वंदे मातरम् गीत के टुकड़े किए गए और फिर देश का भी बंटवारा जिन्ना की अलग मुस्लिम राष्ट्र बनाने की जिद के चलते हो गया। जबकि संपूर्ण वंदे मातरम् गीत भारत की शाश्वत संकल्पना है। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में हुई चर्चा के दौरान गीत के विभाजन के लिए पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सीधे जिम्मेवार ठहराया। कहा, 'नेहरू ने जिन्ना की सांप्रदायिक चिंताएं दोहराकर वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात किया, गीत के टुकड़े करवाए।

इससे देश तुष्टिकरण की राजनीति की राह पर चल पड़ा, जो विभाजन पर जाकर थमा।' इसी तुष्टि के चलते 1875 में रचित इस गीत के केवल दो पद राष्ट्रीय गीत के रूप अपनाए गए। मोदी के इस कथन ने इतिहास के इस काले पन्ने पर जमा धूल को हटाने का काम नए सिरे से कर दिया है। जबकि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम् की भावना ने पूरे राष्ट्र का जागरण किया था, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इस गीत के महत्वपूर्ण पदों को उसकी आत्मा के एक हिस्से को अलग कर दिया गया था। जिस भाव से वंदे मातरम् के टुकड़े किए गए थे, कालांतर में उसी भाव ने विभाजन के बीज बो दिए थे। जबकि यह ठोस और निर्विवाद सच्चाई है कि देश को आजादी दिलाने में इस गीत की अहम् भूमिका रही है। बंकिमचंद्र चटर्जी के बांग्ला भाषा में लिखे गए उपन्यास 'आनंद मठ' में यह गीत दर्ज है। राष्ट्रगान के रूप में स्वीकारा गया यह गीत कोई मामूली गीत नहीं है। भारत को उसकी व्यापक राष्ट्रीयता की पहचान और स्वाभिमान इसी गीत से प्राप्त हुए। नागरिक सभ्यता की विरासत, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानव सेवा के मूल्यों के उत्स इसी गीत के समवेत स्वर की उपज हैं। अंग्रेजों के विरुद्ध भिन्न जातीय और धर्म-समुदायों को संगठित करने के अभियान में इसी गीत की भूमिका बुलंद थी। तय है, वंदे मातरम् क्रांति के स्वरों में नींव का पत्थर था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की रक्त धमनियों में विद्रोह की उग्र भावना इसी गीत की देन है। 1942 में महात्मा गांधी के भारत छोड़ो आंदोलन को देशव्यापी धरातल इसी गीत के बूते मिला था। वह यही आंदोलन था, जिसमें गांधी ने 'करो या मरो' का नारा दिया था। यह नारा गांधी के अहिंसा के सिद्धांत पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करने वाला भी माना जाता है। सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के फौजियों ने भी इसी गीत को गाते हुए मातृभूमि की बलिवेदी पर प्राण न्यौछावर किए थे। हालांकि महात्मा गांधी 1905 में ही लिख चुके थे कि वंदे मातरम् इतना लोकप्रिय हो गया है कि वह राष्ट्रगान जैसा बन गया है। 14 अगस्त 1947 की मध्य-रात्रि में जब देश आजाद हो रहा था, तब इस मंत्र-गीत का गायन सुचेता कृपलानी ने किया और वहां उपस्थित लोग इस गीत के सम्मान में गीत खत्म न हो जाने तक खड़े रहे थे। 15 अगस्त 1947 को जब स्वतंत्रता का सूर्योदय हो रहा था, तब आकाशवाणी पर पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने इसे बड़े ही रोचक ढंग से गाया। आखिरकार 24 अगस्त 1948 को जन-गण-मन के साथ इस गीत को भी राष्ट्र गीत की प्रतिष्ठा मिली। लेखक और दार्शनिक युगदृष्टा होते हैं, इसलिए बंकिम बाबू ने इस गीत को लिखे जाने




के वक्त ही अपनी दिव्य-दृष्टि से अनुभव कर लिया था कि यह गीत राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बनकर लोकप्रियता के शिखर चूमेगा, इसीलिए उन्होंने इसे बांग्ला भाषा में न लिखते हुए संस्कृत में लिखा। मूल और संपूर्ण गीत की केवल नौ पंक्तियां बंगाली में हैं। इस गीत का जो संपादित अंश राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया गया है, वह केवल दो पद और आठ पंक्तियों में है। वंदे मातरम् को इस्लाम विरोधी जताया जाता रहा है। जब कांग्रेस ने इसे प्रार्थना गीत के रूप में स्वीकार किया था, तब भी इसकी खिलाफत शुरू हो गई थी। 15 अक्टूबर 1937 को लखनऊ में मोहम्मद अली जिन्ना ने वंदे मातरम् का विरोध किया। वस्तुतः नेहरू ने इस विरोध के पांच दिन बाद ही सुभाष बोस को लिखे एक पत्र में कहा कि 'आनद मठ में उल्लेखित वंदे मातरम् की पृष्ठभूमि मुसलमानों को उकसा सकती है।' इसी के बाद कांग्रेस कार्यकारिणी ने आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। इसमें मौलाना आजाद, पंडित नेहरू और सुभाष चन्द्र बोस जैसे प्रखर संस्कृति मर्मज्ञ सदस्य थे। समिति को जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वे रवीन्द्रनाथ ठाकुर से विचार-विमर्श कर वंदे मातरम् के संबंध में दो टूक सलाह दें। समिति ने जो प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, उसके उपरांत कांग्रेस कार्यकारिणी ने फैसला लिया कि हरेक राष्ट्रीय सार्वजनिक सभा में वंदे मातरम् के केवल दो पद गाये जाएं। यानी कांग्रेस मुस्लिम लीग के समक्ष झुकी और मुस्लिम तुष्टिकरण की राह पकड़ ली। तुष्टि का यही रास्ता देश को विभाजन के द्वार तक ले गया। बावजूद देश-विभाजन के लिए जिम्मेदार मुस्लिम लीग के नेता वंदे मातरम् को बुतपरस्ती, अर्थात मूर्ति पूजा मानते हुए इसका विरोध लगातार करते रहे। इस बहाने लीगियों ने अल्पसंख्यकों को खूब उकसाया। नतीजतन 1938 तक कांग्रेस के जो प्रमुख मुस्लिम नेता इस गीत की राष्ट्रीय गरिमा का ख्याल रखते चले आ रहे थे, वे भी दबी जुबान से इसका विरोध करने लगे। बाद में साझा सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के नजरिये से उर्दू के उदारवादी कवियों व राजनीतिकों ने वंदे मातरम् का अनुवाद 'ऐ मादर, तुझे सलाम करता हूं' किया, अर्थात हे माता, तुझे प्रणाम करता हूं करके किया,लेकिन कट्टरपंथियों के भाव उतरा नहीं। जबकि मुल्क को गुलामी से आजाद कराने की इस इबादत में गलत कुछ भी नहीं था। अरबी-फारसी के अनेक कवियों ने भी देश को 'मां' कहकर संबोधित किया है। लिहाजा राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं व उद्गारों को प्रचलित रूपकों अथवा प्रतीकों में प्रकट करना मूर्ति पूजा या बुतपरस्ती कतई नहीं थी। वंदे मातरम् एक मौलिक रचना है, इसकी व्याख्या धर्म नहीं, केवल साहित्य के संदर्भ में होनी चाहिए थी। इसे यदि कोई सांसद या विधायक इस्लाम विरोधी जताता है, तो उसका मकसद धर्म के बहाने राजनीतिक रोटियां सेंकना भर था, जो अलगाववादी राजनीति की संकीर्ण मानसिकता का प्रतीक है। जिन्ना और अन्य लीगी इसी विभाजनकारी मानसिकता से काम करते रहे और देश दो टुकड़ों में बंट गया। स्वतंत्र भारत में निर्वाचित कुछ मुस्लिम सांसद और विधायक संविधान की शपथ लेने के बाद भी सदन में इस गीत का अनादर करते रहते हैं। ऐसे ही चंद सिरफिरे मुस्लिमों ने आजाद हिंद फौज के नारे, 'जय हिंद' का भी विरोध किया था। दैनिक अखबार 'डान' ने वंदे मातरम् की आलोचना की थी, तब गांधी को कहना पड़ा था, 'वंदे मातरम् कोई धार्मिक नारा नहीं है, यह विशुद्ध राजनीतिक नारा है।' यही नारा था, जिसने सोये हुए भारत को जगाने का काम करके, आजादी हासिल कराई थी। अतएव संसद में इस गीत के इतिहास में झांकने की बहस को एक सबक के रूप में लेना चाहिए,जिससे भविष्य में देश की संप्रभुता एवं अखंडता से खिलवाड़ की गुंजाइश ही नहीं रह जाए?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. लोकेन्द्र सिंह




# भाषा जोड़ती है, तोड़ती नहीं

जब कहीं से यह समाचार पढ़ने/सुनने को मिलता है कि मराठी, तमिल या अन्य कोई भाषा नहीं बोलने के कारण व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी गई, तो दुःख होता है कि संकीर्ण राजनीति हमें किस दिशा में ले जा रही है। हम अपनी ही भाषाओं का सम्मान क्यों नहीं कर रहे हैं? जो भाषाएं आपस में जुड़ी हैं, उनके नाम पर हम एक-दूसरे से दूर क्यों हो रहे हैं? भारत की सभी भाषाओं के शब्द भंडार एक-दूसरे के शब्दों से समृद्ध हैं। हमें तो भाषायी विविधता का उत्सव मनाना चाहिए। भारत की संस्कृति की विशेषता है कि वह विविध रूपों में प्रकट होती है। हम सब मिलकर 11 दिसंबर को महान तमिल कवि सुब्रह्मण्यम भारती की जयंती प्रसंग पर 'भारतीय भाषा दिवस' मनाते हैं। यह प्रसंग ही हमें भाषाओं के प्रति संवेदनशील होने की ओर संकेत करता है और बताता है कि भाषाएं मानवीय संबंधों में सेतु का कार्य करती हैं। एक-दूसरे से जोड़ती हैं। सुब्रह्मण्यम भारती ने तमिल को शास्त्रीय स्वरूप से बाहर निकालकर सरल और आम बोलचाल की तमिल का प्रयोग किया ताकि उनके विचार और तमिल साहित्य का ज्ञान आम लोगों तक पहुंच सके। तमिल को प्राथमिकता देने के बावजूद भारती ने हिन्दी और तेलुगु सहित अन्य भारतीय भाषाओं के प्रति भी सम्मान दिखाया। वह चाहते थे कि सभी भारतीय भाषाओं के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान हो, जिससे भारत एक सशक्त राष्ट्र बन सके। उनका स्पष्ट दृष्टिकोण था कि भारत की विभिन्न भाषाएं उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी शक्ति और सुंदरता हैं। भाषा मनुष्यों के बीच विचारों, भावनाओं और सूचनाओं के सुचारु आदान-प्रदान को संभव बनाती है। यदि भाषा न हो, तो यह सब संभव नहीं हो सकता। भाषा को लेकर अगर हम किसी संकीर्ण विचार से ग्रसित नहीं है, तब यह हमें एक अलग दुनिया की सैर कराती है, जहां एक-दूसरे के प्रति सम्मान है, अपनत्व है, एक-दूसरे से जुड़ने की ललक है। आपने कभी सोचा है कि कितना अपनापन लगता है जब कोई हमारी मातृभाषा में बात करता है या फिर हम सामने वाले की मातृभाषा में बात करने की कोशिश करते हैं। सच, मानिए यह पहल हृदयों को मिलाने का काम करती है। भारतीय राजनीति में इसका उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में हमारे सामने है। संपूर्ण देश में उनकी लोकप्रियता का कारण है कि वे जिस स्थान पर और जिन लोगों के बीच भाषण दे रहे होते हैं, उनके साथ संवाद स्थापित करने के लिए अभिवादन उनकी ही भाषा में करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों को सोशल मीडिया पर बधाई-शुभकामना एवं अन्य विषयों से जुड़े महत्वपूर्ण पोस्ट भी उनकी ही भाषा में करते हैं। यानी देश-दुनिया को जोड़ने के लिए भाषा को बेहतरीन उपयोग हम प्रधानमंत्री मोदी से सीख सकते हैं। अनुवाद और बहुभाषावाद के माध्यम से भाषाएं सांस्कृतिक दूरियों को कम करती हैं। एक भाषा सीखना दूसरे समुदाय के विचारों और जीवनशैली को समझने का द्वार खोलता है, जिससे हमारे पूर्वाग्रह भी कम होते हैं। इसलिए व्यक्ति को अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषा सीखने का प्रयास भी करना चाहिए। 'भाषा जोड़ती है, तोड़ती नहीं', यह आदर्श विचार इस दृष्टिकोण पर आधारित है कि भाषा लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने, भावनाएं साझा करने और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने में सहायता करती है। भाषा के नाम पर भारतीय समाज को तोड़ने की साजिश का हिस्सा बन रहे लोगों को यह बात भली प्रकार से समझनी चाहिए। उन्हें अपनी ऊर्जा भारतीय भाषाओं को समृद्ध करने में लगाना चाहिए। विशेषकर, संकीर्ण राजनीति के प्रभाव में आकर हिन्दी का विरोध करने वाले बंधुओं को यह देखना चाहिए कि हिन्दी का विकास एवं विस्तार अहिन्दी भाषी महानुभावों ने अधिक किया है, जिनमें प्रमुख हैं- स्वामी दयानंद सरस्वती, महात्मा गांधी, माधवराव सप्रे, विनोबा भावे, गोपालस्वामी अय्यंगर, डॉ. चलसानि सुब्बाराव, काका कालेलकर, आर. वेंकटरमण, ज्योतिराव फुले इत्यादि। हिन्दी की पहली कहानी 'एक टोकरी भर मिट्टी' के रचनाकार प्रख्यात पत्रकार माधवराव सप्रे संदेश देते हैं कि "मैं मराठी हूँ लेकिन हिन्दी के विषय में मुझे उतना ही अभिमान है, जितना किसी हिन्दी भाषी को हो सकता है"। वहीं, स्वामी दयानंद सरस्वती मानते थे कि "हिन्दी द्वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है"। इस प्रकार के राष्ट्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो भाषा के वास्तविक उद्देश्यों को स्थापित करता है। स्मरण रखें कि जब भाषा को सम्मान, समावेश और समझ के साथ प्रयोग किया जाता है, तो यह निश्चित रूप से 'जोड़ती' है। हमारे पुरखों ने ऐसा करके दिखाया है। संपूर्ण भारत में इसके अनुकरणीय उदाहरण हमें मिलते हैं। इसलिए हमें अपनी भाषाई विविधता का उत्सव मनाना चाहिए और हर भाषा को सम्मान देना चाहिए, क्योंकि प्रत्येक भाषा एक अनमोल सांस्कृतिक खजाना है। हम एक-दूसरे की भाषा को सीखें, समझें और भावनाओं से लेकर शाब्दिक आदान-प्रदान करें।

(लेखक माखनलाल चतुर्वेदी विवि में सहायक प्राध्यापक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।


## भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## सटाका




## आज की पाती

### मानवाधिकार दिवस का औचित्य

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 को पेरिस में एक घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें मानवाधिकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए पहल की गई थी। इसमें यह चीजें थी कि दुनियाभर में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न करते हुए सभी लोगों को बराबर अधिकार उपलब्ध करवाए जाएं। आज दुनिया में बहुत से देश ऐसे भी हैं जहां के नागरिक स्वतंत्रता, समानता और न्याय के अधिकारों से वंचित होंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि वहां लोकतंत्र मजबूत नहीं है। खासतौर पर महिलाओं, बच्चों और मजदूरों को इससे वंचित रखा जाता है। मानवाधिकार आयोग को दुनिया में होने वाले युद्धों के लिए भी कोई ऐसे कदम उठाने चाहिए कि किसी भी देश में कोई युद्ध न छेड़े। तभी इस दिवस का औचित्य है। – *सतीश उपाध्याय, अंबिकापुर*

## करंट अफेयर

### फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति सरकोजी ने जेल के अनुभव किए साझा

फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी ने अपनी एक किताब में उस जेल का वर्णन किया है, जहां उन्होंने 20 दिन बिताए थे। सरकोजी ने जेल को शोरगुल वाली जगह, कठोर और अमानवीय हिंसा से भरी दुनिया बताया है। सरकोजी की इस पुस्तक का बुधवार को विमोचन किया गया जिसमें इस बारे में राजनीतिक सलाह भी दी गई है कि उनकी कंजर्वेटिव पार्टी को धुर दक्षिणपंथी मतदाताओं को कैसे आकर्षित करना चाहिए।



'डायरी ऑफ ए प्रिजनर' नामक इस पुस्तक में 70 वर्षीय पूर्व राष्ट्रपति ने कहा है कि अपराध के प्रति उनके अपने सख्त रुख ने एक नया रूप ले लिया है। सरकोजी को 2007 के अपने विजयी चुनावी अभियान को लीबिया से प्राप्त धन से वित्तपोषित करने के मामले में आपराधिक साजिश का दोषी पाया गया था। अदालत ने सितंबर में सरकोजी को पांच साल की जेल की सजा सुनाई, जिसके खिलाफ उन्होंने अपील की। करीब 20 दिन जेल में बिताने के बाद उन्हें न्यायिक निगरानी में रिहा कर दिया गया। यह पुस्तक पेरिस की ला सैंटे जेल के अंदर की दुर्लभ झलक पेश करती है, जहां सरकोजी को एकांत कारावास में रखा गया था और सुरक्षा कारणों से उन्हें अन्य कैदियों से सख्ती से अलग रखा गया था।

## ऑफ बीट

### बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं

हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह



चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है। बेल्जियम के गणितज्ञ लैम्बर्ट एडोल्फ जैकस क्यूटलेट (1796–1874) ने औसत पश्चिमी यूरोपीय व्यक्ति की शारीरिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए 1832 में एक गणितीय मॉडल 'बीएमआई' को इजाद किया था। इसे शुरू में क्यूटलेट इंडेक्स कहा गया और इसे कभी भी चिकित्सकीय आकलन का उपकरण नहीं माना गया। 1972 में क्यूटलेट इंडेक्स को 'बॉडी मास इंडेक्स' कहा गया। गणितीय सूत्र का उपयोग करके किसी के स्वास्थ्य का पूरा आकलन करना संभव नहीं है। बीएमआई शरीर की अतिरिक्त चर्बी को नहीं मापता, यह केवल 'अतिरिक्त' वजन को मापता है।


## ट्रेंड

### सभ्यता की आत्मा



हमारे लिए, दीपावली हमारी संस्कृति और लोकाचार से बहुत गहराई से जुड़ी हुई है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में दीपावली के शामिल होने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गौरव का क्षण




दीपावली का यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल होना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। यह हमारी सनातन संस्कृति, प्रकाश, सत्य और धर्म के शाश्वत मूल्यों की वैश्विक स्वीकार्यता है। यह उपलब्धि भारत की सांस्कृतिक शक्ति का विश्व मंच पर उत्सव है।
**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय मंत्री**

### वोट चोरी बड़ा देशद्रोह



वोट चोरी सबसे बड़ा देशद्रोह है। भारत न केवल दुनिया का सबसे बड़ा बल्कि सबसे महान लोकतंत्र है। भाजपा और चुनाव आयोग हमारे लोकतंत्र को नष्ट करने और लोगों की आवाज़ छीनने के लिए मिलीभगत कर रहे हैं।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### इंडिगो घटनाक्रम शर्मनाक



इंडिगो एयरलाइंस का पूरा घटनाक्रम बेहद शर्मनाक रहा। पूरी दुनिया भारत की तरफ़ देख रही थी कि हम अपनी एयरलाइंस तक संभाल नहीं पा रहे। एक निजी कंपनी ने भारत सरकार को घुटनों पर ला दिया।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम,नई दिल्ली**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

सीडीएस के जिम्मेदारों ने बताया कि हमारा चार साल का अनुबंध था, वह समाप्त हो गया, हमने एमपीआरडीसी को बता दिया है

# एमपीआरडीसी की 5 करोड़ रुपए से लगाई गई स्ट्रीट लाइट ढाई माह से बंद, मिसरोद से औबेदुल्लागंज तक पसरा अंधेरा, वाहन चालक परेशान

**सर्विस रोड जर्जर, प्रतिदिन 1 लाख से अधिक राहगीर करते हैं आवागमन, दुर्घटनाओं में अब तक गई 23 लोगों की जान**

**4 किलोमीटर लंबे हाईवे के डिवाइडर पर करीब 900 स्ट्रीट लाइट लगाई गईं, जो बंद पड़ी है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर के बीच से निकलने वाला नेशनल हाइवे राजधानी को नागपुर एवं जबलपुर से जोड़ता है। यह अति व्यस्त मार्ग है। इन दिनों यहां की स्ट्रीट लाइट बंद होने से पूरा मार्ग अंधेरे की गिरफ्त में है। मिसरोद कॉरिडोर से बिसनखेड़ा टोल प्लाजा तक अंधेरा फैला हुआ है। इस सड़क पर 5 करोड़ की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी। जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ढ़ाई माह से यहां अंधेरा फैला हुआ है।

उल्लेखनीय है की निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों ने एमपीआरडीसी के जिम्मेदारों को जून में समय अवधी पूर्ण होने पर अवगत करा दिया था। तीन माह का समय गुजर गया, लेकिन सड़कों पर स्ट्रीयट लाइट चालू नहीं होने से वाहन चालकों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इसके चलते मिसरोद से विशन खेड़ा टोल प्लाजा तक चार माह में अस्सी से अधिक दुर्घटनाओं में 23 लोगों ने अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि 40 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दरअसल मिसरोद से लेकर टोल नाके तक एमपीआरडीसी ने पांच करोड़ की लागत से सड़क के दोनों और सड़क निर्माण एजेंसी सीडीएस से 900 पोल एवं इतनी ही लाईटे लगवाई थी, यह लगातार जली भी नहीं, अब स्थिति यह है की नेशनल हाईवे पर अंधेर छाया रहता है।


स्ट्रीट लाइट बंद होने से मिसरोद कॉरिडोर से बिसनखेड़ा टोल प्लाजा तक फैला अंधेरा।

### एनएचआई को सूचित कर दिया

बार-बार शिकायते करने के बाबजूद न सीडीआर के कारिंदे और न ही एमपीआरडीसी के नुमाइंदे ध्यान दे रहे है। सीडीएस के जिम्मेदारों ने बताया कि हमारा चार साल का अनुबंध था, वह समाप्त हो गया। हमने एमपीआरडीसी को बता दिया है। जब एमपीआरडीसी के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया की इस बारे में एनएचआई को सूचित कर दिया। उन्होंने यह भी बताया की एनएचआई के पास टोल है तो मेंटीनेंस की जवाबदारी भी उसी की है।

**प्रतिदिन यहां से गुजरते हैं नेता और अधिकारी, नहीं देते ध्यान**

मिसरोद से सिमराई तक 14 किलोमीटर लंबे हाईवे के डिवाइडर पर करीब 900 स्ट्रीट लाइट लगाई गईं जो ढ़ाई माह से पूरी तरह बंद है। 14 किमी लंबे हाईवे के दोनों और 450 वाट क्षमता की यह हाई मास्ट लाइटें 11 मीटर ऊंचे बिजली के पोल पर लगाई गई हैं, जबकि इस मार्ग से प्रतिदिन नेता, अधिकारी गुजरते हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं देता। स्थानीय लोगों ने विधायक सुरेन्द्र पटवा से इस और ध्यान देने की मांग की है।

**हमारा अनुबंध समाप्त हो गया**

हमारा चार साल का अनुबंध था वह समाप्त हो गया, पत्र के माध्यम से हमने एक जून को एमपीआरडीसी को अवगत करा दिया था
**केएस धामी,** प्रबंधक सीडीएस।

**एक-दो दिन में चालू हो जाएगी लाइट**

हाईवे की प्रकाश व्यवस्था निर्माण एजेंसी के पास थी, उनका समय खत्म हो गया है। हमने एनएचआई को सूचित कर दिया है, एक दो दिन में हाईवे की लाइट चालू हो जाएगी।
**सोनल सिन्हा,** डिवीजनल मैनेजर, एमपीआरडीसी

---

## खबर संक्षेप



### 7 माह पूर्व खोदी सड़क आज तक नहीं बनी

**औबेदुल्लागंज।** नगर में पानी के पाइपलाइन डालने के लिए 7 माहपूर्व सड़क खोदी थी, लेकिन आज तक इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। सड़क खुदी होने और पत्थर और मट्टी फैलने से रहवासियों और वाहन चालकों को काफी परेशान हो रही हैं। वार्ड 13 की पोस्ट ऑफिस की गली में चौराहे से रेलवे स्टेशन तक धूल ही धूल उड़ रही है। चूड़ी बाजार के दुकानदार परेशान हैं। आज स्टेशन रोड पर पानी का पाइप फट गया तो बरसात जैसा तालाब भर गया, जिससे दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है। वार्ड पार्षद हेमलता मनोज चौरसिया ने बताया कि मैने कई बार आवेदन दिया है, मगर नगर परिषद के जिम्मेदार सुनते ही नहीं हैं।

### पवनजोत सिंह से उनके निवास पर मिले पटवा



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के करीबी पवनजोत सिंह के निवास पर पहुंच कर पूरे परिवार से मिले और खैर-खबर ली। इस अवसर पर पवन खालसा के बड़े भाई मनिंदर सिंह एवं परिवार के अन्य सदस्य पटवा से मिले एवं चर्चा की।

### भाजपा नेता पचौरी का मनाया जन्मदिन



**औबेल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र के युवा नेता गौरव पचौरी का जन्मदिन बुधवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी, केशव पचौरी, संजय सिंह चौहान, सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू मेहरा, सुमित पचौरी, पार्षद एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, परेश नागर, विनोद इरपाचे, संजय शर्मा, चंदा चौहान, कमलेश चौहान, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, महेश जैन, दुर्गेश यादव, बसंत साहू, जितेंद्र मिश्रा आदि लोगों ने बधाई दी।

### रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर शुरू

**संतनगर।** संत हिरदाराम योगा एवं नेचर क्योर हॉस्पिटल (आरोग्य केन्द्र) द्वारा 10 दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन किया गया हैं। शिविर में कई लाइलाज बीमारियों का उपचार किया जाता हैं। डॉ. रमेश टेवानी ने बताया कि पूरे भारत को दवा रहित व दर्द रहित बनाना है। हमें 24 घंटे में से 1 घंटा स्वास्थ्य के लिए समय निकालना चाहिए।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2736 | | |
| दिन: | 890 | 78 | 350 |
| रात: | 588 | 11 | 245 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 130 | 43 | 337 |
| रात: | 149 | 44 | 400 |

---

### अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में हुई वारदात

# जेल से छूटकर आए नाबालिग ने अपने साथी के साथ युवक पर किया चाकू से जानलेवा हमला

**नाबालिग पर दर्ज है आधा दर्जन अपराध, लगातार आपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त होने के कारण उसे भेजा था सिवनी जेल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर झुग्गी में मंगलवार शाम नाबालिग ने अपने साथी के साथ मिलकर एक युवक से मारपीट की और उस पर चाकू से हमला कर दिया। चेहरे पर कान के पास चाकू लगने से युवक को गंभीर चोट आई। उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां उसका इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी और उसके नाबालिग साथी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मुख्य हमलावर नाबालिग है और दो दिन पहले ही सिवनी जेल से छूटकर आया है। बुधवार सुबह उसने एक अन्य युवक के साथ मारपीट की है।

पुलिस के अनुसार दानिश खान पिता असलम खान (22) झुग्गी भीम नगर, अरेरा हिल्स में रहता है और प्राइवेट काम करता है। मंगलवार शाम वह मोहल्ले में खड़ा था। इसी दौरान शाम करीब साढ़े 7 बजे वहां मोहल्ले में रहने वाला शिवम अपने नाबालिग साथी के साथ पहुंचा। दानिस को देखते ही शिवम ने गाली-गलौज शुरू कर दी। दानिश ने गाली देने से मना किया तो शिवम मारपीट करने लगा। उसने नाबालिग से कहा कि इसे चाकू मार दे। शिवम और नाबालिग मारपीट करने लगे और दानिश को नीचे गिरा दिया। शिवम दानिश के सीने पर बैठकर उससे मारपीट करने गला। इसी बीच नाबालिग ने चाकू निकालकर दानिश पर हमला कर दिया। हमला कान के पास होने से दानिश को गहरा घाव लगा है।

**» बालिग होने में केवल 18 दिन बाकी**

पुलिस ने बताया कि शिवम के साथ मौजूद नाबालिग पर दर्जनभर अपराध है। उसे हत्या के प्रयास में पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। लगातार आपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त होने के कारण उसे भोपाल जेल की बजाय सिवनी जेल भेजा गया था। दो दिन पहले ही वह जेल से छूटकर आया था। इसके बाद उसने फिर हत्या के प्रयास की घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने बताया कि नाबालिग को बालिग होने में केवल 18 दिन बाकी है।

### दंपती में किसी बात को लेकर हुआ विवाद

## कहासुनी के बाद पति ने पत्नी पर किया तवा से जानलेवा हमला

**सिर और गले के पास गंभीर चोट, निजी अस्पताल में चल रहा इलाज, पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित द हिल्स व्यूह सिटी कोलार में मंगलवार दोपहर दंपती में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर पति ने पत्नी पर तवा से हमला कर दिया। सिर और गर्दन के पास तवा लगने से महिला को गंभीर चोट आई है। उनका हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी दूरसंचार विभाग में नौकरी करता है।

पुलिस के अनुसार जमुना बाई पति भागीरथ प्रसाद (52) दस हिल्स व्यूह सिटी कोलार में रहती हैं। वह गृहणी है, जबकि पति भागीरथ प्रसाद दूरसंचार विभाग में नौकरी करते हैं। जमुना बाई ने पुलिस को बताया कि उनके तीन बच्चे नौकरी करते हैं। पति और उनके बीच आए दिन किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी होती है। मंगलवार दोपहर पति ड्यूटी नहीं गए थे। वे घर पर थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनकी पति से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर पति भागीरथ प्रसाद गुस्से में आ गए और पास रखा तवा उठाकर जमुना बाई पर हमला कर दिया। तवा जमुनाबाई को सिर और गले के पास लगा है। उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग उनके घर पहुंचे। बच्चे घर पहुंचे और मां को लेकर चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल ले गए। वहां से बच्चों ने उन्हें हबीबगंज स्थित दूसरे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

---

### मानव अधिकार दिवस पर जागरूकता सत्र

## बच्चों का दायित्व है कि वे अपने वृद्ध माता-पिता की देखभाल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मानवाधिकार दिवस पर संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दो गतिविधियां आयोजित की गईं। कॉलेज में आयोजित प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत मानव अधिकार दिवस पर एक जागरूकता सत्र रखा गया, जिसमें बी.कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविका चित्रा भोजवानी ने मानवाधिकार विषय पर सारगर्भित भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अपना घर वृद्धाश्रम का भ्रमण किया गया।


वृद्धाश्रम का भ्रमण करते एनएसएस के बच्चे।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेविकाओं ने वृद्धजनों से संवाद कर फलों एवं ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। स्वयंसेविकाओं ने बताया कि माता-पिता एवं संरक्षण अधिनियम 2007 के अनुसार, बच्चों का दायित्व है कि वे अपने वृद्ध माता-पिता की देखभाल एवं सेवा सुनिश्चित करें।

### 4 से 10 जनवरी तक आयोजित की जाएगी कथा

## श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ के लिए किया ध्वज पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत गो रक्षा उत्थान समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ 4 से 10 जनवरी को आयोजित की जाएगी। इसके लिए बुधवार को सिंगरचोली ब्रिज पंचवटी लालघाटी के नीचे ध्वजा पूजन किया गया।

चित्रकूट धाम से कथा व्यास आचार्य कृपा शंकर जी महाराज, बागेश्वर धाम के मामा श्री कथा का वाचन करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक योगेश वासवानी, कार्यक्रम के अध्यक्ष राधे महाराज, राहुल राजपूत, श्याम विजयवर्गीय, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, अनीता मिश्रा, पंडित रामकृष्ण शर्मा आदि लोगों ने मिलकर ध्वज पूजन किया गया।


ध्वज पूजन करते समिति के लोग।

---

## नगर परिषद अध्यक्ष के लिए दावेदारों की होड़

**वार्डों में जाकर लोगों से कर रहे संपर्क**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद अध्यक्ष के तीन दावेदारों ने वार्डों में जनसंपर्क प्रारंभ कर दिया। पार्षद आमीर ममनून ने घोषणा करते हुए कहा कि में नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ूंगा। मेरे साथ 7 हज़ार मतदाता है। वहीं पूर्व नपा अध्यक्ष हरप्रीत कौर बिट्टू के पति त्रिलोचन सिंह बिट्टू ने ऐलान कर दिया कि मैं नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ूंगा और मेरे साथ 9 हज़ार मतदाता हैं।

नगर परिषद के रिटायर कर्मचारी अरुण भावसार ने चार वार्डों का दौरा किया। अरुण भावसार ने कहा कि मुझे सभी जगह से अच्छा समर्थन मिल रहा है और सभी लोग कह रहे हैं कि आप चुनाव लड़ो, हम तुम्हारे साथ हैं। वहीं नगर परिषद के प्रतिपक्ष नेता पार्षद एवं हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक ने कहा कि मुझे हजारों लोगों ने कहा कि आप नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ो, मैं अध्यक्ष का चुनाव लड़ने के लिए सभी 15 वार्डों में घूम कर सभी से आशीर्वाद लेकर सभी की भावनाओं के अनुसार कार्य करूंगा।



### रास्ता रोकने को लेकर हुआ विवाद

## पत्थर की फर्शी से किया हमला, सिर पर आई गहरी चोट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप थाना अंतर्गत ग्रामीण स्थल हीरापुर कोलार रोड पर दो युवकों में रास्ते में गाड़ी खड़ी करने के मामले में गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है।

पुलिस ने बताया कि फरियादी विमल वर्मा पिता शैतान सिंह गोरखू (40) निवासी हीरापुर, की गाड़ी कोलार रोड स्थित तुमड़ा खेड़ा में जाते वक्त अपराधियों ने रास्ता रोका, जिसमें अपराधी संजू पिता भक्तमाल निवासी तुमड़ा खेड़ा गाली-गलौज कर उस पर पत्थर की फरसी से हमला कर दिया, जिससे विमल वर्मा के सिर पर गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने पर मंडीदीप थाना पुलिस ने आरोपी संजू पर विभिन्न धाराओं पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को अभी कोई सुराग नहीं मिला है।

दिल्लौद और खुकारिया में 490 लाख रुपए से किया तैयार

## 33/11 केवी दो सब स्टेशन का विधायक खत्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा केंद्र और राज्य की अलग-अलग योजनाओं से बैरसिया विधानसभा के दिल्लौद और खुकारिया में 490 लाख रुपए की लागत से तैयार 33/11 केवही सब स्टेशन का बुधवार को विधायक विष्णु खत्री ने लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि जब 2003 में प्रदेश के अंदर भाजपा की सरकार बनी तो हमारे सामने तीन बड़ी समस्या थी। सड़क, पानी और बिजली। हमारी सरकार बनने के बाद सबसे पहले अटल ज्योति योजना से गांवों में 24 घंटे बिजली दी। इसके बाद किसानों को दो शिफ्ट में 8 घंटे बिजली दी है।

उन्होंने कहा है कि इसके बाद वोल्टेज को लेकर समस्या आई। इसके लिए हमने योजना बनाकर बैरसिया विधानसभा में कालाखेड़ी, मंगलगढ़, बाकसी गढ़ा, बसई, खुकरिया, परिवखेड़ा, चंदेरी, भोरासा दिल्लीद में सब स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं। इससे वोल्टेज की समास्या खत्म हो गई है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि सौभाग्य योजना के माध्यम से हमने 225 मंजर टोलो में बिजली पहुंचाईं है।

उन्होंने कहा कि दिल्लोद की बात आती है। यहां पर पहले मिडिल स्कूल था। हमने यहां हाईस्कूल और उसकी बिल्डिंग बनवाई। हमने यहां उपस्वास्थ केंद्र बनाया। इसके बाद अभी यह पर हठ बाजार, दिल्लोद बनने का कार्य चल रहा है। इस मौके डीई नवीन गुप्ता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब प्रत्येक यदि आपको घरेलू और कृषि पंप के लिए बिजली कनेक्शन लेना है, तो सिर्फ पांच रुपए में आपको कनेक्शन मिल जाएगा। कार्यकम में भाजपा जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा एवं जिला महामंत्री कुबेर सिंह गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



दिल्लौद और खुकारिया में सब स्टेशन का शुभारंभ और लोकार्पण करते विधायक खत्री व अन्य।

---

### भोपाल से पुणे पहुंची आर्मी हॉट एयर बैलूनिंग उड़ान

30 नवंबर को हरी झंडी दिखा कर किया था रवाना

## नई कोशिशें सेना में एडवेंचर के कल्चर को और मजबूत करती हैं : जनरल धीरज सेठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

भोपाल के ईएमई सेंटर में हॉट एयर बैलूनिंग नोड द्वारा इंडियन आर्मी एडवेंचर विंग के तहत आयोजित इस एक्सपीडिशन को 30 नवंबर 2025 को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था।

750 किमी से ज़्यादा की दूरी तय करते हुए टीम ने मध्य प्रदेश में नर्मदा घाटी से लेकर पश्चिमी घाट तक अलग-अलग इलाकों को पार किया, जिसमें महाराष्ट्र के महू, संभाजी नगर और अहिल्यानगर में रुकना भी शामिल था। हर जगह पर टीम ने लोकल युवाओं से बातचीत की। उन्हें इस अनोखे एडवेंचर स्पोर्ट को देखने का मौका दिया और इंडियन आर्मी के एक्सप्लोरेशन और रेजिलिएंस की भावना को बढ़ावा देने के कमिटमेंट जानने का मौका दिया।



एयर बैलून के साथियों को सम्मानित करते हुए।

**8 घंटे और 44 मिनट नॉन-स्टॉप हॉट एयर बैलून उड़ान का रिकॉर्ड**

इस एक्सपीडिशन की एक बड़ी खासियत इसकी 8 घंटे और 44 मिनट की रिकॉर्ड-ब्रेकिंग नॉन-स्टॉप हॉट एयर बैलून उड़ान थी, जिसने भारत में सबसे लंबे समय तक हॉट एयर बैलून उड़ान के लिए एशियन बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में जगह बनाई। यह शानदार कामयाबी टीम के जबरदस्त प्रोफेशनलिज़्म, एंड्योरेंस, टीमवर्क और एविएशन में बेहतरीन काम करने के जुनून को दिखाती है। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, सदर्न कमांड ने टीम को इस रिकॉर्ड-सेटिंग कामयाबी के लिए बधाई दी और उनके पक्के इरादे, हिम्मत और एडवेंचर की भावना की तारीफ़ की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह की नई कोशिशें सेना में एडवेंचर के कल्चर को मज़बूत करती हैं और युवाओं से जुड़ने का एक मज़बूत ज़रिया बनती हैं।

## गैस दुर्घटना मामले में दोषियों की अपील पर अंतिम बहस 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यूनियन कार्बाइड कारखाने से रिसी जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस दुर्घटना के आपराधिक मामले में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय द्वारा यूनियन कार्बाइड कंपनी के तत्कालीन अधिकारियों को दोषी ठहराकर सुनाई गई सजा को दोषियों की ओर से माफ किए जाने और सीबीआई की ओर से सजा बढ़ाए जाने को लेकर प्रस्तुत की गई अपील पर बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय में सुनवाई हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अंतिम बहस प्रस्तुत करने के लिए 23 दिसंबर की तारीख नियत की गई है। यूनियन कार्बाइड कंपनी के तत्कालीन अधिकारियों की ओर से अधिवक्ता ने बहस प्रस्तुत किए जाने के लिए लंबी पेशी तारीख नियत किए जाने की मांग की थी, जिसे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अमान्य कर दिया।

उल्लेखनीय है कि यूनियन कार्बाइड कारखाना की गैस दुर्घटना के 25 वर्ष के बाद 7 जून 2010 को तत्कालीन मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मोहन पी तिवारी ने मामले के सभी आठ आरोपियों केशव महिंद्रा, विजय गोखले, किशोर कामदार, जे.मुकुंद ,एसपी चौधरी, केबी शेट्टी, एसवाई कुरैशी और यूनियन कार्बाइड कंपनी इंडिया को भारतीय दण्ड विधान की धारा- 304 ए के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 आरोपियों को 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी।



रवींद्र भवन में आयोजित केजी त्रिवेदी स्मृति नाट्य समारोह में नाटक 'केक्टस फ्लॉवर..' का मंचन

# प्रेम की मरीचिका और स्वच्छंद जीवन की चाहत दर्शाता 'केक्टस फ्लॉवर...'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक दिलफेंक इंसान, जो आजाद पंछी की तरह स्वच्छंद जीवन जीना चाहता है। मदमस्त भौंरे की तरह कभी इस फूल पर तो कभी उस फूल पर मंडराता रहता है, लेकिन कहते हैं न दिल तो है दिल, दिल का एतबार क्या कीजे.. बस इसी दिल का हाले बयां करता नाटक 'केक्टस फ्लॉवर..' का मंचन रवींद्र भवन में बुधवार शाम देखने को मिला। केजी त्रिवेदी स्मृति नाट्य समारोह में मंचित नाटक 'केक्टस फ्लॉवर..' में निर्देशन राजीव वर्मा का रहा और नाटक का लेखन येब बरोस ने किया।



मंच पर अभिनय करते राजीव वर्मा व अन्य कलाकार।

### शुष्क रेगिस्तानी परिस्थितियों में जीवित रहने वाले केक्टस में फूल खिलते हैं...



*येब बरोस लिखित इस नाटक में दिखाया कि दिलफरोशों को कभी-कभी प्यार का खेल कभी कभी महंगा पड़ता है, वे अपने ही बुने जाल में फंस जाते हैं। दूसरी ओर कई ऐसे भी हैं जिनका जीवन केक्टस के पौधे की तरह है, जो विषम-विपरीत परिस्थितियों में अपने शरीर पर उगे कांटों के साथ डटे रहते हैं। उन्हें इंतजार रहता है अपने संघर्ष भरे जीवन में एक खूबसूरत फूल के खिलने का। दिल के किसी कोने में दबे निश्छल प्रेम के बीज के अंकुरित होने का, प्रेम की यही विडंबना है, हम भटकते रहते हैं उसे खोजने के लिए। प्रेम है कि मरीचिका की तरह भ्रमित करता रहता है..। इसी भटकाव और परिस्थितिजन्य घटनाओं से उत्पन्न हुए इस हास्य से परिपूर्ण नाटक कभी कभी बीच-बीच में हंसाता गुदगुदाता है तो कभी जीवन की बड़ी सीख भी दे जाता है। साथ ही हमें अपने आसपास बिखरे संबंधों के महत्व पर सोचने को मजबूर भी करता है। प्रेम, प्यार, मोहब्बत, इश्क इसका यही तो मजा है कि हमें चाहने वाला हमारे आसपास ही कहीं मौजूद होता है लेकिन हमें ही पता नहीं होता, हम भूल जाते हैं कि शुष्क रेगिस्तानी परिस्थितियों में जीवत रहेने वाले केक्टस में फूल खिलते हैं...।*

भारत भवन में काबारे रोशे ट्रिओ का शानदार म्यूजिकल कॉन्सर्ट...

# ब्रेटन लोक संगीत के साथ जैज और बाल्कन रिदम ने किया दर्शकों को झूमने पर मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पारंपरिक सेल्टिक ब्रेटन गीत फॉरेस्ट इज बर्निंग.... धरती की पर्यावरणीय स्थिति को दर्शाते इस गीत के माध्यम से फ्रेंच म्यूजिशियन ने दर्शाया कि कैसे वन हमारी धरती को ग्लोबल वॉर्मिंग से बचाए रखते हैं लेकिन जरूरत है तो इन वनों को सुरक्षित रखने की। सेव अर्थ का संदेश देती इस परफार्मेंस के साथ ब्रेटन लोक-संगीत, आधुनिक जैज और बाल्कन रिदम का अद्भुत मेल देखने को मिला बुधवार शाम भारत भवन में।

ऑलियांस फ्रांसिस द्वारा आयोजित इस म्यूजिकल कंसर्ट में फ्रांसीसी जैज बैंड काबारे रोशे ट्रिओ की दिलकश परफॉरमेंस ने भारत भवन की सुहानी शाम को ओर भी सुहाना बना दिया, जब क्लैरिनेट वादक एतिएन कैबारे के नेतृत्व में, क्रिस्टोफ रोशे और परकशनिस्ट निकोलास प्वांटार्द ने ब्रेटन लोक-संगीत, आधुनिक जैज और बाल्कन रिद्म की एक से बढ़कर एक परफार्मेंस प्रस्तुत की। जहां मंच पर निकोला पॉइंटार्ड ड्रम्स और की-बोर्ड को एक साथ प्ले करते हुए दर्शकों को अचंभित कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर क्लैरिनेट आर्टिस्ट क्रिस्टोफ रोशे और एटियेन काबारे की धुन ने समां को संगीत की लहरियों से सजा दिया।



आलियंस फ्रांसिस के तहत रवींद्र भवन में प्रस्तुति देते फांसीसी कलाकार।

### तीनों कलाकारों ने अपनी मनभावन प्रस्तुतियां दी

*इन तीनों की प्रस्तुति बैंड कंटेम्प्रेरी जैज के साथ ब्रेटन की लोक परंपराओं और बाल्कन फोक ट्रेडीशंस से जुड़े संगीत का इन्फ्लूएंस लिए हुए है। यही वजह रही कि दर्शकों के लिए यह ट्रिओ एक जीवंत और रिच एक्सपीरियंस देने वाला संगीत बनता है। कड़कड़ाती ठंड में जहां एक ओर मंच पर तीनों परफार्मर अपनी मनभावन प्रस्तुति दे रहे थे तो वहीं दूसरी ओर दर्शक दीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से उनकी प्रत्येक प्रस्तुति की सराहना करती नजर आई।*

### इलेक्ट्रॉनिक साउंड के साथ समकालीन जैज का संगम

*प्रस्तुति ने फ्रेंच म्यूजिक के माध्यम से परंपराओं को वर्तमान समय से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया। वहीं, कॉन्सर्ट के दौरान इस ग्रुप ने पारंपरिक ब्रेटन धुनों को इलेक्ट्रॉनिक साउंड और समकालीन जैज तकनीक के साथ जोड़कर एक अनोखी ध्वनि तैयार की। दर्शकों ने उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति और जटिल पॉलिरिद्म पर खूब तालियां बजाईं। यूरोपभर में अपनी विशिष्ट शैली के जाना जाने वाला कैबारे रोशे ट्रायो भारत में अपनी दसवीं प्रस्तुति दे रहा है, इनकी इस प्रस्तुति में मॉडर्न जैज की तरलता और बाल्कन रिदम का अनोखा संगम सुनने को मिला।*



फ्रांसीसी कलाकारों ने जब सेक्सोफोन पर अपनी धुन प्रस्तुत की तो हॉल तालियों से गूंज उठा।

नोबेल पुरस्कार 2025 के विनर के शोधों का वैज्ञानिक महत्व, उनके सामाजिक प्रभाव पर की चर्चा

# 'बियांड द प्राइज इम्पेक्ट ऑफ नोबेल प्राइज विनिंग' रिसर्च पर परिचर्चा



आंचलिक विज्ञान केंद्र में चर्चा करते विषय विशेषज्ञ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केंद्र में बुधवार को सीएस 2, आईसर द्वारा नोबेल पुरस्कार 2025 पर आधारित पैनल परिचर्चा बियांड द प्राइज इम्पेक्ट ऑफ नोबेल प्राइज विनिंग रिसर्च का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी, शिक्षक तथा विज्ञान में रूचि रखने वाले प्रतिभागी उपस्थित रहे।

परिचर्चा में आईसर के विशेषज्ञों ने नोबेल पुरस्कार 2025 के विजेता शोधों का वैज्ञानिक महत्व, उनके सामाजिक प्रभाव और भविष्य में संभावित उपयोगिता पर चर्चा की। पैनलिस्टों ने रसायन विज्ञान, भौतिकी और जैविक विज्ञान से जुड़े प्रमुख अनुसंधानों की सरल भाषा में व्याख्या की। कार्यक्रम में शामिल पैनलिस्ट में आइसर के डॉ. फणी कुमार पेद्दीभोटला, डॉ. अभिजीत पात्रा ,डॉ. देबप्रिया भट्टाचार्य मौजूद रहे। संचालन आंचलिक विज्ञान केंद्र, भोपाल के क्यूरेटर ई एवं परियोजना समन्वयक साकेत सिंह कौरव के मार्गदर्शन में किया गया।

### कैंसर उपचार से लेकर अंग प्रत्यारोपण तकनीक पर चर्चा

विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार कई नोबेल विजेताओं ने सीमित संसाधनों, शुरूआती संघर्ष और निरंतर प्रयासों के बल पर विश्वस्तरीय शोध किए, जिनसे विज्ञान के नए अध्याय खुल सके। सत्र में यह भी रेखांकित किया गया कि इन खोजों के आधार पर आने वाले समय में कैंसर उपचार, मानव प्रतिरक्षा तंत्र की बेहतर समझ, तथा अंग प्रत्यारोपण तकनीक जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति संभव है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विशेषज्ञों ने विस्तृत और रोचक समाधान दिया, जिससे सत्र और भी संवादात्मक एवं प्रभावी बन गया।

## खबर संक्षेप

### रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप रंग संस्कृति नाट्य समारोह कल से 14 तक

**भोपाल।** रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप के राग बंध सभागार में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से रंग संस्कृति सृजन समिति द्वारा 12 से 14 दिसंबर तक रंग संस्कृति नाट्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस नाट्य समारोह के शुभारम्भ सत्र में रंग संस्कृति प्रतिभा सम्मान 2025 के अंतर्गत रंगमंच, संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले मप्र के चुनिंदा रंग कलाकारों एवं साहित्य धर्मियों को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया जाएगा। तीन दिवसीय नाट्य समारोह में मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय में अध्यनरत रंग प्रयोगशाला के छात्रों की बाल नाट्य प्रस्तुति 'एक थी चिड़ी' के साथ मंचित होंगे नाटक 'पढ़िए कलिमा' और 'द रिस्पेक्टफुल प्रॉस्टिट्यूट'।

### जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह 16 दिसंबर से शहीद भवन में

**भोपाल।** शहीद भवन में छ दिवसीय जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन 16 से 21 दिसंबर प्रतिदिन सांय 6.30 बजे से किया जाएगा। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी एवं महानायकों पर केंद्रित समारोह में इस बार मुंबई, पटना, चंडीगढ़, लखनऊ, नई दिल्ली, आजमगढ़ जैसे प्रतिष्ठित शहरों के निर्देशक शिरकत करेंगे। छह दिवसीय समारोह में 16 दिसंबर को वीर गोकुला (निर्देशकः देव फौजदार,मुंबई), 17 दिसंबर को बाबू वीर कुंवर सिंह (निर्देशकः अभय सिन्हा, पटना), 18 दिसंबर को शहीद उधम सिंह आजाद (निर्देशकः सुदेश शर्मा, चंडीगढ़), 19 को बोंधू अहीर (निर्देशकः अभिषेक पंडित, आजमगढ़), 20 को मेरी यात्रा अटल यात्रा (निर्देशकः चंद्रभूषण सिंह, लखनऊ) एवं 21 दिसंबर को नेताजी सुभाषचंद्र बोस (निर्देशकः अरविन्द सिंह चंद्रवंशी, नईदिल्ली) जैसे चर्चित नाटक प्रदर्शित होंगे।

## अटलजी की जयंती पर होगी बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं

**भोपाल।** कला संस्था सप्तवर्णी कला-साहित्य सृजन पीठ द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में आगामी 25 दिसंबर को स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसके तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए चित्रकला तथा 14 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित होगी। संस्था की निदेशक डॉ. बिनय राजाराम ने बताया कि इच्छुक बच्चे 24 दिसंबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन में अपना नाम, उम्र, कक्षा आदि की जानकारी के साथ वॉट्सअप पर भिजवा सकते हैं। विजयी प्रतिभागियों को अगले दिन 26 दिसंबर को पुरस्कृत किया जाएगा। डॉ. बिनय ने बताया कि निबंध का विषय अटलबिहारी जी से जुड़ी घटना जिसने आपको प्रभावित किया हो, रहेगा। प्रतिभागियों को आवश्यक सभी सामग्री संस्था की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी।

चार दिवसीय परी बाजार के 6वें संस्करण पर होगा कला प्रदर्शन

# गौहर महल में परी बाजार का शुभारंभ आज 15 प्रतिभाशाली महिलाएं होंगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवाबी तहजीब और सांस्कृतिक विरासत को आत्मसात किए गौहर महल कला, साहित्य और संगीत की उजली परिधि से जगमगाने को तैयार है। गुरुवार को चार दिवसीय परी बाजार उत्सव के 6वें संस्करण का शुभारंभ होने जा रहा है। सशक्त मध्यप्रदेश की थीम पर आयोजित यह कार्यक्रम स्त्री शक्ति, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समन्वय का उत्सव है।

वूमेन एजुकेशन एंड एम्पॉवरमेंट सोसायटी (वीस) की ओर से आयोजित परी बाजार का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया करेंगी। यह उत्सव बेगम्स ऑफ भोपाल की परंपरा को वर्तमान में जीवंत करता हुआ उन स्त्रियों के अदम्य साहस और सृजन को सलाम करता है, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में परिवर्तन की लौ जलाई है। उत्सव के पहले दिन का कार्यक्रम दोपहर डेढ़ बजे से रंगों और अभिव्यक्ति की चमक के साथ आरंभ होगा। परिसर में कलाकार रंगोली आर्ट, स्लोगन कैलीग्राफी और वेन्यू डेकोरेशन की अनूठी गतिविधियों से वातावरण को रचनात्मकता के रंगों से सजाएंगे।



गौहर महल (फाइल फोटो)

### गीत गजलों की प्रस्तुति से सजेगी शाम

*समारोह में शाम को सम्मान और सुरों से जुड़े कार्यक्रम होंगे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज को दिशा देने वाली 15 विशिष्ट महिलाओं को इस वर्ष के अनुवा सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। सम्मान समारोह शाम 5.30 बजे आरंभ होगा। इस दौरान अरुषि संस्था के बच्चे अपनी विशेष प्रस्तुति जॉयफुल ऑफ रिद्म के माध्यम से खुशनुमा ताल व लय की दुनिया रचेंगे।*

## केआईएफएफ में सुधीर आजाद की 'रे इंकलाबी'

**भोपाल।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद खुदीराम बोस के जीवन पर आधारित फिल्म 'रे इंकलाबी' को प्रतिष्ठित खजुराहो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ऑफिशियल सेलेक्शन के लिए चुना गया है। यह फिल्म मप्र के फिल्मकार डॉ. सुधीर आजाद द्वारा लिखित एवं निर्देशित है और इसके मुख्य निर्माता वीनस फिल्म प्रोडक्शन एंड स्टूडियो के नवीन कुमार सिंह हैं। भोपाल के युवा कलाकार दक्ष जोशी ने फिल्म में खुदीराम बोस की भूमिका निभाई है। यह अंतरराष्ट्रीय पहचान न केवल इसके विषय की गंभीरता को रेखांकित करती है, बल्कि भारतीय इतिहास और क्रांतिकारी चेतना पर आधारित सिनेमा के बढ़ते वैश्विक महत्व को भी दर्शाती है।



रे इन्कलाबी डॉ. सुधीर आजाद की साहित्य अकादमी सम्मानित पुस्तक मैं खुदीराम त्रैलोक्यनाथ बोस पर आधारित है और 1908 के ऐतिहासिक मुकदमे व शहादत की कथा को प्रभावशाली कोर्टरूम ड्रामा के रूप में प्रस्तुत करती है। फिल्म की एक विशेष उपलब्धि इसका वंदेमातरम गीत है, जिसे वंदे मातरम के 150 वर्षों को समर्पित एक भावपूर्ण भारतीय प्रणाम के रूप में रचा गया है। यह गीत फिल्म की आत्मा बनकर उभरता है और दर्शकों को देशभक्ति, त्याग और स्वतंत्रता के मूल्यों से गहराई से जोड़ता है।

सरोकार और राजीव गांधी कॉलेज ने मानव अधिकार दिवस पर किया आयोजन

# लैंगिक भेदभाव, हिंसा देख बोलेंगे, मुंह खोलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेंडर संवेदनशीलता या जेंडर आधारित हिंसा केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं, या महिला विरुद्ध पुरुष या थर्ड जेंडर नहीं, बल्कि यह मानव गरिमा और समानता का प्रश्न है, जो प्रत्येक नागरिक को समानता, भेदभाव मुक्त और गरिमा से जीवन जीने का अधिकार देता है।

यह विचार बुधवार को सामाजिक संस्था सरोकार और राजीव गांधी महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं और प्रतिभागियों ने व्यक्त किए।

### लिया संकल्प...

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि कैसे वे अपने जीवन में या अपने आसपास होने वाले लैंगिक भेदभाव, हिंसा को जान कर और देखकर चुप नहीं रहेंगे। सरोकार की सचिव कुमुद सिंह द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों से कुछ सवाल किए गए। मिले जवाबों से यह तस्वीर सामने आई कि समाज में जेंडर भेदभाव और जेंडर आधारित हिंसा की स्थिति बहुत भयावह है। एक अन्य गतिविधि से यह स्पष्ट हुआ कि जेंडर हिंसा का अर्थ केवल महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा नहीं है, किसी भी जेंडर के साथ होने वाले भेदभाव, हिंसा गलत हैं और हम सबको इसका विरोध करना होगा।



कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते प्रतिभागी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मप्र के भरेवा शिल्पकार बलदेव वाघमारे को किया सम्मानित

# मध्यप्रदेश की भरेवा शिल्प कला को मिली राष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की पारंपरिक जनजातीय भरेवा शिल्प कला की विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के भरेवा शिल्पकार बलदेव वाघमारे को राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि हाल में भरेवा धातु शिल्प को जीआई टैग भी मिला है। केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह इस अवसर पर उपस्थित थे।



शिल्पकार बलदेव वाघमारे को सम्मानित करतीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू।

### क्या है भरेवा

*स्थानीय बोली में अरेवा का मतलब है भरने वाले। भरेवा कलाकार गोंड जनजाति की एक उप-जाति से संबंधित हैं, जो पूरे भारत में, खासकर मध्य भारत में फैली हुई है। धातु ढलाई का कौशल एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होता रहता है।*

ग्वालियर के गंगा दास की शाला और माधव संगीत महाविद्यालय में पूर्वरंग आयोजित

तानसेन समारोह में संगीत के दिग्गज कर रहे शिरकत

# पूर्व रंग की संगीत सभाओं में राग-ताल की जादूगरी, युवा संगीतज्ञों की साधना और समर्पण ने सभी का मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्वालियर में आयोजित 101वें अंतर्राष्ट्रीय तानसेन समारोह में बुधवार को पूर्वरंग की प्रथम सभा का आयोजन गंगा दास की शाला और माधव संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ श्लोक द्विवेदी के एकल तबला वादन से हुई। तबले पर उन्होंने ताल तीनताल में पेशकार, रेला, गत, कायदे, टुकड़े, फरमाइशी, तिधारा गत आड़ी और अंत में बनारस-लखनऊ घराने की गत प्रस्तुत की।



कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते ध्रुपद कलाकार।

### एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

*दूसरी प्रस्तुति अखिलेश अहिरवार के गायन की हुई। उन्होंने राग नट भैरव में विलंबित ख्याल एरी मिल मंगल गाओ से की। वहीं, सायंकालीन द्वितीय पूर्वरंग सभा का आयोजन माधव संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर में हुई। कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति सुदीप भदौरिया के ध्रुपद गायन की रही। आपने राग जोग में सर्वप्रथम आलाप मध्यलय और द्रुतलय आलाप की प्रस्तुति दी। उसके बाद इसी राग में उन्होंने धमार आज ब्रजराज होरी खेलत वृंदावन में प्रस्तुत किया। उसके बाद ताल तीव्रा में नाद भेद सो न्यारो बंदिश गाकर अपने ध्रुपद गायन का समापन किया।*

संसद में बहस पर शाह ने किया राहुल पर वार

# घुसपैठिए तय नहीं कर सकते मुख्यमंत्री-प्रधानमंत्री, मतदाता सूची का शुद्धिकरण होना जरूरी, किसी की 'मुंसिफी' से संसद नहीं चलेगी

*सरकार किसी मुद्दे पर चर्चा से नहीं भागती। 'सर' की जिम्मेदारी भारत के चुनाव आयोग की। इस पर बहस नहीं हो सकती वे सरकार के तहत काम नहीं करते।*





*एसआईआर पर विपक्ष सदन से क्यों भागा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पार्लियामेंट विंटर सेशन में बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में चल रही एसआईआर चर्चा पर कहा कि इस पर बहस संसद में नहीं हो सकती, क्योंकि यह मुद्दा चुनाव आयोग के पास है। इलेक्शन कमीशन सरकार के साथ काम नहीं करता है। चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था है। शाह ने कहा कि चुनावों में सुधार पर चर्चा के लिए सत्र की शुरुआत में दो दिन गतिरोध भी हुआ। इससे एक प्रकार की गैरसमझ, गलत धारणा जनता पर पड़ी कि हम लोग ये चर्चा नहीं चाहते हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि संसद इस देश की चर्चा का सबसे बड़ी पंचायत है और हम भाजपा-एनडीए वाले चर्चा से कभी नहीं भागते। कोई भी मुद्दा हो, नियमों के अनुसार चर्चा के लिए हम तैयार रहते हैं। हमने दो दिन तक विपक्ष से चर्चा की कि इसको दो सत्र बाद किया जाए, लेकिन नहीं माने, तो हमने हां कर दी। इस चर्चा के लिए न बोलने के दो कारण हैं। सर पर इस सदन में चर्चा नहीं हो सकती, क्योंकि एसआईआर की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है।चुनाव आयोग और चुनाव आयुक्त, ये सरकार के तहत काम नहीं करते हैं। इसके साथ ही शाह ने कहा कि राहुल गांधी की मुंसिफी से संसद नहीं चलेगी?

## नेहरू का पीएम बनना पहली 'वोट चोरी' थी वरना...


एसआईआर पर चर्चा का जवाब देते गृहमंत्री शाह

शाह ने कहा कि देश में विपक्ष पिछले कई महीनों से वोट चोरी का मुद्दा उठा रहा है। मैं आज बताना चाहता हूं कि देश में कब-कब वोट चोरी हुई? शाह ने कहा, वोट चोरी के तीन आधार होते हैं, नंबर एक- योग्यता नहीं है और आप वोटर बनकर बैठे हैं, ये वोट चोरी मानी जाती है। दूसरा, आप गलत प्रकार से चुनाव जीतते हैं। तीसरा- वोट के विपरीत पद प्राप्त करना। ये तीनों ही वोट चोरी के दायरे में आती हैं। शाह ने कहा, देश में पहली वोट चोरी की घटना हुई जब देश के पहला प्रधानमंत्री तय करना था, उस वक्त के देश के जितने प्रांत थे, उनके कांग्रेस अध्यक्ष थे, उनके एक-एक वोट से तय होना था, उनमें से 28 वोट सरदार पटेल को मिले और 2 वोट जवाहरलाल नेहरू को और प्रधानमंत्री बने जवाहर लाल। इसके बाद कांग्रेस हंगामा करने लगी।

### मेरे बोलने का क्रम राहुल तय नहीं कर सकते, 2004 तक विरोध क्यों नहीं था?

'सर' को लेकर शाह ने कहा कि 2004 तक इसका किसी ने विरोध नहीं किया, लेकिन अब विरोध हो रहा है। शाह के भाषण के बीच ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल खड़े होकर उन्हें चैलेंज कर दिया। राहुल ने गृह मंत्री को सर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में डिबेट की चुनौती दी। इस बीच शाह ने कहा कि मैं पिछले 30 साल से संसद या विधानसभा में चुनकर आ रहा हूं, ऐसा कभी नहीं हुआ। शाह ने कहा कि मेरे बोलने का क्रम मैं तय करूंगा आप नहीं।

### राहुल के दावे पर कंगना का पलटवार

## *ब्राजीलियाई महिला से मैं माफी मांग रही हूं, राहुल 'अपराधी'*

चुनाव सुधार पर लोकसभा में चल रही बहस के दौरान मंडी सांसद कंगना ने कहा कि हर महिला को अपनी गरिमा का



अधिकार है और कांग्रेस नेता द्वारा ब्राज़ीलियाई महिला की तस्वीर का बिना सहमति के इस्तेमाल करने की कड़ी आलोचना की। उन्होंने बार-बार कहा है कि वह कभी भारत नहीं आईं और हरियाणा चुनाव से उनका कोई लेना-देना नहीं है। इस संसद की ओर से मैं उनसे माफी मांगती हूं। व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन एक बड़ा अपराध है।

### विपक्ष नाटक कर रहा

रनौत ने कहा कि विपक्ष मतदाता सूची को साफ करने के लिए चलाए जा रहे सर को लेकर नाटक कर रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता अपने भाषण के दौरान लगातार भटक रहे थे। उन्हें मुद्दे पर आने के लिए कहा गया और उन्होंने जवाब दिया कि वह तर्क गढ़ कर रहे हैं। और आख़िरकार, वे फिर से उसी महिला के पास चले गए। रनौत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई महिला-केंद्रित उपाय लाए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम ईवीएम हैक नहीं करते, वे दिल हैक करते हैं। उन्होंने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को भी निशाना बनाया और सवाल किया कि उनकी मां और कांग्रेस की दिग्गज नेता सोनिया गांधी ने कथित तौर पर नागरिक बनने से पहले कैसे मतदान किया? प्रियंका ने बिल्कुल झूठ बताया।

## इन्होंने भी कहा

### नतीजा कांग्रेस के पक्ष में हो तो...

केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि राहुल गांधी चुनावी सुधारों के लिए पदयात्रा की और बिहार चुनावों



को एसआईआर पर केंद्रित रखा। बिहार चुनावों की जनमत इस बात का प्रतीक है कि जनता ने न केवल प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं को स्वीकार किया है, बल्कि एसआईआर का समर्थन भी किया है। जब परिणाम कांग्रेस के पक्ष में होते हैं, तो ईवीएम अच्छी बात है।

### अहंकार के सिवा राहुल गांधी के पास कुछ नहीं बचा: गिरिराज

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि विनाश काले,



विपरीत बुद्धि। राहुल 'विवाद विद्या' के उस्ताद हैं। उन्हें न तो संविधान में विश्वास है और न ही संवैधानिक संस्थाओं में। अहंकार के सिवा उनके पास कुछ नहीं बचा। वे हताश हैं, इस बात से हताश कि सत्ता एक गरीब के बेटे नरेंद्र मोदी जी के हाथों में है। इसी हताशा में वे मुख्य न्यायाधीश को निशाना बनाते रहते हैं।

### चुनाव आयोग की नियुक्ति पीएम क्यों नहीं कर सकते: रविशंकर

मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग की नियुक्ति



के लिए गठित चुनाव समिति से मुख्य न्यायाधीश को बाहर रखने पर कांग्रेस द्वारा सरकार से सवाल किए जाने के जवाब में भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि जब प्रधानमंत्री को परमाणु बटन सौंपने में भरोसा किया जा सकता है, तो एक अच्छे मुख्य चुनाव आयुक्त या चुनाव आयोग के चयन में ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता?

### राहुल एक नॉन-रेसिडेंट इंडियन पॉलिटिशियन

भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि राहुल गांधी एक



नॉन-रेसिडेंट इंडियन पॉलिटिशियन हैं। भारत को एक भारत का रहने वाला अपोजिशन लीडर चाहिए जो सच में इस देश की परवाह करे और अपने काम को सीरियसली ले। वे भारत से ज़्यादा विदेश में रहते हैं। उनका दिल विदेश में है, लेकिन मजबूरी में वे यहां पॉलिटिक्स कर रहे हैं।

### जनता में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे

*भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि कल पहली*



*बार राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग पर कोई आरोप नहीं लगाया। वे पहले भी ऐसा कर चुके हैं। इन्हीं लोगों ने चुनाव आयोग के कार्यालय के सामने धरना दिया था। उस समय चुनाव आयोग ने उन्हें और उनके 30 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को बुलाया था, लेकिन वे नहीं गए।*

### चले थे हिस्टोरियन बनने, बन गए डिस्टोरियन

*कांग्रेस की ओर से जयराम रमेश ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि*



*गृह मंत्री और अन्य वक्ताओं को सुना. चले थे हिस्टोरियन बनने, बन गए डिस्टोरियन। उन्होंने कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, सरदार पटेल इन सभी लोगों पर आप तुष्टिकरण का आरोप लगा रहे हैं। गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने खुद इंटरव्यू में कहा था कि हमने सीडब्ल्यूसी में वंदे मातरम की कुछ पंक्तियों को नेशनल एंथेम घोषित करने की मांग की है। आचार्य कृपलानी से लेकर तमाम बड़े नेताओं ने इसे लेकर पत्र लिखे।*

### चुनाव आयोग वोट चोरी' को बढ़ावा दे रहा

*कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि ईसी 'वोट चोरी'*



*जैसे राष्ट्रविरोधी कृत्यों को रोकने के बजाय उन्हें बढ़ावा दे रहा है। भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा सोचती है कि वह ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग और अन्य एजेंसियों का इस्तेमाल करके देश पर शासन कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा देशभक्ति की बातें करती है। उनके पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ी।*

### राहुल ने सभी संस्थाओं का विश्वास खो दिया: चिराग



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि राहुल का किसी भी संस्था पर भरोसा नहीं बचा है। उन्होंने सभी संवैधानिक रूप से स्वतंत्र संस्थाओं, यहां तक कि चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर भी विश्वास खो दिया।

## खबर संक्षेप

### आवारा कुत्तों को एनिमल लवर्स के घर छोड़ दें

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे और हमलों से निपटने के लिए विधायकों के साथ



बैठक करने पर सहमति व्यक्त की। भोसरी से भाजपा विधायक महेश लांडगे ने मांग की कि हमला करने वाले कुत्तों को पकड़कर सीधे एनिमल लवर्स के घरों में छोड़ देना चाहिए। ताकि, उन्हें समस्या की गंभीरता का अहसास हो सके।

### गाय को खिलाया चिकन मोमोज, गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** यहां के सेक्टर-56 थाना क्षेत्र में गाय को चिकन मोमोज खिलाने पर युवक को पीटने का



मामला सामने आया है। गोरक्षकों ने युवक की जमकर धुलाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। युवक सोशल मीडिया एप पर मिले टास्क पर मोमोज खा रहा था। पुलिस ने युवक पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### महाराष्ट्र विधानसभा में तेंदुआ बने विधायक

**मुंबई।** तस्वीर में तेंदुए में गेटअप में दिख रहे शख्स महाराष्ट्र के माननीय हैं और वे इस वेश-भूषा में बुधवार



को महाराष्ट्र विधानसभा के बाहर नजर आए। जुन्नार के विधायक शरद सोनावणे को देखकर कुछ देर के लिए कौतूहल मच गया। थोड़ी देर बाद जब विधायक ने बातें रखी तो समझ आई। उन्होंने तेंदुओं के बढ़ते हमलों के विरोध में ऐसा किया।

### बागपत में फैक्ट्री से 300 किलो माल नष्ट किया

**बागपत।** यूपी के बागपत शहर के बीचों-बीच चल रही नकली खाने के एक बड़े रैकेट का खाद्य विभाग



ने भंडाफोड़ किया है। यहां एक गोदाम से सैकड़ों किलो घटिया और सेहत के लिए खतरनाक मेयोनीज और सॉस फास्ट-फूड की दुकानों में भेजी जा रही थी। विभाग ने 300 किलो से अधिक नकली मेयोनीज नष्ट कर दी।

दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान केंद्र और डीजीसीए की कड़ी आलोचना की

# 5000 का टिकट 39 हजार का कैसे हो गया यात्रियों को परेशानी की भरपाई करे इंडिगो

*इंडिगो की फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी की घटनाओं को गंभीर माना*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को इंडिगो एयरलाइंस के चल रहे संकट पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) की कड़ी आलोचना की। हाई कोर्ट ने इंडिगो की फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीर संकट बताते हुए केंद्र से सवाल किया है कि आखिर हालात इस कदर कैसे बिगड़ गए? कोर्ट ने निर्देश दिया है कि यात्रियों को तुरंत मुआवजा देने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

सैकड़ों फ्लाइट्स कैंसिल होने से प्रभावित यात्रियों के लिए मदद और रिफंड की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने से न सिर्फ यात्रियों को परेशानी और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा, बल्कि इससे अर्थव्यवस्था को भी नुकसान हो रहा है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि जब इंडिगो की फ्लाइटें बंद थीं, तो अन्य एयरलाइंस ने मौके का फायदा उठाते हुए टिकटों के दाम क्यों बढ़ा दिए? कोर्ट ने पूछा कि दूसरी एयरलाइंस के दाम बढ़ाने को कैसे जायज ठहराया जा सकता है।

*दाम बढ़ाने को जायज नहीं ठहराया जा सकता*

*उच्च न्यायालय ने विमानन कंपनी को दिया निर्देश*

### यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता


दिल्ली हाईकोर्ट

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा कि पायलटों के लिए संशोधित फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों को लागू करने में देरी और निगरानी की कमी के कारण देशभर में 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और 40,000 से ज्यादा यात्री फंस गए। अदालत ने टिप्पणी की कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। पायलटों की थकान से दुर्घटना का खतरा बढ़ता है। नियामक संस्थाओं को पहले से सक्रिय कदम उठाने चाहिए थे।

### टिकटों में बेतहाशा वृद्धि कैसे हो गई?

कोर्ट ने यह भी नाराजगी जताई कि उड़ानें रद्द होने के बाद अन्य एयरलाइंस ने किराया 40 हजार तक बढ़ा दिया। क्या यह अवसरवाद नहीं है? दूसरी एयरलाइंस को फायदा उठाने की इजाजत कैसे दी जा सकती है? जो टिकट 4-5 हजार में मिलते थे, उनके दाम इतने कैसे बढ़ गए?

### मुआवजे में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित सभी यात्रियों को डीजीसीए के मौजूदा दिशा-निर्देशों और भारतीय वायुयान अधिनियम, 2024 के तहत पूरा मुआवजा दिया जाए। कोर्ट ने मुआवजा सिर्फ कैंसलेशन के लिए नहीं, बल्कि यात्रियों को हुई परेशानी के लिए भी होना चाहिए। किराए में कोताही नहीं हो।

### सरकार ने कोर्ट में कही ये बात

केंद्र और डीजीसीए)की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि इस मामले में कानूनी प्रक्रिया पूरी तरह लागू है और इंडिगो को शो-कॉज नोटिस जारी किया जा चुका है।

**22 जनवरी को होगी अगली सुनवाई**

*दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, 'हमने इस आदेश में आपके (इंडिगो) बारे में फिलहाल कुछ नहीं कहा है, लेकिन जहां तक क्षतिपूर्ति की बात है, तो वह आपको तुरंत करना चाहिए। मुआवजा न सिर्फ रद्द उड़ानों के एवज में मिले, बल्कि यात्रियों को हुई पीड़ा की भी क्षतिपूर्ति हो।' कोर्ट ने निर्देश दिया कि 22 जनवरी, जो अगली सुनवाई की तारीख है तक अगर किसी कमेटी द्वारा शुरू की गई जांच पूरी हो जाती है, तो उसकी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में कोर्ट में जमा की जाए। बेंच ने इस मामले को डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक सुना।*

### पूरे प्रकरण की असल कहानी सामने आनी चाहिए: गोगोई

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने केंद्र की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल मंत्री के बयान दे देने से सरकार अपनी



जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो सकती। इस पूरे प्रकरण की असल कहानी सामने आनी चाहिए और सदन में विस्तार से चर्चा होना बेहद जरूरी है। गौरव ने आरोप लगाया कि सरकार ने सदनों में दिए गए बयानों में पूरी जिम्मेदारी एक निजी कंपनी पर डाल दी है, जैसे उसकी खुद की कोई भूमिका ही न हो। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है मानो नियामक संस्थाओं की कोई जिम्मेदारी ही नहीं बची।

नकली दवाओं व सिरप की रोकथाम

# 176 रिटेलर्स और 39 होलसेलर्स के लाइसेंस रद्द, 229 को थमाया नोटिस


महाराष्ट्र के एफडीए मंत्री नरहरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में नकली दवाओं और खांसी की सिरप की रोकथाम के लिए सरकार ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इस जानकारी का खुलासा महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) मंत्री नरहरी जिर्वाल ने बुधवार को राज्य विधानसभा में किया। भाजपा विधायक अमित सताम और अन्य के सवाल के लिखित जवाब में मंत्री ने बताया कि एफडीए ने विशेष अभियान शुरू किया है। खांसी की सिरप और अन्य दवाओं के नमूने राज्य सरकार के अस्पतालों और ड्रग टेस्टिंग लैब में भेजे गए, जहां उनकी जांच और विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट मिलने के बाद कई अनियमितताओं का पता चला। इस अभियान में 176 रिटेलर्स और 39 होलसेलर्स के लाइसेंस रद्द कर दिए गए। इसके अलावा, 136 रिटेलर्स और 93 होलसेलर्स का निरीक्षण किया गया और कारण-बताओ नोटिस जारी कर कई लाइसेंस रद्द किए गए। अक्टूबर 2024 में एफडीए के अभियान के दौरान कई दवा दुकानों और कंपनियों से नकली खांसी की सिरप बरामद की गई थी।

### डॉक्टरों, क्लीनिकल संस्थाओं और फार्मासिस्टों को निर्देश


मंत्री ने बताया कि डॉक्टरों, क्लिनिकल संस्थाओं और फार्मासिस्टों को निर्देश दिया गया कि वे प्रोप्रानोलोल युक्त दवाएं न लिखें और न बेचें। मुंबई, ठाणे, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर में 10 स्थानों पर कुल 36 नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 34 नमूने घटिया पाए गए। इनमें उच्च रक्तचाप, मधुमेह, तपेदिक, हृदय रोग और रक्त शुद्धिकरण से जुड़ी दवाएं शामिल थीं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में एक विशेष ब्रांड की बच्चों की खांसी की सिरप के 6 नमूने निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। कुछ दवाओं के घटक बदल दिए गए थे या उन्हें मिश्रित करके नए नाम (पैंक्रियाटइन/पैंक्रियाटिन) से बाजार में बेचा गया। इसके अलावा, कुछ नकली/घटिया दवाएं सरकारी अस्पतालों तक अनधिकृत कंपनियों द्वारा भेजी गईं।

### कई जिलों में नियमित ड्रग टेस्टिंग और नियंत्रण प्रभावित

मंत्री ने बताया कि ड्रग इंस्पेक्टर के 176 पद खाली होने के कारण कई जिलों में नियमित ड्रग टेस्टिंग और नियंत्रण प्रभावित हुआ। मुंबई, नागपुर और पुणे में तीन लैब हैं, जिन्हें अपग्रेड करने का काम चल रहा है। सरकार ने एमपीएससी के जरिए 109 ड्रग इंस्पेक्टरों की भर्ती करने का निर्णय लिया है। एफडीए नियमित ड्रग टेस्टिंग और नियंत्रण कर रहा है।

बाराबंकी में 2 कारों में भिड़ंत

# गेट न खुलने से 5 जिंदा जल गए गुहार लगाते रहे पर मदद न मिली


सड़क पर धधकती कार और अंदर जल गए लोग

एजेंसी ▶▶ बाराबंकी

उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में बुधवार को भीषण हादसा हो गया। दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में आग लग गई। कुछ लोग किसी तरह बाहर निकल गए। वे सड़क पर लेट गए। 5 लोग कार के गेट का लॉक नहीं खोल सके। इसके बाद वो अंदर की आग की चपेट में आ गए। बचाने के लिए चीखते रहे। लेकिन, कोई उनकी मदद नहीं कर सका। मंजर देखकर गांव वालों की रूह कांप गई। इस दौरान हाईवे पर भीषण जाम लग गया। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। 4 लोग जो सड़क पर गिरे, उनको अस्पताल लेकर गई। 2की हालत नाजुक है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि हमने देखा हाईवे पर कार में आग लगी है। जब वहां पास गए, तो हम डर गए। उसमें आदमी जल रहे थे। हम चाहकर भी मदद नहीं सके। आग की लपट इतनी तेज थी कि पास जाना तक मुश्किल था। हमने जो मंजर अपनी आंखों देखा, अभी तक मेरे जहन से हट नहीं रहा है। मदद के लिए लोग कार के अंदर छटपटा रहे थे। थोड़ी देर में पांचों लोग जिंदा जल गए।

## कर्नाटक में हेट स्पीच रोकथाम बिल को मिली मंजूरी

# 5,000 रु. जुर्माना,3 साल की कैद या दोनों सजाएं होंगी

*बुरे असर को प्रभावी ढंग से रोकने और नियंत्रित करने की कोशिश*



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने बेलगावी में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कर्नाटका हेट स्पीच और हेट क्राइम (रोकथाम और नियंत्रण) बिल, 2025 को पास कर दिया। यह बिल हेट स्पीच और हेट क्राइम, और व्यक्तियों, समूहों और समाजों पर उनके बुरे असर को प्रभावी ढंग से रोकने और कंट्रोल करने का प्रस्ताव करता है। इस बिल के पास होने के बाद अब कानून बन जाएगा, जिसके तहत सजा के प्रावधान किए गए हैं।

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस बिल को मंजूरी मिली

नुकसान, नफरत फैलाना या उकसाना माना जाएगा दोष

### ये रखे गए सजा के प्रावधान

- *कोई भी व्यक्ति जो किसी व्यक्ति के धर्म, जाति, समुदाय, लिंग, यौन रुझान, जन्म स्थान, निवास, भाषा, विकलांगता या जनजाति के प्रति अपने पूर्वाग्रह या असहिष्णुता के कारण किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है या नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाता है या नफ़रत फैलाता है, वह हेट क्राइम का दोषी माना जाएगा।*
- *जो कोई भी हेट क्राइम करेगा, उसे तीन साल तक की कैद या 5,000 रुपए तक का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। हेट क्राइम का अपराध गैर-संज्ञेय और गैर-जमानती होगा और इसकी सुनवाई फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट द्वारा की जाएगी।*
- *कोई भी व्यक्ति जो जान-बूझकर कुछ भी प्रकाशित करता है, प्रसारित करता है या समर्थन करता है या एक या ज़्यादा लोगों से इस तरह से बात करता है जिससे यह साफ़ तौर पर लगे कि उसका इरादा धर्म, जाति, भाषा, समुदाय और अन्य सहित इन आधारों में से किसी एक के आधार पर नुकसान पहुंचाना या नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाना या नफ़रत फैलाना है, वो सजा का हकदार होगा।*
- *इसमें वैसे व्यक्ति भी शामिल होंगे जो इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन पर ऐसी चीजें प्रोड्यूस करते हैं या उपलब्ध कराते हैं, जो कोई भी एक्सेस कर सकता है और साथ ही किसी खास व्यक्ति तक पहुंचाई जाती है या उसे निर्देशित की जाती है जिसे हेट स्पीच का शिकार माना जा सकता है।*

*तेलंगाना में 1000 करोड़ का फंड होगा*

### हैदराबाद को यूनिकॉर्न हब बनाने की तैयारी

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार स्टार्टअप को समर्थन देने के लिए 1000 करोड़ का फंड स्थापति कर रही है। राज्य के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी बुधवार को गूगल फॉर स्टार्टअप्स हब की



शुरुआत के मौके पर बोल रहे थे, जो तेलंगाना सरकार के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। रेड्डी ने दावा किया कि आने वाले वर्षों में कम से कम 100 हैदराबाद-आधारित स्टार्टअप्स को यूनिकॉर्न स्तर, यानी कम से कम 1,000 करोड़ रुपए मूल्यांकन, तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि मेरा एक ही सुझाव है कि आपको हैदराबाद, तेलंगाना से एक और गूगल बनना होगा या कम से कम एक अरब अमेरिकी डॉलर की कंपनी बनना होगा।

इस नए ग्लोकास9 प्रोटीन को बनाने के बाद, वैज्ञानिक अब कास9 एंजाइम को देख सकते हैं जब वह क्रिस्पआर-कास9 सिस्टम का उपयोग करके आनुवंशिक रोगों और कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए जीनोम एडिटिंग करता है

*कैंसर और वंशानुगत रोगों का इलाज होगा बेहतर*

# भारतीय वैज्ञानिकों ने बनाया खास क्रिस्पआर प्रोटीन, सुरक्षित जीन थेरेपी में बहुत मददगार

एजेंसी ▶▶ कोलकत्ता

कोलकाता के बोस इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने एक नया क्रिस्पआर प्रोटीन बनाया है, जिसका नाम ग्लोकास9 है। यह प्रोटीन जीन एडिटिंग करते समय चमकता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि यह नई खोज वंशानुगत (जेनेटिक) रोगों और कैंसर के इलाज को बेहतर बनाने में मदद करेगी। क्रिस्पआर-कास9 तकनीक डीएनए को सटीकता से काटती और ठीक करती है, लेकिन वैज्ञानिक अब तक कास9 एंजाइम (जो कि एक आणविक सर्जन की तरह काम करता है) को जीवित कोशिकाओं के अंदर काम करते हुए वास्तविक समय में नहीं देख पा रहे थे। पुराने तरीकों में कोशिकाओं को खोलना या नष्ट करना पड़ता था, जिससे प्रक्रिया को होते हुए देखना असंभव था।

कोशिकाओं को खोलने और नष्ट करने की प्रक्रिया को देखना हुआ आसान

कास9 प्रोटीन कोशिकाओं में जुगनू की तरह हल्की रोशनी उत्पन्न करता है



कंप्यूटर पर जीनोम एडिटिंग का विश्लेषण

## कोशिकाओं को नुकसान किए बगैर होगा काम

शोधकर्ताओं ने बताया कि ये निष्क्रिय एंजाइम के टुकड़े तब फिर से जुड़ जाते हैं जब कास9 सही ढंग से फोल्ड होता है, जिससे प्रकाश उत्पन्न होता है। यह प्रक्रिया जुगनू की हल्की रोशनी की तरह दिखती है। यह चमकने वाली गतिविधि वैज्ञानिकों को जीवित कोशिकाओं, ऊतकों और यहां तक कि पौधों की पत्तियों में भी क्रिस्पआर के काम को बिना नुकसान पहुंचाए ट्रैक करने की अनुमति देती है। टीम ने पाया कि पारंपरिक एंजाइम की तुलना में ग्लोकास9 बहुत स्थिर है और उच्च तापमान पर भी अपनी संरचना और गतिविधि को बनाए रखता है।

## *कोशिकाओं के काम पर नजर रखने में मिलेगी मदद*

*इस नए ग्लोकास9 प्रोटीन को बनाने के बाद, वैज्ञानिक अब कास9 एंजाइम को देख सकते हैं जब वह क्रिस्पआर-कास9 सिस्टम का उपयोग करके आनुवंशिक रोगों और कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज के लिए जीनोम एडिटिंग करता है। जीन थेरेपी कई जानलेवा वंशानुगत बीमारियों का स्थाई इलाज हो सकती है। जीन थेरेपी के तरीके विकसित करना एक चुनौती बना हुआ था। जीन एडिटिंग को होते हुए देखना- यानी आणविक मशीनरी को जीवित कोशिकाओं के अंदर डीएनए को काटते, ठीक करते और फिर से लिखते हुए देखना- कोशिकाओं को नष्ट किए बिना क्रिस्पआर के काम पर नज़र रखने में मदद कर सकता है।*

## डीएनए मरम्मत की सक्रियता बढ़ाता है

ग्लोकास9 होमोलॉग-निर्देशित मरम्मत की सटीकता को भी बढ़ाता है। यह एक डीएनए मरम्मत प्रक्रिया है जो सिकल सेल एनीमिया और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी आनुवंशिक बीमारियों से जुड़ी वंशानुगत उत्परिवर्तन (म्यूटेशन्स) को ठीक करने के लिए महत्वपूर्ण है। ग्लोकास9 को पौधों के सिस्टम में भी ट्रैक किया जा सकता है।

## गहरे समुद्र की झींगे से बनाया चमकता प्रोटीन

बोस इंस्टीट्यूट के डॉ. बासुदेब माझी के नेतृत्व में हुई यह खोज जीनोम इंजीनियरिंग को देखने और ट्रैक करने की प्रक्रिया में एक नया अध्याय खोलती है। डॉ. माझी की लैब के एक पीएचडी रिसर्चर, अर्कदीप कर्माकर ने यह ग्लोकास9 प्रोटीन डिज़ाइन किया है। उन्होंने गहरे समुद्र के झींगे के प्रोटीन से लिए गए एक विभाजनकारी नैनो-ल्यूसिफरेज एंजाइम को कास9 के साथ मिलाकर कास9 का एक बायोलुमिनसेंट (चमकने वाला) संस्करण बनाया है।

## खबर संक्षेप

### चोकसी की कोर्ट ने खारिज की अपील



**नई दिल्ली।** पीएनबी घोटाले के आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को मंगलवार को बेल्जियम की सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा। कोर्ट ने चोकसी की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें उसने भारत प्रत्यर्पण के आदेश को चुनौती दी थी। इससे उसे देश में वापस लाने के भारतीय एजेंसियों के अधिकारियों के प्रयासों को और मजबूती मिली है। मेहुल इस साल अक्टूबर में कोर्ट ऑफ कैसेशन का दरवाजा खटखटाया था, जब 17 अक्टूबर को एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील ने भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को बरकरार रखते हुए आदेश को कार्यान्वयन योग्य बताया था।

### रीशेड्यूलिंग नोटिस वाले आवेदक तारीख चेक करें




**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी दूतावास ने वीजा आवेदकों के लिए एक जरूरी एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी मुख्य रूप से उन वीजा आवेदकों के लिए जारी की गई है जिन्हें अमेरिकी दूतावास से रीशेड्यूलिंग का नोटिस मिला है। आवेदकों को सलाह दी गई है कि वे अपनी अपडेटेड अपॉइंटमेंट तारीखें चेक करें और बदले हुए शेड्यूल के अनुसार दूतावास या वाणिज्य दूतावास जाएं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस महीने के आखिर में होने वाले एच-1बी वीजा इंटरव्यू को अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा टाला जा रहा है।

### मोरक्को में इमारत ढहने से 19 की मौत



**फेज (मोरक्को)।** मोरक्को के फेज शहर में रात में दो बहुमंजिला इमारतों के ढहने से 19 लोगों की मौत हो गई। इस साल यहां इमारतों के ढहने की यह दूसरी घातक घटना है। मोरक्को की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, प्रभावित आवासीय इमारतों में 8 परिवार रहते थे। हादसे में 16 लोग घायल हो गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके को खाली करा लिया गया है और खोज एवं बचाव अभियान जारी है। इमारत ढहने के कारण का पता नहीं लगा।

**जयशंकर ने इटली के डिप्टी पीएम से की मुलाकात**

# कहा- लोकतांत्रिक मूल्य दोनों देशों की साझेदारी का आधार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इटली के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर भारत पहुंचे हैं। तजानी इस साल दूसरी बार भारत दौरे पर पहुंचे हैं। इसका उद्देश्य भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना है। इटली के डिप्टी पीएम तजानी और उनके प्रतिनिधिमंडल ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत की। बैठक में दोनों पक्षों ने लगातार उच्च स्तरीय बातचीत और लेन-देन पर खुशी जताई और एआई, साइबर, टेलीकॉम, डिजिटल तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव ईंधन, शिक्षा और अकादमी सहयोग, वैज्ञानिक शोध और युवाओं और पेशेवरों की मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में भारत और इटली के बीच सहयोग की बहुत बड़ी संभावना पर ध्यान दिया। दोनों देशों के मंत्रियों ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने और जेएसएपी से ठोस नतीजे सुनिश्चित करने का अपना वादा दोहराया। बैठक में डॉ. जयशंकर ने कहा कि दोनों देश 2025-29 के लिए संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना पर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने दिल्ली आतंकी हमले पर शोक व्यक्त करने के लिए ताजानी को धन्यवाद दिया।



जयशंकर और ताजानी फाइल फोटो

### इटली भारत के साथ अपने रिश्तों को लेकर बेहद गंभीर

जयशंकर ने कहा कि ताजानी का लगातार भारत आना यह दिखाता है कि इटली भारत के साथ अपने रिश्तों को बेहद गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि यह निरंतर संवाद दोनों देशों के बीच व्यक्तिगत, राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर संबंधों को नई दिशा दे रहा है। जयशंकर ने कहा कि भारत-इटली साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित है और दोनों देशों की सभ्यता, संस्कृति और विरासत एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करती है। आज की वैश्विक परिस्थितियों में दोनों देशों का यह सहयोग दुनिया में स्थिरता, सुरक्षा और समृद्धि के लिए अहम है।

### रक्षा, व्यापार, निवेश, शिक्षा में बढ़ेगा सहयोग

जयशंकर ने बताया कि ताजानी की पीएम नरेंद्र मोदी के साथ हुई बैठक बहुत सकारात्मक रही। उन्होंने कहा कि इस मुलाकात ने आने वाले समय में भारत-इटली संबंधों की दिशा और गति दोनों को स्पष्ट कर दिया है। पीएम के साथ हुई उच्च स्तर की चर्चा ने यह संकेत दिया है कि रक्षा, व्यापार, निवेश, शिक्षा, औद्योगिक तकनीक और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का सहयोग और तेजी से बढ़ेगा। विदेश मंत्रालय के मुताबिक तजानी गुरुवार को मुंबई जाएंगे और वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ इटली-भारत व्यापार मंच की सह-अध्यक्षता करेंगे। वे शुक्रवार को मुंबई से रवाना होंगे।

**पीएम मोदी से इंटेल और टेक कंपनी कॉग्निजेंट के शीर्ष अधिकारियों ने की मुलाकात**

# विश्व में भारत बनेगा चिप सुपरपावर: इंटेल प्रतिभाओं को देंगे पर्याप्त अवसर: कॉग्निजेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉग्निजेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रवि कुमार एस और इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन के दिग्गजों नेपीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इन सभी ने भारत में निवेश बढ़ाने और अपने परिचालन के विस्तार का आश्वासन दिया। पीएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इंटेल कॉर्पोरेशन के सीईओ लिप-बू टैन से मिलकर खुशी हुई। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की यात्रा के प्रति इंटेल की प्रतिबद्धता का स्वागत है।

मुझे विश्वास है कि हमारे युवा प्रौद्योगिकी के लिए एक नवाचार-संचालित भविष्य के निर्माण में इंटेल के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्य करेंगे। इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान कहा कि वह भारत में अपनी मौजूदगी और बढ़ाएगा। बैठक में इंटेल ने भारत में एआई-पीसी तकनीक को तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया साथ ही कहा कि भविष्य में भारत चिप उत्पादन में सुपरपॉवर बनेगा। इंटेल भारत में टाटा समूह के साथ अपने डिजाइन किए गए उत्पादों चिप, सेमीकंडक्टर आदि का निर्माण, असेंबली और पैकेजिंग करेगी।

पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत की यात्रा के प्रति इंटेल की प्रतिबद्धता का स्वागत है। मुझे विश्वास है कि हमारे युवा प्रौद्योगिकी के लिए एक नवाचार-संचालित भविष्य के निर्माण में इंटेल के साथ मिलकर उत्कृष्ट कार्य करेंगे

इंटेल सेमीकंडक्टर डिजाइन, निर्माण और पैकेजिंग में देगी सहयोग

कॉग्निजेंट ने देश के उभरते शहरों में विस्तार के लिए प्रतिबद्धता जताई



पीएम मोदी से मुलाकात करते इंटेल के सीईओ लिप-बू टैन

### भारत कॉग्निजेंट की साझेदारी का स्वागत

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि कॉग्निजेंट के रवि कुमार एस और राजेश वारियर के साथ उनकी एक शानदार बैठक हुई। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य के क्षेत्रों में कॉग्निजेंट की निरंतर साझेदारी का स्वागत करता है। हमारे युवाओं का एआई और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना भविष्य में एक जीवंत सहयोग की नींव रखता है।



पीएम मोदी से कॉग्निजेंट के रवि कुमार एस (बाएं) और राजेश वारियर ने मुलाकात की।

### भारत 2030 तक दुनिया का सबसे बड़ा डेवलपर बनेगा: नडेला

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने बुधवार को कहा कि भारत 2030 तक दुनिया की सबसे बड़ी डेवलपर कम्युनिटी बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के बढ़ते टैलेंट और नेक्स्ट जेनरेशन एआई इनोवेशन में देश की उभरती नेतृत्व क्षमता को रेखांकित किया।



माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला

### *भारत पहले से ही एआई का उपयोग कर रहा*

*उन्होंने इसे भारत के लिए एआई का उपयोग कर सामाजिक स्तर पर समाधान विकसित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। नडेला ने कहा कि भारत के डेवलपर्स पहले से ही गिटहब, एज्योर और माइक्रोसॉफ्ट के नए एआई प्लेटफॉर्म का उपयोग उन उन्नत प्रोजेक्ट्स के लिए कर रहे हैं, जो पहले केवल बड़े रिसर्च लैब्स तक सीमित थे।*

### एआई क्षमता बढ़ाने पर चर्चा

कॉग्निजेंट ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि इसके सीईओ रवि कुमार एस और कॉग्निजेंट इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजेश वारियर को पीएम मोदी से मिलने का अवसर मिला। बैठक में एआई को तेजी से अपनाने, एआई क्षमताओं को बढ़ाने तथा शिक्षा एवं कौशल विकास को आगे बढ़ाने पर प्रेरक चर्चा हुई।

### *सेमीकंडक्टर मिशन का समर्थकः इंटेल*

*वहीं, इंटेल कॉर्पोरेशन के सीईओ लिप-बू टैन ने 'एक्स' पर लिखा कि वह नई दिल्ली में पीएम मोदी से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान प्रौद्योगिकी, कंप्यूटिंग और भारत की विशाल संभावनाओं से जुड़े कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने पीएम द्वारा व्यापक सेमीकंडक्टर डिजाइन और निर्माण नीति लागू करने की सराहना की और कहा कि इंटेल भारत सेमीकंडक्टर मिशन के समर्थन के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी चाहती है कि आने वाले वर्षों में भारत सिर्फ टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने वाला देश न रहे। बल्कि नई तकनीक बनाने और उत्पादन करने का एक बड़ा केंद्र बन जाए।*

**केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का दावा**

# ओमान, न्यूजीलैंड सहित कई देशों के साथ भारत की 'एफटीए वार्ता' अंतिम चरण में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओमान और न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता अपने अंतिम चरण में है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों के जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि दक्षिण अमेरिकी देश चिली के साथ व्यापार समझौता भी जल्द पूरा होने वाला है। गोयल ने बताया कि न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैक्ले शुक्रवार को दिल्ली आने वाले हैं, ताकि दोनों देशों के बीच एफटीए वार्ताओं को अंतिम रूप दिया जा सके। वहीं, ओमान के साथ व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) पर तीन प्रमुख दौरों में सहमति बनने के बाद अब कैबिनेट मंजूरी की प्रक्रिया चल रही है।



मंत्री पीयूष गोयल

### इजराइल के साथ भी वार्ता जारी

भारत और इजराइल ने 2025 में टीओआर (संदर्भ की शर्तों) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद एफटीए वार्ता के औपचारिक पुनरारंभ की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारत ने हाल के महीनों में कई देशों के साथ एफटीए वार्ताओं में तेजी लाई है। मालदीव के साथ जुलाई 2025 में टीओआर पर हस्ताक्षर किए गए, और अब दोनों देश बातचीत शुरू कर चुके हैं। भारत और कतर भी मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू करने के लिए एक अनुबंध को अंतिम रूप दे रहे हैं। साथ ही भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच भी इसी तरह का एक प्रयास चल रहा है।

# उमर और शरजील की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन पर फरवरी 2020 के दिल्ली में हुए दंगों को हवा देने से संबंधित यूएपीए के तहत मामला दर्ज है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू तथा वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, अभिषेक सिंघवी, सिद्धार्थ दवे, सलमान खुर्शीद और सिद्धार्थ लूथरा के दलीलें सुनीं। उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य की जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि फरवरी 2020 के दंगे कोई सहज-स्वाभाविक घटना नहीं थे, बल्कि यह भारत की संप्रभुता पर एक 'सुनियोजित, पूर्व-नियोजित और अच्छी तरह डिजाइन किया गया' हमला था।


**गोवा नाइट क्लब अग्निकांड मामला**

# लूथरा ब्रदर्स अदालत से अंतरिम राहत पाने में नाकाम,आज फिर होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा के रोमियो लेन नाइट क्लब के मालिक सौरभ और गौरव लूथरा बुधवार को दिल्ली की एक अदालत से अंतरिम राहत पाने में नाकाम रहे। अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई अगले दिन के लिए टाल दी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना ने दोनों भाइयों द्वारा दायर अग्रिम जमानत पर गोवा सरकार से जवाब मांगा और अगली सुनवाई की तारीख गुरुवार तय की। भाइयों ने चार हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत मांगी है ताकि थाईलैंड से दिल्ली लौटने के बाद उन्हें तुरंत गिरफ्तार न किया जाए। उन्होंने गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा भी मांगी है।



सौरभ और गौरव लूथरा

### खुद को बताया पीड़ित

थाइलैंड भाग चुके लूथरा ब्रदर्स ने अग्रिम याचिका में खुद पीड़ित बताया है। दावा किया कि उन्हें बिना आधार आरोपी बनाया जा रहा है। वहीं, गिरफ्तार होने के बाद सह मालिक अजय गुप्ता ने कहा कि वह केवल साझेदार है और उसे आग लगने के बारे में कुछ पता नहीं है।

**बचपन को सुरक्षित करने के लिए ऑस्ट्रेलिया सरकार की बड़ी पहल**

# 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए फेसबुक व इंस्टाग्राम प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर बुधवार से पाबंदी प्रभावी हो गई है। फेसबुक और इंस्टा सहित ऐसे 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ब्लॉक किए गए हैं।

इससे पहले मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज ने नए कानून को समर्थन के लिए राज्यों और स्थानीय नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि इससे बचपन को सुरक्षित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस सुधार के प्रभावी बनाने के लिए आगे कुछ बदलाव की जरूरत हो सकती है।

*फिलहाल 10 सोशल मीडिया पर लगाया बैन*



पीएम एंथनी अल्बनीज



मोबाइल पर सोशल मीडिया का उपयोग करता बच्चा

### नियम न मानने पर 295 करोड़ का जुर्माना

प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर न तो बच्चे और न ही उनके माता-पिता को सजा दी जाएगी। इसे लागू करने की पूरी जिम्मेदारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर होगी। इसका उल्लंघन करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 295 करोड़ रुपए) तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसे लागू करने से पहले सरकार ने इसे लेकर अध्ययन कराया था जिसमें इसके प्रभावी बनाने के तौर-तरीकों की जांच परख की गई थी।

### *पाबंदी वाली साइट्स की बढ़ाएंगे संख्या*

*नवंबर, 2024 में फेडरल पार्लियामेंट में पास हुए कानूनों के तहत कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने के लिए अनिवार्य रूप से उचित कदम उठाने होंगे। शुरुआत में जिन 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पाबंदी लगाई गई है उनमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, थ्रेड्स, टिकटॉक, एक्स शामिल हैं।*

### *नकारात्मक असर रोकना जरूरी*

*पीएम अल्बनीज ने कहा कि बच्चों पर सोशल मीडिया के नकारात्मक असर को रोकने के लिए कदम उठाना जरूरी था। इससे बच्चों के स्वास्थ्य और उनके मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ रहा था। उनके एक्स हैंडल पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह वह दिन है जब ऑस्ट्रेलियाई परिवार प्रौद्योगिकी कंपनियों से एकाधिकार वापस लेकर अपने बच्चों के बचपन को सुरक्षित कर रहे हैं।*

**पुलिस बल को गढ़चिरौली में मिली बड़ी कामयाबी**

# 82 लाख के इनामी 11 नक्सलियों ने कई हथियारों संग किया सरेंडर

एजेंसी ▶▶ गढ़चिरौली

सरकार द्वारा नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में महाराष्ट्र की गढ़चिरौली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसके तहत गढ़चिरौली में बुधवार को 82 लाख के इनामी 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

ये सभी नक्सली ने महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला के सामने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान वहां पर एडिशनल डीजी (स्पेशल ऑपरेशंस) चेहरिंग दोरजे, गढ़चिरौली रेंज के डीआईजी अंकित गोयल, एसपी नीलोत्पल और सीआरपीएफ के ऑपरेशंन डीआईजी भी मौजूद थे। गढ़चिरौली पुलिस को मिली इस बड़ी सफलता को डीजीपी रश्मि शुक्ला ने नक्सलवाद के अंत की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह गढ़चिरौली में नक्सलवाद के अंत की शुरुआत है।



11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

# लिवरपूल की आत्मविश्वासी जीत, इंटर मिलान को दी मात

## चैंपियंस लीग : बार्सिलोना और बायर्न म्यूनिख ने की शानदार वापसी, मनाया जीत का जश्न

एजेंसी ▶▶| लंदन

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सालाह को टीम से बाहर किए जाने के बावजूद लिवरपूल ने पेनल्टी पर किए गए गोल के दम पर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में इंटर मिलान को 1-0 से हराकर आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत हासिल की। बार्सिलोना और बायर्न म्यूनिख ने भी शानदार वापसी करते हुए जीत का जश्न मनाया, जबकि चेल्सी को हार का सामना करना पड़ा।

लिवरपूल की तरफ से नियमित पेनल्टी लेने वाले सालाह के टीम से बाहर होने के कारण डोमिनिक स्ज़ोबोस्ज़लाई को यह भूमिका निभानी पड़ी। उन्होंने हालांकि टीम को निराश नहीं किया और 88वें मिनट में पेनल्टी पर गोल करके प्रतियोगिता में अब तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल इंटर मिलान के विजय अभियान पर रोक लगाई।



### 17 वर्षीय कार्ल का शानदार प्रदर्शन जारी

बायर्न म्यूनिख के 17 वर्षीय मिडफील्डर लेनार्ट कार्ल ने चैंपियंस लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे उनकी टीम ने स्पोर्टिंग लिस्बन पर 3-1 से जीत हासिल की। इससे बायर्न आर्सेनल के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। कार्ल ने चैंपियंस लीग के चार मैचों में तीसरा गोल किया। स्पोर्टिंग को जोशुआ किमिच के आत्मघाती गोल से बढ़त मिलने के बाद बायर्न ने 12 मिनट में तीन गोल दागकर मैच का रुख पलट दिया। सर्ज ग्नाब्री ने 65वें मिनट में बायर्न के लिए बराबरी का गोल दागा। इसके बाद 69वें मिनट में कार्ल ने और 77वें मिनट में डिफेंडर जोनाथन टाह ने गोल किए। चेल्सी को लगभग तीन महीने में पहली बार चैंपियंस लीग में हार का सामना करना पड़ा।

## लगातार दूसरी बार एमएलएस के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मेस्सी



फोर्ट लॉडरडेल। इंटर मियामी के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लगातार दूसरी बार साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अर्जेंटीना के इस 38 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से उनकी टीम इंटर मियामी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार हासिल करने में सफल रही। एमएलएस कप चैंपियन टीम के कप्तान मेस्सी एमएलएस के इतिहास में लगातार दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (एमवीपी) का खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें लीग के इस साल के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान का विजेता घोषित किया गया। मेस्सी ने अपने साथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके बिना यह पुरस्कार जीतना संभव नहीं था। वह लीग के इतिहास में दो बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल करने वाले दूसरे खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनसे पहले प्रेकी ने 1997 और 2003 में यह पुरस्कार जीता था।

## खबर संक्षेप




### कार्तिक बने लंदन स्पिरिट के मेंटर

**लंदन।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को द हंड्रेड की टीम लंदन स्पिरिट का मेंटर (मार्गदर्शक) और बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की है। कार्तिक पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग से इतर सहयोगी स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। वह आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ इसी भूमिका में काम करते हैं। लंदन स्पिरिट के क्रिकेट निदेशक बोबाट ने कहा, 'डीके (दिनेश कार्तिक) का लंदन स्पिरिट में स्वागत करना हमारे लिए खुशी की बात है। उन्हें क्रिकेट का बहुत अच्छा ज्ञान है और खेल के सबसे छोटे प्रारुप में फ्रेंचाइजी क्रिकेट में उनका व्यापक अनुभव हमारे लिए अमूल्य साबित होगा।'' कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद घरेलू क्रिकेट में एक खिलाड़ी के रूप में अपना करियर समाप्त कर दिया था, लेकिन वे अन्य लीग में खेलते हैं। 40 वर्षीय कार्तिक वर्तमान में यूएई की आईएलटी20 लीग में शारजाह वॉरियर्स की टीम में शामिल हैं।

### 16 फरवरी से भारतीय निशानेबाजी लीग


**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) के पहले सत्र का आयोजन अगले साल 16 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने यह जानकारी दी। बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से टकराव से बचने के लिए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल



महासंघ(आईएसएसएफ) के 2026 कैलेंडर के हिसाब से तारीखें तय की गई हैं। लीग को इससे पहले 2026 की शुरुआत तक टाल दिया गया था। फ्रेंचाइजी आधारित इस लीग में कई शीर्ष भारतीय और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज पिस्टल, राइफल और शॉटगन वर्ग में मिश्रित टीम प्रारुप में मुकाबला करेंगे। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, 'एसएलआई हमारे खेल के लिए एक मील का पत्थर है, जो फ्रेंचाइजी आधारित, खिलाड़ियों को तरजीह देने वाला है और अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व के लिए वैश्विक कैलेंडर के हिसाब से है।'

### 9 मार्च से पहली राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** अगले साल 9 से 14 मार्च तक भारत में होने वाली पहली राष्ट्रमंडल खो-खो चैंपियनशिप में 24 से ज्यादा देश शिरकत करेंगे। हालांकि इसके लिए भारत में जगह अभी तय नहीं हुई है। राष्ट्रमंडल खेल (सीएस) की भारत में



चैंपियनशिप के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारतीय खो-खो महासंघ जगह तय करने के लिए कई राज्यों से बात कर रहा है। इस टूर्नामेंट में पुरुषों की 16 और इतनी ही महिलाओं की टीम हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट इस साल जनवरी में दिल्ली में हुए पहले खो-खो विश्व कप की तरह होगा, जिसमें 23 देशों ने हिस्सा लिया था।

## टीम इंडिया को सीरीज में अजेय बढ़त का मौका, भिड़ंत शाम 7 बजे से

# शुभमन की धुआंधार पारी का इंतजार द.अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आज

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)

अभी तक सबसे छोटे प्रारुप में अपनी छाप छोड़ने में नाकाम रहे शुभमन गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 11 दिसंबर को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अपने घरेलू मैदान पर फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। पांच मैचों की इस श्रृंखला के पहले दो मैचों के बीच केवल एक दिन का अंतराल है और ऐसे में गिल को सीधे मैदान पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारत ने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका को 101 रन से करारी शिकस्त दी लेकिन सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी करने वाले गिल का औसत प्रदर्शन अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में कप्तान के रूप में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन टी20 में वह अपनी इस सफलता को नहीं दोहरा पाए हैं, जिससे उन पर दबाव बनना स्वाभाविक है।



### अभिषेक का शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन

संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे, फिर भी टीम प्रबंधन ने गिल की टी20 सलामी बल्लेबाज के रूप में क्षमता पर अधिक भरोसा दिखाया। इसके बाद संजू की टीम में जगह अनिश्चित हो गई। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं, जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है। गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी चिंता का विषय होगा क्योंकि उसकी टीम 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 74 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मार्क्रम ने भी स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाज परिस्थितियों के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए। मार्क्रम ने पहले मैच के बाद कहा, 'आजकल टी20 क्रिकेट में चीजों को समझने का ज्यादा समय नहीं मिलता। लेकिन सबसे बड़ा कारण स्पष्ट रूप से साझेदारी न बना पाना, विकेट गिरने के बाद संभल न पाना और लय न बना पाना था। हमें इस पर गौर करना होगा।'

### टीमें इस प्रकार

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, संजू सैमसन।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, केशव महाराज, लूथो सिपाम्ला, एनरिक नोर्किया, लुंगी एनगिडी, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, रीजा हेंड्रिक्स, कॉर्बिन बॉश, ओटनील बार्टमैन।

## अस्थिबाधित महिला क्रिकेट के चार रोमांचक मुकाबले हुए

# व्हीलचेयर क्रिकेट में भारत-श्रीलंका, अस्थिबाधित में महाराष्ट्र और झारखंड के बीच होगा फाइनल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

ओल्ड कैंपियन मैदान में चल रही व्हीलचेयर क्रिकेट और अस्थिबाधित महिला क्रिकेट में बुधवार को रोमांचक मुकाबले हुए। अस्थिबाधित महिला क्रिकेट में पहला मुकाबा महाराष्ट्र और राजस्थान की टीम के बीच हुआ जिसमें महाराष्ट्र ने निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट खोकर 79 रन बनाए। राजस्था टीम निर्धारित ओवरों में मात्र 45 रन ही बना पाई। महाराष्ट्र दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम ने 34 रनों से जीत हासिल की। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जयश्री नकाते रहीं।

### खेल संचालक गुप्ता ने वितरित किए पुरस्कार

आज के मुख्य अतिथि संचालक खेल विभाग राकेश गुप्ता, हेमंत तिवारी ने खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार दिए। उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी की सचिव दीप्ति पटवा ने सभी अतिथियों का सम्मान किया।

### मप्र ने झारखंड की टीम को हराया

दूसरे मुकाबले में झारखंड दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 54 रन बनाए। मप्र की महिला दिव्यांग टीम ने 55 रन बनाकर 7 विकेट से जीत दर्ज की। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रेखा सोलंकी रहीं। तीसरा मैच राजस्थान महिला दिव्यांग क्रिकेट और झारखंड के बीच हुआ, जिसमें राजस्थान की टीम निर्धारित ओवर में केवल 37 रन ही बना पाई। झारखंड दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम ने बिना कोई खिलाड़ी आउट हुए लक्ष्य प्राप्त कर लिया और 10 विकेट से जीत हासिल की। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुष्पा मिंज रहीं। चौथा मैच मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच खेला गया, जिसमें मप्र महिला दिव्यांग क्रिकेट ने निर्धारित ओवर में एक विकेट खोकर 59 रन बनाए। महाराष्ट्र दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम ने 8 विकेट से जीत हासिल की। मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दीक्षा साल्वे रहीं।

## 1800 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

# एलएनसीटी में वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में एलएनसीटी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा 10 से 14 दिसंबर तक एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड के ग्राउंड पर आयोजित वेस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा प्रो. डॉ. एनके थापक वाइस चांसलर, डॉ. सुनील सिंह ओएसडी एलएनसीटी ग्रुप, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर, एलएनसीटी, आकाश दुबे आईटी हेड, डॉ. रमेश शुक्ला असिस्टेंट रजिस्ट्रार, आरके शर्मा खेल अधिकारी टीआईटी, पीएस दारा सिंह की उपस्थिति में सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में वेस्ट ज़ोन के अंतर्गत आने वाली लगभग 140 विश्वविद्यालयों के 1800 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभागी बन रहे हैं। खिलाड़ियों और अधिकारियों के उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धी भावना से उद्घाटन समारोह का वातावरण रोमांचक और गरिमामय रहा। एलएनसीटी



विश्वविद्यालय के प्रबंधन ने सभी भाग लेने वाली टीमों, कोचों, अधिकारियों और आगंतुकों के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं, ताकि प्रतियोगिता का संचालन सुचारू, सुरक्षित और सफलतापूर्वक हो सके। पांच दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबले मे शिवाजी यूनिवर्सिटी कोल्हापुर ने क्रांति सूर्या तात्या भील यूनिवर्सिटी, खरगोन को 3-0 से, गुजरात टेक्निकल यूनिवर्सिटी निगम नगर ने यूनिवर्सिटी भीलवाड़ा को 3-0 से, यूनिवर्सिटी ऑफ़ कोटा ने पहर यूनिवर्सिटी को 3-0 से, एपीएस यूनिवर्सिटी रीवा ने सेम ग्लोबल यूनिवर्सिटी भोपाल को 3-0 से, महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी ने ओरिएंटल यूनिवर्सिटी इंदौर को 2-0 से हराकर अगले दौर मे प्रवेश किया। प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण फ्रीडम ग्लोबल स्पोर्ट्स नेटवर्क के द्वारा किया जा रहा है।

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम में वैष्णवी के चयन पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने दी बधाई

**भोपाल।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम में ग्वालियर की बेटी वैष्णवी शर्मा के चयन पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बधाई देते हुए कहा, आज मैं अत्यंत उत्साहित और गौरवान्वित हूं। तुम्हें हृदय से ढेरों बधाई और शुभकामनाएं, बेटा। मुझे विशेष हर्ष है कि ग्वालियर की मिट्टी से निकली यह उज्ज्वल प्रतिभा अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। गौरतलब है कि वैष्णवी को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली आगामी टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। यह टीम 21 दिसंबर से 30 दिसंबर तक श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाले पांच मैचों के इस टी20 सीरीज के लिए चयनित की गई है। मशहूर ज्योतिषाचार्य नरेंद्र शर्मा की पुत्री वैष्णवी शर्मा को इस सीरीज के लिए पहली बार भारतीय महिला क्रिकेट टीम में स्थान मिला है। टीम में हरमनप्रीत कौर को कप्तान और स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है। वैष्णवी ने हाल ही में अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 में मलेशिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने पारी के 14वें ओवर में हैट्रिक पूरी कर सभी का दिल जीत लिया था और सुर्खियां बटोरी थी।



# आईएल टी20 : पूरन ने नहीं की स्टंपिंग तो रिटायर्ड आउट हुए बल्लेबाज होल्डन

एजेंसी ▶▶| अबू धाबी

इंटरनेशनल लीग टी20 में डेजर्ट वाइपर्स ने एमआई एमिरेट्स को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हराया। मैच में बड़ा ड्रामा देखने को मिला। मामला डेजर्ट वाइपर्स की पारी के 16वें ओवर का है। इसमें निकोलस पूरन ने रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे मैक्स होल्डन को जानबूझकर स्टंपिंग नहीं किया। अगली गेंद पर होल्डन रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौट गए। अबू धाबी में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए वाइपर्स का स्कोर 16वें ओवर से पहले 1 विकेट पर 110 रन था। मैक्स होल्डन और सैम करन क्रीज पर थे और दोनों जूझते दिख रहे थे। पिछले चार ओवरों में 20 रन बने थे और शिमरोन हेटमायर और डैन लॉरेंस डगआउट में थे।



### 16वें ओवर का रोमांच

वाइपर्स को रन की जरूरत थी और इंग्लैंड के खिलाड़ी होल्डन तीसरी गेंद पर स्ट्राइक पर थे। इससे पहले करन ने राशिद खान की गेंद पर चौका जड़ने के बाद सिंगल लिया था। तीसरी और चौथी गेंद पर कोई रन नहीं बना। एमआई एमिरेट्स ने उनमें से चौथी गेंद पर रिव्यू गंवाया जब पूरन को लगा कि गेंद होल्डन के बल्ले पर लगकर उनके पास आई है, लेकिन गेंद पैड से लगकर उनके पास आई थी। पांचवीं गेंद पर दो रन बने। फिर ड्रामा शुरू हुआ।

### पूरन ने नहीं की स्टंपिंग

राशिद की अगली गेंद पर होल्डन क्रीज से बाहर निकल आए और बड़ा शॉट लगाने का प्रयास किया, लेकिन वाइड गेंद की वजह से वह चूक गए। वह क्रीज से इतने दूर थे कि उन्होंने वापस आने की कोशिश भी नहीं की। पूरन के पास बॉल थी, लेकिन उन्होंने स्टंपिंग नहीं की। होल्डन को एहसास हुआ कि पूरन क्या करने वाले हैं और उन्होंने अपना बल्ला वापस ग्राउंड किया।

## जूनियर महिला विश्व कप हॉकी : नौवें स्थान के लिए आज भारत का मुकाबला स्पेन से

# गोलकीपर निधि ने बचाए 3 गोल, भारत ने उरुग्वे को हराया

एजेंसी ▶▶| सैंटियागो

गोलकीपर निधि के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पेनल्टी शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराकर जूनियर महिला विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट में नौवें स्थान पर रहने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। नौवें से 12वें स्थान के लिए खेले गए इस क्लासिफिकेशन मैच में दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी।

भारत की तरफ से मनीषा ने 19वें मिनट जबकि उरुग्वे के लिए जस्टिना अरेगुई ने 60वें मिनट में गोल किया। पेनल्टी शूटआउट में भारत की तरफ से पूर्णिमा यादव, इशिका और कनिका सिवाच ने गोल किए, जबकि गोलकीपर निधि ने उरुग्वे के तीन गोल का बचाव करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।



### अंतिम क्वार्टर में उरुग्वे ने खेला खुलकर

अंतिम क्वार्टर में उरुग्वे ने अधिक खुलकर खेलना शुरू किया। जब मैच समाप्त होने में दो मिनट का समय बचा था तब उरुग्वे ने गोलकीपर की जगह एक फील्ड खिलाड़ी को मैदान में उतारा और उसकी यह रणनीति कारगर साबित हुई। अब खेल समाप्त होने में केवल दो सेकंड का समय बचा था कि तभी उरुग्वे को पेनल्टी मिली। जस्टिना अरेगुई ने इसे गोल में बदलकर मैच को शूटआउट में पहुंचा दिया, जिसमें निधि के शानदार खेल से भारत जीत हासिल करने में सफल रहा। भारत का अगला मुकाबला नौवें स्थान के लिए गुरुवार को स्पेन से होगा।

### पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा

पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा रहा और उसने शुरुआत में ही कई मौके बनाए। हालांकि उरुग्वे को पांचवें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। भारत ने 18वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन साक्षी राणा का शॉट विपक्षी गोलकीपर ने रोक दिया। इसके कुछ क्षण बाद ही मनीषा ने हालांकि भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद अगले दो क्वार्टर में दोनों टीम ने गोल करने के लिए कई प्रयास किए नहीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली।




### डिंडोरी में भी बोरर से प्रभावित साल के पेड़ों को चिन्हित कर रहे वनकर्मी

# अमरकंटक के जंगल में बोरर का संक्रमण, खतरे में एक लाख पेड़

**प्रारंभिक रिपोर्ट टीएफआरआई की वैज्ञानिक नीलू सिंह ने वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे को सौंपी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ढाई दशक बाद डिंडोरी और अमरकंटक के साल के लगभग एक लाख पेड़ बोरर के चपेट में आ गए हैं। यदि शीघ्र ही इसके रोकथाम के कदम नहीं उठाए गए तो 1998 जैसी भयावह बन सकती है। डिंडोरी और अमरकंटक के जंगल में इन दिनों साल पर बोरर कीट के प्रकोप से भारी तबाही होने की आशंका है। बोरर संक्रमित साल के हजारों पेड़ खोखले हो रहे हैं। इस आशय की एक प्रारंभिक रिपोर्ट टीएफआरआई की वैज्ञानिक नीलू सिंह ने वन बल प्रमुख वीएन अंबाडे को सौंपी है।

वैज्ञानिक की रिपोर्ट है कि डिंडोरी जिले के पब्लिक वाणी कुछ हिस्सों में 30-35 प्रतिशत साल के पेड़ पहले से ही संक्रमित हो सकते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि भारी बारिश और बढ़ी हुई आर्द्रता ने इस कीट के प्रसार को तेज कर दिया है। डिंडोरी में संक्रमित साल के पेड़ों को चिह्नित किया जा रहा है। लगभग 35 मजदूर पिछले चार दिनों से सोनतीरथ में बोरर कीट से क्षतिग्रस्त पेड़ों को चिह्नित कर रहे हैं। कूप संख्या 776 में स्थित यह जंगल 119.25 हेक्टेयर साल - बहुल क्षेत्र में फैला है। अभी तक केवल तीन हेक्टेयर क्षेत्र को चिह्नित किया गया है, जिसमें 3, 113 प्रभावित पेड़ों की गणना की गई है। बताया जाता कि पूरे 119.25 हेक्टेयर क्षेत्र को चिह्नित करने में एक महीना लग सकता है। अनुमान है कि पूर्व करंजिया रेंज के सोनतीरथ गांव में क्षतिग्रस्त पेड़ों की संख्या 20-25 हजार तक पहुंच सकती है। पूरे जिले के लिए यह आंकड़ा चौंकाने वाला होने की उम्मीद है। डिंडोरी डीएफओ पुनीत सोनकर ने बताया कि हम अभी कीटों से प्रभावित पेड़ों की संख्या का आकलन कर रहे हैं।

उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस साल कीटों का प्रभाव ज्यादा है। सोनकर का मानना है कि डिंडोरी में केवल 5,000 प्रभावित पेड़ों का अनुमान है। लेकिन यह आंकड़ा अविश्वसनीय प्रतीत होता है। ग्रामीणों का भी मानना है कि आधिकारिक आंकड़ा समस्या की गंभीरता को कम करके आंकता है।

#### बोरर अभी यह लार्वा अवस्था में



साल के पेड़ों पर बोरर अभी लार्वा अवस्था में हैं और सर्दियों में सुप्तावस्था में रहेंगे। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ये बाहर निकलकर फैलना शुरू करेंगे। बोरर एक सुंडी कीट की प्रजाति है। और इसका प्रजनन चक्र 15 दिन का होता है। मादा एक बार में 300 से 500 अंडे देती है। बोरर कीट मानसून खत्म होने के पश्चात ही वृक्षों में लगने लगते हैं और उम्र भर पेड़ में ही रहते हैं तथा इस दौरान एक हरे भरे पेड़ को भी वे कुछ ही दिनों में चट कर जाते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनका फैलाव कितना तेज होता है। यह कीट पूरे जंगल को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है। रिपोर्ट में बताया है कि अभी इल्लियां पेड़ के तने के अंदर हैं, वे कितनी संख्या में हैं, यह कहना मुश्किल है। इस साल इनके फैलाव के पीछे कौन कौन से जलवायु कारक जिम्मेदार हैं, इसका अध्ययन किया जाना चाहिए।

#### वृक्ष को चिन्हित करने का काम शुरू किया है

प्रकोप जैसा तो नहीं है। पूर्व करंजिया रेंज में करीब 4000 साल के पेड़ में बोरर के लक्षण दिखाई दिए हैं। कूप मार्किंग का काम चल रहा है। मंगलवार से प्रभावित साल वृक्ष को चिन्हित करने का काम शुरू किया है। पिछले साल साल बोरर की मार्किंग की गई थी। वर्किंग प्लान में भी इसका उल्लेख किया गया है।

**पुनीत सोनकर, डीएफओ, डिंडोरी**

#### 10-15 प्रतिशत पेड़ साल बोरर प्रभावित मिले

स्थानीय निवासियों के अनुसार, कुछ सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में यह आंकड़ा 50 प्रतिशत तक भी हो सकता है। डिंडोरी का साल का जंगल अनूपपुर में स्थित अमरकंटक से लगा हुआ है। अमरकंटक में भी साल बोरर का प्रकोप पाया गया है। अमरकंटक के शुरूआती सर्वे में 10-15 प्रतिशत पेड़ साल बोरर प्रभावित मिले हैं। 8525 हेक्टेयर के जंगल वाले इस क्षेत्र में लगभग 40 लाख साल के पेड़ हैं। अनुपपुर डीएफओ विपिन पटेल ने बताया कि बोरर से संक्रमित साल के पेड़ों का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने यह स्वीकार किया कि अधिक संख्या में साल के जंगल बोरर संक्रमित दिखाई दे रहे हैं। अभी आकलन करवा रहे हैं।

# भोपाल केंद्रीय जेल में सजायाफ्ता कैदी ने दो विचाराधीन बंदियों पर ब्लेड से किया हमला

- दोनों विचाराधीन बंदी के गाल और गले के पास आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय जेल के मुलाकात कक्ष में बुधवार दोपहर हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी ने दो विचाराधीन बंदियों पर ब्लेड से हमला कर दिया।

घटना की वजह जेल के बाहर की रंजिश बताई जा रही है। आरोपी ने टायलेट की चौखट की पत्ती निकालकर ब्लैड बनाई थी। इसके बाद मुलाकात कक्ष में रिश्तेदारों से फोन पर बात करने पहुंचे विचाराधीन बंदियों पर हमला कर दिया। जेल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने सजायाफ्ता कैदी पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक ऐशबाग थाना क्षेत्र निवासी फरहान खान को मार्च 2025 में बासौदा कोर्ट से हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। सजा सुनाए जाने के बाद वहां से उसे भोपाल की केंद्रीय जेल में शिफ्ट कर दिया। करीब 9 महीने से फरहान खान केंद्रीय जेल भोपाल में सजा काट रहा है। जेल प्रबंधन ने बताया कि बुधवार को मुलाकाती समय में दो विचाराधीन बंदी शुभम पिता भूरा और अरबाज पिता रफीक खान, मुलाकात कक्ष में रिश्तेदारों से बात करने पहुंचे थे। दोनों मुलाकाती कक्ष में फोन पर अपने-अपने रिश्तेदारों से बात कर रहे थे। इसी दौरान सजायाफ्ता कैदी फरहान खान वहां पहुंचा गया और अरबाज सहित शुभम पर जंग लगी ब्लेड से हमला कर दिया। एकाएक हुए हमले और मारपीट से मुलाकात कक्ष में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। वहां मौजूद प्रहरियों ने हमला करने वाले कैदी फरहान खान को दबोच लिया।

#### टॉयलेट की चौखट से बनाया हथियार

जेल अधीक्षक राकेश भांगरे का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच जेल के बाहर की रंजिश चल रही है। मुलाकाती कक्ष में फोन पर बात कर रहे शुभम व अरबाज पर सजायाफ्ता फरहान खान ने लोहे की पत्ती से हमला किया है। आरोपी ने टॉयलेट की चौखट की जंग लगी पत्ती निकालकर ब्लेडनुमा हथियार बना लिया था। गांधी नगर पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

# एमबीए फर्स्ट ईयर के छात्र ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित बैंक कॉलोनी में एमबीए फर्स्ट ईयर के छात्र ने मंगलवार दोपहर जहरीला पदार्थ पी लिया। उसका दोस्त उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा था। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया। पुलिस को छात्र के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। हालांकि आत्महत्या क्यों की इसका कारण सुसाइड नोट नहीं लिखा है। पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सौरभ सोनी गोकुल सोनी (24) मूलतः बीना का रहने वाला था। वह बैंक कॉलोनी अशोका गार्डन में किराए के मकान में रह रहा था। उसने अभी ही एमबीए फर्स्ट ईयर में प्रवेश लिया था। उसका रूम पार्टनर बीना का रहने वाला है। करीब आठ दिन से वह बीना में है। यहां सौरभ सोनी अकेला था। मंगलवार दोपहर सौरभ ने रूम पर कोई जहरीला पदार्थ पी लिया।

#### युवक घर में मिला था बेसुध

मंगलवार दोपहर सौरभ के परिजन उसे लगातार कॉल कर रहे थे, लेकिन उसका कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। परिजन ने भोपाल में रहने वाले उसके एक अन्य दोस्त को घर जाकर देखने का कहा। दोस्त घर पहुंचा तो सौरभ बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। कमरे में उल्टियां पड़ी थी। दोस्त उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां इलाज के दौरान मंगलवार शाम डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अब रात 12 से 5 नहीं होगा फोर्स का मूवमेंट

**भोपाल।** सागर में हादसे में चार पुलिसकर्मियों की मौत के बाद डीजीपी ने संज्ञान लिया है। डीजीपी कैलाश मकवाणा ने पुलिस के लिए गाइडलाइन बनाई है। डीजीपी ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि 12 बजे से सुबह 5 बजे तक फोर्स का मूवमेंट नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही कुछ शर्तों को भी जोड़ा गया है। डीजीपी ने कहा कि रात के दौरान सिर्फ अतिआवश्यक होने पर ही फोर्स का मूवमेंट होगा। इसके अलावा वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान रात में सफर की फोर्स को अनुमति रहेगी। इस आदेश का पालन कराने के लिए अधिकारियों को डीजीपी ने आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुरैना जिले का बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड बालाघाट में ड्यूटी पर तैनात था। पुलिसकर्मी नक्सल विरोधी अभियान में शामिल हुए थे। वहां से वे बीडी-डीएस वाहन में सवार होकर वापस मुरैना लौट रहे थे।

# डिलेवरी एजेंट का रास्ता रोक अड़ीबाजी कर मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




अयोध्या नगर पुलिस ने इंस्टामार्ट डिलेवरी एजेंट का रास्ता रोककर अड़ीबाजी और मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपियों ने शराब के लिए अड़ीबाजी करते हुए डिलेवरी एजेंट से जमकर मारपीट की थी।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि कपिल राजपूत (20) डी सेक्टर, अयोध्या नगर में रहते हैं और इंस्टामार्ट में डिलेवरी एजेंट का काम करते हैं। गत 3 दिसंबर की रात वह काम निपटाने के बाद अपने घर जा रहे थे। सागर कॉलेज वाली सड़क पर रात करीब साढ़े 11 बजे पहुंचे ही थे कि तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। तीनों ने शराब पीने के लिए उनसे अड़ीबाजी की और रुपए मांगे। कपिल ने रुपए नहीं होने की बात कही तो आरोपियों ने उनसे जमकर मारपीट की थी। मारपीट के बाद आरोपी फरार हो गए। कपिल ने घटना की शिकायत तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रास्ता रोकने, अड़ीबाजी और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। इसके साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शुभम मालवीय पिता स्वर्गीय राधेश्याम मालवीय (24) ग्राम झागरिया, सरकारी स्कूल के पास, कटारा हिल्स, राजकुमार नेवारे उर्फ राज पिता अरुण कुमार नेवारे (21) गायत्री नगर, अशोका गार्डन और राजेश पटेल पिता प्रहलाद पटेल (23) गायत्री नगर, शंकर जी के मंदिर वाली गली, अशोका गार्डन को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने रास्ता रोककर, अड़ीबाजी और मारपीट की घटना स्वीकार ली है। आरोपी महज पांचवी छठवीं पास है और ड्राइवरी, पुताई का काम करते हैं। उनके खिलाफ पूर्व में भी मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों से होंडा हार्नेट बाइक भी जब्त की है।

# इंसुलिन का ओवरडोज लेने से महिला की मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गांव बर्रई में बंद मकान में मिली महिला की लाश का पीएम कराने के बाद शव पति को सौंप दिया गया है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई कि महिला की मौत इंसुलिन का ओवरडोज लेने से हुई है। दरअसल, महिला हाई ब्लड प्रेशर और डायबीटीज की मरीज थी। वह इंसुलिन लेती थी। पुलिस ने लाश के पास से इंसुलिन और खाली इंजेक्शन भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गीतांजलि सिंह पति राम सिंह अरिहवार (33) बरखेड़ा पठानी की रहने वाली थी। 9 जून 2018 ने उसने राम सिंह अहिरवार से प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। इंटरकास्ट शादी होने के कारण परिजन ने उससे मतलब रखना बंद कर दिया था। गीतांजलि ने प्राइवेट जॉब करती थी और पति से विवाद होने के कारण करीब 9 महीने से पति से अलग रही थी। गीतांजलि घर में एक छात्र को ट्यूशन भी पढ़ाती थी। बच्चा सोमवार से उनके घर ट्यूशन जा रहा था, लेकिन गीतांजलि कमरे का दरवाजा नहीं खोल रही थी। उसने आसपास के लोगों को सूचना दी। आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा लोहे का था और टूट नहीं रहा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा गैस कटर से कटवाया।

#### ओवरडोज से मौत की आशंका

एफएसएल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। गीतांजलि के शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। गीतांजलि की लाश के पास से पुलिस को दवाई का पर्चा और इंसुलिन सहित सीरींज लगा हुआ खाली इंजेक्शन मिला। पर्चे के अनुसार गीतांजलि बीपी हाई और डायबटीज की मरीज था। एफएसएल में पहुंचे डॉक्टर का कहना है कि गीतांजलि ने इंसुलिन का ओवर डोज लिया है। घबराहट होने के कारण उसने शरीर से कपड़े उतार दिए। बीपी हाई होने के कारण उसे हार्ट अटैक आया है। हालांकि पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

### सचिव राज्य निर्वाचन आयोग ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

# नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए वोटिंग 29 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की तैयारियों की वीसी के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय पर पूरी करें। सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं पार्षद का चुनाव दलीय आधार पर होते हैं, अतः राजनैतिक दलों को सभी जानकारी उपलब्ध कराएं। स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित करें। निर्वाचन संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारियों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो।

उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएं। नाम निर्देशन पत्र शनिवार को भी लिए जाएं। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करें। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 29 दिसम्बर 2025 को होगा।

उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर 2025 से शुरू हो चुका है। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी।

पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ईव्हीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को सुबह 10.30 बजे से की जाएगी।

#### 2 अध्यक्ष और 8 पार्षदों का होगा उप निर्वाचन

जिला सीधी के नगरपरिषद मझौली और रीवा जिले के सेमरिया के अध्यक्ष और विभिन्न नगरीय निकायों में 8 पार्षदों के लिये उप निर्वाचन होगा। नगरपालिक निगम सिंगरौली के वार्ड 34, नगर पालिका परिषद मण्डला के वार्ड 8, नगर पालिका परिषद लहार के वार्ड 5 और नगर परिषद के वार्ड 4, मेहगांव के वार्ड 5, आलमपुर के वार्ड 13, सतवास के वार्ड 9 और पानसेमल के वार्ड 2 में पार्षद पद के लिए उप निर्वाचन होगा।

#### जिला पंचायत के 4, जनपद पंचायत के 14 और सरपंच के 67 पदों के लिए होगा निर्वाचन

पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिला पंचायत सदस्य के 4, जनपद पंचायत सदस्य के 14, सरपंच के 67 और 3872 पंच पद के लिए निर्वाचन होगा। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी एवं सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए।

# भोपाल-राजगढ़ के पार्वती नदी के कच्चे रास्ते से भारी वाहन निकालने पर रोक

**भोपाल।** भोपाल-राजगढ़ सीमा पर रुनाहा स्थित 11 महीने पहले करीब 50 साल पुराना ब्रिज धंस गया था। कई दिन वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रही। सुरक्षा के लिहाज से ब्रिज के दोनों ओर 4 फीट दीवारें उठा दी गई। वहीं, कुछ दूर नदी के स्टॉपडैम में ही मुर्रम-गिट्टी बिछाकर 100 मीटर लंबा एक वैकल्पिक रास्ता बनाया। इसके बाद बड़ी गाड़ियां गुजरने लगीं। अब इस रास्ते से भारी वाहन निकलने से हादसे का खतरा बढ़ गया है। जिसको देखते हुए बुधवार को एडीम अंकुर मेश्राम ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर वाहनों के गुजरने पर रोक लगा दी है। बैरसिया से नरसिंहगढ़ रोड पर स्थित पार्वती नदी के नए पुल के निर्माण तक यह रोक रहेगी।

एडीएम के आदेश में कहा गया है कि बैरसिया से नरसिंहगढ़ मार्ग स्थित पार्वती पुल के क्षतिग्रस्त होने से स्टॉपडैम के पास कच्चा वैकल्पिक रास्ते का निर्माण किया गया था। जिसके ऊपर से भारी वाहनों के निकलने से यह मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो सकता है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930